वर्ष 72 अंक 337 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 04 सितंबर, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

मैं शेर के नेतृत्व वाली शेरों की सेना से नहीं डरता, मैं शेर के नेतृत्व में भेड़ों की सेना से डरता हूं।
-सिकंदर

भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA
सत्यमेव जयते

## राष्ट्र को ऐतिहासिक दिवाली उपहार

# नेक्स्ट–जेन जी.एस.टी. रिफॉर्म्स

### जीवनयापन को आसान बनाने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए

किसानों से लेकर उद्यमों तक, घरों से लेकर व्यवसायों तक,
नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टी. सभी के लिए खुशियाँ लाया

### रोजमर्रा की जरूरतों पर बड़ी बचत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| हेयर आयल, शैम्पू, टूथपेस्ट, टायलेट सोप बार, टूथ ब्रश, शेविंग क्रीम | 18% | 5% |
| बटर, घी, चीज़, डेयरी स्प्रेड् | 12% | 5% |
| प्री–पैकेज्ड नमकीन, भुजिया और मिक्सचर | 12% | 5% |
| बर्तन | 12% | 5% |
| फीडिंग बोतलें, नवशिशुओं के नैपकिन्स और क्लिनिकल डायपर | 12% | 5% |
| सिलाई मशीन और उसके पार्ट्स | 12% | 5% |

### कृषि एवं किसानों को लाभ

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| ट्रैक्टर टायर और पुर्जे | 18% | 5% |
| ट्रैक्टर | 12% | 5% |
| निर्दिष्ट जैव–कीटनाशक, सूक्ष्म पोषक तत्व | 12% | 5% |
| ड्रिप सिंचाई प्रणाली और स्प्रिंक्लर | 12% | 5% |
| कृषि, बागवानी या वानिकी मिट्टी तैयार करने, खेती, कटाई और थ्रेसिंग के लिए मशीनें | 12% | 5% |

### स्वास्थ्य सेवाओं में राहत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा | 18% | शून्य |
| थर्मामीटर | 18% | 5% |
| मेडिकल ग्रेड ऑक्सीजन | 12% | 5% |
| सभी डायग्नोस्टिक किट और रीजेंट्स | 12% | 5% |
| ग्लूकोमीटर और टेस्ट स्ट्रिप | 12% | 5% |
| नजर का चश्मा | 12% | 5% |

### वाहनों की दरों में राहत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| पेट्रोल और पेट्रोल हाइब्रिड, एल.पी.जी., सी.एन.जी. कारें (1200सीसी और 4000एमएम से अधिक न हो) | 28% | 18% |
| डीजल और डीजल हाइब्रिड कारें (1500सीसी और 4000एमएम से अधिक न हो) | 28% | 18% |
| तिपहिया वाहन | 28% | 18% |
| मोटर साइकिल (350 सीसी या उससे कम) | 28% | 18% |
| माल के परिवहन के लिए मोटर वाहन | 28% | 18% |

### सुलभ शिक्षा

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| मानचित्र, चार्ट्स और ग्लोब | 12% | शून्य |
| पेन्सिल, शार्पनर, क्रेयॉन्स और पेस्टल्स | 12% | शून्य |
| अभ्यास बुक और नोटबुक | 12% | शून्य |
| इरेज़र | 5% | शून्य |

### इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों में बचत

| सामान | पिछली दरें | नयी दरें |
|---|---|---|
| एयर कंडीशनर | 28% | 18% |
| टेलीविजन (32" से बड़े) (एल.ई.डी. और एल.सी.डी. टीवी सहित) | 28% | 18% |
| मॉनिटर और प्रोजेक्टर | 28% | 18% |
| डिश–वाशिंग मशीन | 28% | 18% |

### प्रक्रिया में सुधार

**पंजीकरण**

निम्नलिखित आवद्को के लिए 3 कार्य दिवसों के भीतर स्वचालित पंजीकरण :-
- डेटा विश्लेषण के आधार पर सिस्टम द्वारा पहचान की गई
- जो यह निर्धारित करता है कि वह प्रति माह ₹2.5 लाख से अधिक का इनपुट टैक्स क्रेडिट पास नहीं करेगा और योजना का विकल्प चुनता है

**रिफंड**

सिस्टम आधारित जोखिम मूल्यांकन के माध्यम से उचित अधिकारी द्वारा अस्थायी रिफंड की मंजूरी :-
- शून्य रेटेड आपूर्ति के लिए
- इनवर्टेड शुल्क संरचना के साथ आपूर्ति के लिए



"इस दीपावली आप सभी देशवासियों के लिए नेक्स्ट–जेन जी.एस.टी. रिफॉर्म्स उपहार स्वरुप लायी गयी है। सामान्य जन के लिए करों में भारी कमी की गयी है। हमारे एमएसएमई, लघु उद्यमियों को इसका बहुत बड़ा लाभ मिलेगा। रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएगी और अर्थव्यवस्था को नयी गति मिलेगी।"

श्री नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

**नेक्स्ट जेनरेशन का जी.एस.टी. – बेहतर और सरल!**

कृपया विस्तृत जानकारी के लिए सीबीआईसी की वेबसाइट 'www.cbic.gov.in' पर जाएँ।

CBC 15502/13/0006/2526

@cbic_india @cbicindia @CBICINDIA @cbicindia @CBICIndia www.cbic.gov.in

# ग्रामोदय का दीक्षांत समारोह 11 अक्टूबर को



**जागरण, सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न वरिष्ठ अधिकारियों की मासिक बैठक में मंगलवार को नियमित दूरवर्ती एवं सीएमसीएलडीपी पाठ्यक्रमों के परीक्षा परिणाम की समीक्षा के साथ आगामी दीक्षांत समारोह के तैयारी पर विस्तृत चर्चा हुई। दीक्षांत समारोह संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के जन्म दिवस11 अक्टूबर को विश्वविद्यालय परिसर में संपन्न होगा। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कुल सचिव प्रो आर सी त्रिपाठी द्वारा प्रस्तुत दीक्षांत समारोह आयोजन के लिए विभिन्न व्यवस्था समितियां के प्रस्ताव को कतिपय संशोधन के साथ अनुमोदन प्रदान किया। साथ ही निर्देशित किया कि इस मौके पर किसान भवन के प्रथम तल के उद्घाटन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय अब नेक बैंगलोर से ए डबल प्लस एवं यूजीसी दिल्ली से श्रेणी एक की स्वायत्तता प्राप्त विश्वविद्यालय है। कुलगुरु प्रो मिश्रा ने 26 एवं 27 सितंबर को आयोजित भारतीय ज्ञान परंपरा एवं सतत पर्यावरण विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी के तैयारी की भी समीक्षा की। कुलसचिव प्रो आर सी त्रिपाठी ने गत माह संपन्न बैठक में हुए निर्णय का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि दूरवर्ती माध्यम और नियमित रूप से संचालित स्नातक परास्नातक पी जी डिप्लोमा डिप्लोमा सर्टिफिकेट स्तर के पाठ्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। बैठक में अधिष्ठाता विभागाध्यक्ष निदेशक अध्यक्ष प्रवेश समिति प्रभारी आईसीटी कुलानुशासक अधिष्ठाता छात्र कल्याण परीक्षा नियंत्रक लेखा नियंत्रक उप कुल सचिव प्रभारी कंप्यूटर सेंटर क्रय अधिकारी छात्रावास अधीक्षक पुरुष महिला समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्राचार्य दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र मुख्य सुरक्षा अधिकारी जनसंपर्क अधिकारी प्रभारी यांत्रिक इकाई प्रभारी कार्यशाला समन्वयक आइटीईपी कार्यक्रम और आईटीसी प्रोग्रामर कुलसचिव के निजी सहायक आदि मौजूद रहे।

# रामा कृष्णा कॉलेज करही में 14 दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम प्रारंभ



**सतना।** श्री रामा कृष्णा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग साइंस एंड मैनेजमेंट करही सतना में 14 दिवसीय इंडक्शन कार्यक्रम 02 सितम्बर को पॉलीटेक्निक बी टेक एवं मैनेजमेंट के छात्र छात्राओं के लिए प्रारंभ किया गया है जिसका समापन 13 सितम्बर को होगा। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा ही राष्ट्र की असली शक्ति हैं उन्होंने कहा तकनीकी शिक्षा के साथ नैतिक मूल्य और सामाजिक जिम्मेदारी समाज को नई दिशा दे सकती है। छात्रों को अपने अध्ययन कार्य के दौरान अनुशासन और नवाचार पर ध्यान देने की सलाह दी है। उन्होंने इंजीनियरिंग को समस्या समाधान का माध्यम बताया तथा ग्रामीण विकास तकनीकी योगदान पर जोर दिया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन शम्मी पुरी श्री रामा कृष्णा ग्रुप डायरेक्टर शाश्वत पुरी ने छात्र छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम में टेक्निकल विंग डायरेक्टर डॉ अग्निवेश अग्निहोत्री एकेडमिक डायरेक्टर सुश्री शुभी खरे फर्स्ट ईयर डीन अभय मिश्रा हायर सेमेस्टर डीन दीपेश निगम फार्मेसी डीन डॉ अमित पाण्डेय समस्त विभागाध्यक्ष स्टाफ मेंबर्स एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# नगर के विभिन्न जगहों पर चालानी कारवाही कर जब्त की अमानक पालीथिन



**जागरण, सतना।** 3 सितम्बर को स्वास्थ्य अधिकारी ए पी सिंह के आदेशानुसार नगर निगम की स्वच्छता टीम एवं सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट की टीम द्वारा सिंधी कैंप मीट मार्केट पर चालानी कार्यवाही की गयी जिसमे 4 किलो पॉलीथिन जप्त की गयी और मुल्लाजी हेदर पर 5 सौ संजू 5सौ दिनेश कुमार दो सौ पचास टोटल 1250 रुपये का जुर्माना किया गया तथा व्यपारियों को समझाया गया की कचरा यहाँ वहा नहीं फेकते हुए सिर्फ कचरा गाड़ी मे डालें और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग ना करें उक्त कार्यवाही मे वार्ड दरोगा हरभजन सिंह उप स्वास्थ्य पर्यवेक्षक राम नरेश सिंह उर्मिला उषा एवं समस्त स्वास्थ्य टीम के साथ सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से निखिल जाधव विशाल अग्निहोत्री और विनय डोहर उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने रैगांव और कोठी क्षेत्र का भ्रमण कर लिया निर्माण कार्यों का जायजा



**जागरण, सतना।** कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस बुधवार को रैगांव क्षेत्र के भ्रमण पर रहे। इस दौरान सोहावल जनपद के रैगांव में नव निर्मित उप तहसील भवन का निरीक्षण सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने रैगांव के आरोग्य केन्द्र नव निर्मित अस्पताल भवन निर्माणाधीन सीएम राइज विद्यालय भवन तथा नगर पंचायत कोठी में चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर कार्य को गुणवत्तापूर्वक समय-सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। नगर परिषद कोठी के क्षेत्र भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने सिंचाई विभाग के पुराने जर्जर भवनों का अवलोकन किया। बताया गया कि यह जमीन अब नगर परिषद कोठी को स्थानांतरित हो गई है। कलेक्टर ने क्षतिग्रस्त जर्जर भवन के डिसमेंटल की कार्यवाही कर भूमि का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कोठी के स्थानांतरित हो चुके आदिवासी छात्रावास के रिक्त भवन का भी अवलोकन किया। उन्होंने वहां रह रहे परिवार को उनके नव निर्मित प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कोठी में सतना-चित्रकूट मार्ग पर रेस्ट हाउस निर्माण के लिए जमीन भी चिन्हित करने के निर्देश तहसीलदार सौरभ द्विवेदी को दिये। कोठी में सोनी ट्रेडर्स द्वारा अधिक कीमत पर खाद किसानों को बेचने की शिकायत मिलने पर कलेक्टर ने एसडीएम को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। एसडीएम एलआर जांगडे ने प्राथमिक जांच के बाद सोनी ट्रेडर्स उर्वरक की दुकान को मौके पर सीज कराया। इस अवसर पर एसडीएम एलआर जांगडे तहसीलदार सौरभ द्विवेदी सीईओ जनपद पंचायत सोहावल प्रतिपाल बागरी सहित विभाग प्रमुख अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में सर्टिफिकेट प्रोग्राम



**जागरण, सतना।** एकेएस यूनिवर्सिटी के राजीव गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ फार्मेसी में दीक्षारंभ कार्यक्रम 2025 के तहत नवप्रवेशित विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्वागत विशेष श्रृंखला में किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 सितंबर को आयोजित सर्टिफिकेट प्रोग्राम 2025 विद्यार्थियों को फार्मेसी जगत की समग्र समझ और भविष्य की संभावनाओं से जोड़ने में एक मील का पत्थर सिद्ध हुआ।संस्थान के प्रोफेसर एवं निदेशक डॉ सूर्य प्रकाश गुप्ता ने बताया कि दीक्षारंभ कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय विभाग और शिक्षा प्रणाली से परिचित कराने के साथ-साथ फार्मेसी शिक्षा की सामाजिक प्रासंगिकता उद्योग की वर्तमान मांग और भविष्य की दिशा से अवगत कराना है। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त फार्मेसी करियर विशेषज्ञ डॉ महेश बुरांडे ने स्कोप एंड पोटेंशियल आफ्टर फार्मेसी गैलेक्सी ऑफ जॉब ऑपच्युनिटीज एंड कैरियर विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि फार्मेसी केवल औषधि निर्माण तक सीमित नहीं है बल्कि क्लिनिकल रिसर्च रेग्युलेटरी अफेयर्स फार्माकोविजिलेंस मेडिकल राइटिंग हेल्थकेयर डेटा एनालिटिक्स जैसे उभरते क्षेत्रों में भी असीम अवसर मौजूद हैं। बी फार्मा की एक छात्रा ने कहा हमें यह जानकर बेहद खुशी हुई कि फार्मेसी केवल दवाओं के उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि रिसर्च और डेटा एनालिटिक्स जैसे आधुनिक क्षेत्रों में भी करियर के अवसर हैं। वहीं एक छात्र ने अनुभव साझा करते हुए कहा इंडक्शन के दौरान ग्लोबल स्कोप की जानकारी ने हमारे आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया है। बुरांडे का सत्र सुनना हमारे लिए सौभाग्यपूर्ण रहा। यह आयोजन फैकल्टी ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में संपन्न हुआ और इसे दीक्षारंभ कार्यक्रम का विशेष आकर्षण माना गया।

## बरबटी छात्रावास की प्रभारी अधीक्षिका एवं शिक्षक निलंबित

**मंडला।** आदिवासी कन्या सीनियर छात्रावास बरबटी में छात्रा के साथ छेड़छाड़ तथा कर्तव्यों में लापरवाही के कारण छात्रावास की प्रभारी अधीक्षिका तथा एक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छात्रा से छेड़छाड़, छात्राओं की उचित देखभाल न करना, पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही तथा कारण बताओ नोटिस का 24 घण्टे में प्रतिउत्तर प्रस्तुत नहीं करना दण्डनीय कृत्य है। शिक्षक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर जिला जेल भेजा गया है। जिला प्रशासन द्वारा तत्काल प्रभाव से माध्यमिक शिक्षक मनोज चक्रवर्ती को निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मवई निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार प्राथमिक शिक्षक (प्रभारी अधीक्षिका) श्रीमती तारा बरकड़े को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, उदासीनता बरतने, कारण बताओ नोटिस का जवाब संतोषप्रद व समाधानकारक न होने के कारण तथा अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन काल में इनका मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहगांव निर्धारित किया गया है।

## 2 साल बाद जिन्दा रामविशाल खुद को जिन्दा साबित कर पाया



**डिंडौरी।** कभी-कभी तकनीकी त्रुटियां किसी व्यक्ति के जीवन में बड़ी मुश्किलें खड़ी कर देती हैं। ऐसा ही हुआ जिले के विकासखंड डिंडौरी के ग्राम डांडबिछिया निवासी रामविशाल के साथ। लगभग दो वर्ष पूर्व उनके आधार कार्ड को मृत स्थिति दर्शाते हुए डिएक्टिवेट कर दिया गया था, जबकि रामविशाल जीवित थे। इस अनचाही ग़लती के कारण उन्हें शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था, क्योंकि केवाईसी पूरी न होने के कारण सभी लाभ उनसे वंचित हो रहे थे।यह मामला जब डिंडौरी कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के संज्ञान में आया, तो उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल पहल की। कलेक्टर ने स्वयं भोपाल स्थित यूआईडीएआई (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) के अधिकारियों से संपर्क साधा और समस्या के समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए। उनकी सतत लगन और अथक प्रयासों का परिणाम यह रहा कि आज 02 सितंबर 2025 को रामविशाल का आधार कार्ड पुनः सक्रिय कर उन्हें सौंप दिया गया।आधार कार्ड पाकर रामविशाल का चेहरा खिल उठा। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि अब वे शासन की समस्त योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे, जिससे उनके परिवार को बड़ी राहत मिलेगी।जिला प्रशासन की इस तत्परता ने न केवल रामविशाल को राहत दी, बल्कि यह भी साबित किया कि जब प्रशासनिक इच्छाशक्ति और जनहित के प्रति संवेदनशीलता जुड़ जाती है तो असंभव दिखने वाले कार्य भी संभव हो जाते हैं।

## गोंडवाना गुरूदादा दुर्गेभगत जगत का मंडला आगमन



**मंडला।** बुधवार को गोंडवाना गुरूदादा परम श्रद्धेय दुर्गेभगत जगत का अल्प समय के लिए मंडला आगमन हुआ। इस दौरान उन्होंने महिष्मति घाट के समीप सर्किट हाउस के सामने स्थित वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दोपहर लगभग 12:30 बजे पहुंचे दुर्गेभगत जगत छिंदवाड़ा में आयोजित दो दिवसीय सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने दल-बल के साथ मंडला से रवाना हुए।मीडिया से चर्चा करते हुए गोंडवाना गुरुदादा ने कहा कि हम प्रकृति के उपासक हैं और आदिवासी समाज की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज बुलंद कर रहे हैं। प्रदेश में आदिवासियों पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने जिला प्रशासन को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि रानी दुर्गावती के गढ़ मंडला में उनके नाम से एक भी पार्क नहीं है। जो प्रतिमा स्थल के पास बनाया गया पार्क है, वह रेवांचल पार्क के नाम से दर्ज है, जो कि ऐतिहासिक दृष्टि से अनुचित है। उन्होंने मांग की कि वीरांगना रानी दुर्गावती के सम्मान में उनके नाम से पार्क का नामकरण होना चाहिए।

# केजेएस सीमेन्ट में सात दिन रही गणपति उत्सव की धूम

## चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने पूजन में भाग लिया



**जागरण, सतना।** केजेएस सीमेन्ट राजनगर में विगत सप्ताह श्री गणेश पूजन समारोह की धूम रही । केजेएस के आवासीय परिसर एवं फैक्ट्री परिसर दोनों जगह गणेश जी का पंडाल सजाया गया। रोजाना प आरती हवन-पूजन से दोनों पूजा पंडालों में कार्यक्रम की शुरुआत होती जिसका समापन सायंकालीन आरती और भजन संध्या के साथ होता। केजेएस सीमेन्ट के चेयरमैन पवन अहलूवालिया ने गणेश चतुर्थी के दिन दोनों पंडालों में पूजन किया। आवासीय परिसर में सजे गणेश पंडाल में व्यवस्था की जिम्मेदारी एचआर विभाग की थी जबकि फैक्ट्री परिसर में श्रमिक यूनियन की देखरेख में पूजन हुआ।

मानव संसाधन व प्रशासन विभाग के प्रमुख विकास रायजादा के निर्देशन में इस बार गणपति उत्सव में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात कवि सुमित ओरछा ने भाग लिया। शिवानी झा एवं सुरेन्द्र झा के नेतृत्व में भजन मंडली ललितपुर से आई थी। उन्होंने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया । मंच संचालन नवनीत ओझा ने किया। रोजाना शाम को होने वाले बच्चों के खेल महिला मंडल एवं पुरुष मंडल की भजन स्पर्धा व नृत्य स्पर्धा आदि के आयोजन की जिम्मेदारी एचआर मैनेजर सतीश दुबे अनिल उपाध्याय डा टीएस बघेल शालू तिवारी एवं अदिति तिवारी ने निभाई। फैक्ट्री परिसर में पूजन की व्यवस्था भास्कर गौतम की देखरेख में हुई जिसमें श्रमिक यूनियन के नेतागण पुष्पेंद्र सिंह नीलेश्वर गुप्ता रणजीत सिंह सुनील कुशवाहा दिलीप सिंह एवं संदीप सिंह आदि का योगदान रहा। मंगलवार को गणपति की विदाई हुई और टमस नदी में दोनों प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। नाचते-गाते कंपनी के कर्मचारियों ने गणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया।

# उत्कृष्ट विद्यालय वेंकट क्रमांक 1 के बालक एवं बालिका छात्रावास का हुआ शुभारंभ



**जागरण, सतना।** जिला के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेंकट क्रमांक 1 के बालक एवं बालिका छात्रावास का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री कमलेश सिंह बघेल के अथक प्रयासों से हुआ श्री बघेल जब से विद्यालय में पदभार ग्रहण किए हैं तभी से छात्रावास की शुरुआत के लिए विभिन्न सुविधाओं के लिए आवश्यक कदम उठाए जैसे पानी की व्यवस्था सुदृढ़ कराई जिसके परिणाम स्वरुप बालक एवं बालिका छात्रावास विधिवत संचालित हो गए। बालक छात्रावास के अधीक्षक नंदकिशोर पाठक एवं कन्या छात्रावास की वार्डन डॉक्टर संध्या सरा? है दोनों ही छात्रावास सभी वर्ग के बालक एवं बालिकाओं के लिए संचालित किए गए हैं जिसमें बालको एवं बालिकाओं का चयन मेरिट एवं निवास स्थान की दूरी के आधार पर किया गया है इसमें आवास एवं भोजन की व्यवस्था पूर्णता निशुल्क है बालक एवं बालिका छात्रावास का निरीक्षण विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री आयुषी अग्रवाल एवं प्राचार्य घनश्याम मिश्रा द्वारा किया गया जिसमें सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं बेहतर बनाने के सुझाव दिए गए।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उर्वरक उपलब्धता के संबंध में की समीक्षा

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न जिलों में उर्वरक उपलब्धता एवं मांग व आपूर्ति मुताबिक खाद वितरण की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर अधिकारियों को सत्त आपूर्ति सुनिश्चित कराने निर्देश दिए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और किसान संघ के अध्यक्ष से भी चर्चा व संवाद कर व्यवस्था में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संबंधित अधिकारी नियमित रूप से खाद उपलब्धता एवं वितरण की मॉनिटरिंग कर सुचारू रूप से किसानों को खाद का वितरण कराएं। साथ ही विभिन्न माध्यमों से कृषकों को सुलभ खाद की आपूर्ति एवं वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी भी प्रदान की जाए। निरंतर रूप से किसानों से संवाद स्थापित कर कृषि संबंधी विभिन्न आवश्यकताओं और दिक्कतों का निराकरण भी किया जाए। इस अवसर पर समस्त जिला कलेक्टर्स को बेहतर तंत्र विकसित कर सामूहिक रूप से किसान हित संबंधी प्रयास के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने फसल बीमा, नरवाई प्रबंधन तथा अन्य कृषक हितैषी योजनाओं के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी व्हीसी कक्ष में विधायक गुनौर डॉ. राजेश वर्मा सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर अनिल तलैया, उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन एवं अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# जिला संयोजक जनजातीय कार्य को कारण बताओ नोटिस

## कलेक्टर मैहर ने समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा कर दिये कार्यवाही के निर्देश



**जागरण, सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि अक्टूबर माह में रीवा में संभागीय स्तर पर रोजगार मेले का आयोजन संभावित है। मैहर जिले में सितम्बर माह में ब्लाक स्तरीय और जिला स्तरीय मेला आयोजित कर संभागीय रोजगार मेले की सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर लें। बुधवार को समय-सीमा प्रकरणों की बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन धरती आबा उत्कर्ष अभियान समग्र के-वायसी, जन आकांक्षा पोर्टल पर संधारित टीएल पत्रक एवं अंतरविभागीय समन्वय के बिंदुओं पर समीक्षा की। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह एसडीएम अमरपाटन डॉ आरती सिंह रामनगर एसपी मिश्रा कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह आरईएस लाजरूस केरकेट्टा पीएचई श्वेतांक चौरसिया माइनिंग आफीसर सतीश मिश्रा जिला शिक्षा अधिकारी कंचन श्रीवास्तव, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एलके तिवारी सीईओ जनपद एमएल प्रजापति वेदमणि मिश्रा अशोक मिश्रा सीएमओ मैहर सुषमा मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

### अगस्त माह की लंबित हैं 5705 शिकायतें

सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में अगस्त माह की कुल 5705 शिकायतें लंबित है। अभी जिले के 6-7 विभाग ही ए श्रेणी में है। सभी विभाग 15 तारीख के पहले ए श्रेणी में पहुंचने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कोई भी शिकायत नाट-अटेण्ड नहीं रहनी चाहिए। नाट-अटेण्ड शिकायत का निराकरण हर हालत में संतुष्टिपूर्ण तरीके से करें। पंचायत और ग्रामीण विकास की शिकायतों के निराकरण में संतुष्टिपूर्ण निराकरण की स्थिति अत्यंत खराब है इसे सुधारे। धरती आबा अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने जिला संयोजक जनजातीय कार्य डॉ अरूण शुक्ला की अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला संयोजक को धरती आबा अभियान की जानकारी तीनों ब्लाक से संकलित कर प्रजेन्टेशन प्रस्तुत किया जाना था। लेकिन इन्होंने अपने स्थान पर कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 अजय सोनी को बैठक के लिए भेजा था। दो सप्ताह में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर कलेक्टर ने संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में स्वीकृत आवासों की जानकारी सीएमओ नगरीय निकाय से ली। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राही को ही आवास स्वीकृत किया जाये।

# मुख्यमंत्री यूरिया खाद संकट का समाधान करायें : सुरेंद्र शर्मा



**जागरण, सतना।** जदयू नेता और अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि वर्तमान में यूरिया खाद संकट और अव्यवस्थाओं से जूझ रहे किसानों के सामने गंभीर समस्या है जिसके चलते समूचा किसान राज्य हो या जिला स्तर पर लंबी-लंबी कतारों में सारे काम छोड़कर बड़ी आशाओं के साथ खड़े है इसके बाद भी जब परिणाम अनुकूल ना मिले तो आक्रोश स्वाभाविक? है इस विषय पर राज्य के मुखिया और संबंधित विभागों को खाद परिवहन और पारदर्शी वितरण व्यवस्था को सुनिश्चित करना चाहिए और समय से प्रशासनिक स्तर पर टोकन की भी व्यवस्था की जानी चाहिए जिससे किसान इधर-उधर भटकाव के मार्ग से बच सके । श्री शर्मा ने कहा कि ऐसी समस्याएं जब हर वर्ष आती है तो इसके लिए मांग और आपूर्ति का ध्यान रखते हुए व्यवस्था बनाई जानी चाहिए जिससे किसानों को आशा और निराशा के बीच सफर तय न करना पड़े राज्य के मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि वह खाद संकट का शीघ्र समाधान करायें और किसानों को राहत प्रदान करायें।


## नाम सुधार सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मनीष हिमांशु (manish himanshu)पिता श्री रामनाथ सिंह निवासी उत्तरी पतेरी तहसील रघुराजनगर जिला सतना मध्य प्रदेश मेरे पुत्र ASTITVA HIMANSHU के शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम भूल बस ASTITVA HEMANSHU दर्ज हो गया है जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र के अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का सही नाम ASTITVA HIMANSHU दर्ज है अत: आज दिनांक से मेरे पुत्र का सही नाम ASTITVA HIMANSHU दर्ज किया जाए।



## नागपुर के प्रख्यात कैंसर विशेषज्ञ डॉ भास्कर सिंह 06 सितंबर शनिवार को रीवा मेंह्य



**रीवा ।** HCG कैंसर हॉस्पिटल नागपुर के प्रख्यात कैंसर सर्जन एवं कैंसर रोग सुपर स्पेशलिस्ट डॉ भास्कर सिंह MBBS, MS, FMAS, DNB (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी) कंसल्टेंट सर्जन के द्वारा दिनांक 06 सितंबर शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक, कामता मल्टीस्पेशलिटी क्लीनिक/डाइग्नोस्टिक×विजन हार्ट सेंटर A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा (कामता मेडिकल) में, कैंसर से सम्बंधित बीमारियां जैसे स्तन कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर, मुँह का कैंसर, स्वांस की नली का कैंसर, खाने की नली का कैंसर, अग्नाशय का कैसर, पित्त की थैली (गालब्लैडर) का कैंसर, किडनी का कैंसर, पेशाब की थैली का कैंसर, छोटी बड़ी आँत का कैंसर, आमाशय का कैंसर, थायराइड कैंसर, मांसपेशियों का कैंसर, व अन्य सभी प्रकार के कैंसर का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा। ओपीडी में आये हुए समस्त मरीजों हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निःशुल्क आयुष्मान योजना, स्वास्थ बीमा लाभ योजना एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार के कर्मचारियों हेतु संचालित स्वास्थ्य लाभ योजना का भी नियम व शर्तों के साथ सुबिधा उपलब्ध है, डॉ भास्कर विगत पाँच वर्षों से नियमित प्रत्येक माह में दूसरे एवं चौथे शनिवार को रीवा में OPD हेतु उपलब्ध रहते हैं। OPD हेतु पंजीयन प्रारम्भ है, अधिक जानकारी, पंजीयन व परामर्श हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

वर्ष 72 ▸ अंक 337 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 04 सितंबर, 2025
भाद्रपद शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए ■ ■

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार
# दैनिक जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

जिस व्यक्ति ने अपनी सभी इच्छाएं पूरी कर ली हैं, वह शांति और व्यवस्था का सबसे बड़ा समर्थक होता है।
–जवाहरलाल नेहरू

# जीएसटी 2.0: अब सिर्फ दो स्लैब, सस्ते होंगे जूते-कपड़े

## मध्यम वर्ग और उद्योग जगत को बड़ी राहत, रिटर्न भरना भी होगा आसान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश की कर व्यवस्था में सबसे बड़े सुधार की दिशा में जीएसटी काउंसिल ने बुधवार को ऐतिहासिक कदम उठाया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई 56वीं बैठक में मौजूदा चार स्लैब (5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी और 28 फीसदी) को घटाकर केवल दो स्लैब, 5 फीसदी और 18 फीसदी, करने पर सहमति बनी। इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं की जेब और उद्योग जगत की मजबूती पर पड़ेगा।

बैठक से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, 2,500 रुपये तक की कीमत वाले जूते और परिधान अब सिर्फ 5 फीसदी जीएसटी में आएंगे। पहले यह छूट केवल 1,000 रुपये तक की वस्तुओं पर थी। अब मध्यम वर्ग को रोजमर्रा की खरीदारी में राहत मिलेगी और परिधान-फुटवियर उद्योग को भी बढ़ावा मिलेगा। 12 और 28 फीसदी के स्लैब खत्म होने से रोजमर्रा की वस्तुएं और घरेलू उपकरण 8-10 फीसदी तक सस्ते हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, 43 इंच का स्मार्ट टीवी 3-4 हजार रुपये तक सस्ता हो सकता है।

बैठक में एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए बड़ी राहत का ऐलान हुआ। अब किसी नए कारोबार को सिर्फ 3 दिन में जीएसटी रजिस्ट्रेशन मिलेगा, जबकि पहले इसमें औसतन 30 दिन लगते थे। इससे कारोबार शुरू करना आसान होगा और 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' में भारत की रैंकिंग बेहतर होने की उम्मीद है। निर्यातकों के लिए भी खुशखबरी है। जीएसटी रिफंड प्रक्रिया अब पूरी तरह ऑटोमेटेड होगी। इससे उन्हें समय पर भुगतान मिलेगा और नकदी की समस्या घटेगी। कपड़ा, रसायन, उर्वरक और फार्मा जैसे सेक्टरों के लिए 7 दिन में रिफंड देने का प्रावधान किया गया है। यदि अगले महीनों में केवल दो टैक्स स्लैब लागू हो जाते हैं, तो यह जीएसटी का अब तक का सबसे बड़ा ढांचा सुधार होगा। अब काउंसिल को राज्यों के साथ सहमति बनानी होगी। एक ओर सरकार खपत और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए टैक्स कटौती करना चाहती है, दूसरी ओर राजस्व घाटे को संतुलित रखना भी चुनौती है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### 12 फीसदी और 28 फीसदी वाले स्लैब होंगे खत्म

12 फीसदी वाले उत्पाद, जैसे मक्खन, फलों के रस और सूखे मेवे, अब 5 फीसदी में आ सकते हैं।
28 फीसदी वाले लगभग 90 फीसदी सामान (जैसे टीवी, एसी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन) को 18 फीसदी पर लाने की योजना है।




### लक्जरी और 'सिन गुड्स' पर सख्ती

सरकार ने साफ किया कि महंगी गाड़ियां, शराब और तंबाकू जैसे 'सिन गुड्स' पर ऊंचा टैक्स जारी रहेगा। इन पर अभी का कंपनसेशन सेस हटाकर 'हेल्थ और ग्रीन एनर्जी सेस' लगाया जाएगा। इसका मकसद है सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना।

### राजस्व पर असर और राज्यों की चिंता

टैक्स स्लैब में कटौती से केंद्र को लगभग 50,000 करोड़ का राजस्व नुकसान संभव है। कई गैर-भाजपा शासित राज्यों ने चिंता जताई है। झारखंड के वित्त मंत्री ने आशंका जताई कि उनके राज्य को 2,000 करोड़ का घाटा होगा। विपक्षी राज्यों ने इस घाटे की भरपाई की मांग की है।

### आठ बड़े सेक्टरों को सीधा फायदा

जीएसटी स्लैब में कटौती से वस्त्र उद्योग, खाद-उर्वरक, नवीकरणीय ऊर्जा, ऑटोमोबाइल, हस्तशिल्प, कृषि, स्वास्थ्य और बीमा जैसे आठ प्रमुख क्षेत्रों को बड़ा लाभ होगा। ये सेक्टर श्रम-प्रधान हैं और रोजगार सृजन की अपार संभावनाएं रखते हैं।

**एफएमसीजी क्षेत्र:** साबुन, शैंपू, टूथपेस्ट, बिस्कुट और हेयर ऑयल जैसे उत्पाद सस्ते होंगे।

**सीमेंट और निर्माण क्षेत्र:** टैक्स कम होने से हाउसिंग सेक्टर को अप्रत्यक्ष फायदा मिलेगा।

**स्वास्थ्य क्षेत्र:** 36 कैंसर-रोधी दवाओं को पूरी तरह टैक्स-फ्री करने का प्रस्ताव रखा गया है।

## ऑफ बीट

### एल्विस प्रिंटेड ड्रेस में एलेक्सा हुईं वायरल



*वेनिस फिल्म फेस्टिवल में बुधवार को मॉडल और टीवी पर्सनालिटी एलेक्सा चुंग ने अपने अनोखे फैशन से सबका ध्यान खींचा। 41 वर्षीय एलेक्सा इस मौके पर अपने मंगेतर और अभिनेता टॉम स्टर्रिज के साथ पहुंचीं। एलेक्सा ने डिजाइनर एश्ले विलियम्स की स्लीवलेस मिनी ड्रेस पहनी, जिस पर रॉक एंड रोल के किंग एल्विस प्रेस्ली का चेहरा पूरे परिधान पर प्रिंट था। उन्होंने इसे लेपर्ड प्रिंट स्टिलेटो हील्स, बड़ा लेदर हैंडबैग और ओवरसाइज सनग्लासेज के साथ टीमअप किया। हेयरस्टाइल साधारण और चेहरे से पीछे की ओर क्लिप किया गया था। वहीं, 39 वर्षीय टॉम स्टर्रिज भी स्टाइलिश लुक में नजर आए। उन्होंने लेदर बाइकर जैकेट के साथ डेनिम शर्ट और पिनस्ट्राइप पैंट पहनी। दोनों की जोड़ी ने फेस्टिवल में आते ही कैमरों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया और इंटरनेट पर वायरल हो गईं।*

## संक्षिप्त खबरें

एससी/एसटी एक्ट पर बड़ा फैसला

### प्रथम दृष्टया मामला नहीं बने अग्रिम जमानत तभी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम निर्णय में स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत अग्रिम जमानत केवल उसी स्थिति में दी जा सकती है, जब यह स्पष्ट हो कि प्रथम दृष्टया कोई अपराध सिद्ध नहीं होता।

मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने बॉम्बे हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया, जिसमें आरोपी को अग्रिम जमानत दी गई थी। मामला उस शिकायत से जुड़ा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि आरोपी ने शिकायतकर्ता को सार्वजनिक रूप से उसकी जाति का नाम लेकर गाली दी और अपमानित किया। फैसले में कहा गया कि एफआईआर की सामग्री और आरोपों का स्वरूप इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए पर्याप्त है कि आरोपी ने प्रथम दृष्टया अपराध किया है। आरोपी ने पीड़ित को लोहे की रॉड से पीटा और उसके घर को जलाने की धमकी दी।

सुप्रीम कोर्ट की चिंता

### केंद्र विदेशी आरोपियों की फरारी पर नीति बनाए

**नई दिल्ली, जेएनएन।** झारखंड में दर्ज साइबर धोखाधड़ी के एक मामले में जमानत मिलने के बाद आरोपी नाइजीरियाई नागरिक देश छोड़कर भाग गया। इस पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार चाहे तो ऐसी नीति बनाए जिससे विदेशी नागरिक अपराध करने के बाद भारत से फरार न हो सकें। साल 2019 में झारखंड में एक एफआईआर दर्ज की गई थी। आरोपी नाइजीरियाई नागरिक पर आईपीसी की धारा 419, 420, 467, 468, 471 और 120बी तथा आईटी एक्ट की धारा 66 (डी) के तहत केस दर्ज था। हाईकोर्ट ने मई 2022 में उसे जमानत दी, लेकिन वह जमानत शर्तों का उल्लंघन कर फरार हो गया। राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत रद्द करने की अर्जी दाखिल की। पीठ ने कहा कि चूंकि भारत और नाइजीरिया के बीच कोई प्रत्यर्पण संधि नहीं है, इसलिए आरोपी को वापस लाना लगभग असंभव है।

खाद वितरण में अनियमितता पर मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को फटकारा

# जिन्हें जिला चलाना नहीं आता उनके बारे में हम सोचेंगे: सीएम

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** खाद वितरण के दौरान रीवा में किसानों पर हुए लाठी चार्ज को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नाराज हैं। उन्होंने बुधवार को साफ शब्दों में कहा कि राज्य में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है, लेकिन कुछ जिलों के कलेक्टर वितरण व्यवस्था मैनेज नहीं कर पा रहे हैं। इसका सीधा मतलब है कि उन्हें जिला चलाना नहीं आता है। हम ऐसे कलेक्टर के बारे में सोचेंगे कि उनका हमें क्या करना है।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने निवास से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टरों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने खाद वितरण की शिकायतों पर कहा कि कहीं भी खाद की कमी नहीं है, लेकिन दुर्भाग्य है कि उसके वितरण को मैनेज नहीं किया जा रहा है, जिससे अव्यवस्था जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। ऐसे कलेक्टर स्वयं देख लें कि वो व्यवस्था क्यों नहीं कर पा रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि उन्हें जिला चलाना नहीं आता है। अगर वो जिला नहीं चला पा रहे है, तो बता दें, हम उन्हें हटाकर दूसरी व्यवस्था करेंगे।

उन्होंने अब उन्हें कहीं से भी यह सूचना नहीं मिलनी चाहिए कि उर्वरक वितरण में अव्यवस्था हो रही है। ऐसा हुआ और लापरवाही सामने आई तो उसकी जिम्मेदारी जिले के कलेक्टर की होगी, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने उर्वरक वितरण व्यवस्था के संबंध में धार, दमोह, जबलपुर और रीवा जिले के कलेक्टरों से चर्चा की। दमोह कलेक्टर ने बताया कि किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से सतत् संपर्क और संवाद सुनिश्चित करते हुए वितरण व्यवस्था में उनका सहयोग लिया जा रहा है। साथ ही टोकन वितरण और उर्वरक वितरण को अलग-अलग किया गया है। टोकन तहसील कार्यालय से बांटे जा रहे हैं और वितरण विक्रय केंद्रों से किया जा रहा है। जबलपुर कलेक्टर ने बताया कि किसानों के लिए टोकन वितरण की व्यवस्था फोन कॉल द्वारा सुनिश्चित की जा रही है। उर्वरक वितरण केंद्रों पर डिस्प्ले बोर्ड लगाए गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 7 पर



सीएम ने मुख्यमंत्री आवास से अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों और उर्वरक वितरण कार्य की वर्चुअल समीक्षा की।

> सभी जिलों को वहां के कलेक्टर द्वारा भेजी गई मांग के अनुरूप खाद पहुंचाई गई है। किसानों के हिसाब से सभी स्थानों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध है। इसके बाद भी यदि किसान परेशान हो रहा है, तो इसका सीधा सा मतलब है कि सभी ढंग से प्रबंधन नहीं किया जा रहा है।
>
> ■ **डॉ. मोहन यादव**, मुख्यमंत्री

### अतिवृष्टि और बाढ़ पर दिए निर्देश

सीएम ने अतिवृष्टि एवं बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की स्थिति को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में अतिवृद्धि और बाढ़ से फसलों को नुकसान हुआ है, वहां तत्काल राहत पहुंचाई जाए। जनहानि और पशुहानि की स्थिति में पीड़ित को 24 घंटे के अंदर मदद उपलब्ध हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। जहां बाढ़ जैसी स्थिति है, वहां पर अस्थाई कैंप, राशन और भोजन वितरण की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। पुलिस प्रशासन भी ऐसे क्षेत्रों में सक्रिय रहे और पुलपुलियों पर बैरिकेटिंग लगाए और लोगों को खतरे की चेतावनी देने जैसी व्यवस्था की जाए।

शीर्ष अदालत में संविधान बनाम विवेकाधिकार पर बहस

# गवर्नर अनिश्चितकाल तक नहीं रोक सकते बिल: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार सातवें दिन राज्यपाल के अधिकारों पर अहम संवैधानिक बहस चली। मामला विधानसभा से पास होकर गवर्नर और राष्ट्रपति के पास पहुंचे विधेयकों की मंजूरी से जुड़ा है। सवाल यह है कि क्या गवर्नर या राष्ट्रपति इन बिलों को अनिश्चितकाल तक रोक सकते हैं, या फिर उनके लिए भी समयसीमा तय होनी चाहिए? पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश की सरकारों ने दलील दी कि गवर्नर कानून बनाने की प्रक्रिया में कोई भूमिका नहीं रखते, वे सिर्फ औपचारिक प्रमुख हैं। दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने भी इस दौरान दो टूक कहा कि गवर्नर विधानसभा से पास बिलों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते। अगर ऐसा होता है तो संविधान में लिखे गए 'जल्दी' शब्द का महत्व ही खत्म हो जाएगा। कोर्ट ने यह भी कहा कि निर्वाचित सरकारें गवर्नरों की मर्जी पर नहीं चल सकतीं। अब सभी की निगाहें 9 सितंबर पर टिकी हैं, जब सुप्रीम कोर्ट अगली सुनवाई करेगा। अदालत को यह तय करना है कि क्या गवर्नर और राष्ट्रपति को बिलों पर निर्णय लेने के लिए कोई समयसीमा दी जा सकती है। मामला मई में गहराया जब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट से राय मांगी। उन्होंने पूछा कि क्या अदालत राज्यपालों और राष्ट्रपति को बिलों पर फैसला करने के लिए कोई डेडलाइन तय कर सकती है? इसके साथ ही राष्ट्रपति ने 14 सवाल कोर्ट के सामने रखे थे। यह पूरा विवाद मूल रूप से तमिलनाडु से शुरू हुआ था। यहां राज्यपाल ने कई विधेयक रोककर रख दिए थे।



**बंगाल बोला:** पश्चिम बंगाल की ओर से वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा, 'अगर विधानसभा से पास बिल गवर्नर को भेजा जाता है तो उन्हें हस्ताक्षर करना ही होगा। संविधान की धारा-200 में गवर्नर की संतुष्टि का कोई प्रावधान नहीं है।'

**हिमाचल का तर्क:** हिमाचल की ओर से आनंद शर्मा ने दलील दी कि भारत का संघीय ढांचा ही इसकी असली ताकत है। अगर गवर्नर लगातार विधानसभा से पास बिलों को रोके रखते हैं तो इससे केंद्र-राज्य संबंधों में टकराव बढ़ेगा।

**कर्नाटक ने कहा:** कर्नाटक सरकार के वकील गोपाल सुब्रमण्यम ने कोर्ट में कहा, 'भारत के संविधान ने गवर्नरों को सिर्फ दो ही स्थितियों में विवेकाधिकार दिया है। पहला, जब गवर्नर अनुच्छेद 356 के तहत राष्ट्रपति को रिपोर्ट भेजते हैं। दूसरा, जब कोई बिल हाईकोर्ट की शक्तियों को प्रभावित करता है।

### केंद्र का पक्ष: राज्य सरकारें सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकतीं

केंद्र सरकार ने कोर्ट में तर्क दिया कि राज्य सरकारें इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा नहीं खटखटा सकतीं। अटॉर्नी जनरल ने कहा कि राष्ट्रपति और गवर्नर संवैधानिक पद हैं, उनके फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। अनुच्छेद 32 मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए है और यह राज्यों पर लागू नहीं होता।

# 16 जगहों पर छापे, 20 करोड़ की टैक्स चोरी उजागर

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश की जनता के टैक्स के पैसे को चूसकर फर्जी कंपनियों के जरिए अरबों का खेल खेलने वाला रैकेट आखिरकार पकड़ा गया। ईओडब्ल्यू और जीएसटी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में सिंगरौली, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और छतरपुर सहित 16 ठिकानों पर छापे मारे गए। शुरुआती जांच में ही करीब 20 करोड़ की टैक्स चोरी सामने आ गई है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि असली रकम इससे कहीं ज़्यादा हो सकती है।

कार्रवाई के दौरान अहम दस्तावेज, डिजिटल डिवाइस और संदिग्ध लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। टीम को कई ऐसे इनवॉइस मिले हैं, जिनके पते पर न तो फैक्ट्री थी, न ही वेयरहाउस। यानी करोड़ों का खेल सिर्फ कंप्यूटर पर बनाए गए नकली बिलों से खेला गया।

जांच अधिकारी मानते हैं कि टैक्स चोरी का यह सिलसिला राज्य की अर्थव्यवस्था को गहरी चोट पहुंचा रहा है। स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास योजनाओं के लिए जो पैसा जनता तक पहुंचना चाहिए था, वह भ्रष्ट नेटवर्क की जेब में जा रहा था।

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था को चूना



### सिंगरौली का है मास्टर माइंड

इस रैकेट का मास्टरमाइंड सिंगरौली निवासी टैक्स कंसल्टेंट अनिल कुमार शाह है। उसने कई शैल कंपनियां खड़ी कर रखी थीं, जो केवल कागज़ों पर मौजूद थीं। इन कंपनियों के नाम पर फर्जी बिल बनाए गए और बिना किसी माल या सेवा के इनपुट टैक्स क्रेडिट लिया गया। शाह ने पहले जांच टीम के सामने खुद को निर्दोष बताया, लेकिन कंप्यूटर और मोबाइल से मिले दस्तावेज़ों के सामने आने के बाद उसने अपनी गलती मान ली।

### पहले भी पकड़ी गई थी 130 करोड़ की चोरी

यह पहली बार नहीं है जब प्रदेश में टैक्स चोरी का इतना बड़ा जाल सामने आया हो। जुलाई में भी ईओडब्ल्यू ने 512 करोड़ के फर्जी बिलों के जरिए 130 करोड़ से अधिक का फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट लेने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। उस गिरोह ने तो फर्जी ट्रक नंबर, चालान और ई-वे बिल तक तैयार कर लिए थे।

> शैल कंपनियों के जरिए फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट में मास्टरमाइंड से पूछताछ की है। गिरोह में शामिल कुछ व्यापारियों के नाम भी मिले हैं। जांच पूरी होने के बाद आगे कार्रवाई करेंगे।
>
> **डॉ अरविंद सिंह ठाकुर**
> एसपी ईओडब्ल्यू रीवा

**पॉक्सो का मामला:** ये कैसा बाल कल्याण...

# पीड़िता को आरोपी के ही घर भेजा, फिर किया रेप

**जागरण, पन्ना/छतरपुर।** प्रदेश में एक अनोखा मामला सामने आया है, जब बाल कल्याण समिति पर ही नाबालिग से रेप कराने के आरोप लगे हैं। सीडब्लूसी ने रेप पीड़िता को सुनवाई के बाद दोबारा आरोपी के घर ही भेज दिया। समिति के इस कदम से आरोपी को जमानत भी आसानी से मिल गई। इसके बाद तीन महीने में नाबालिग फिर से कई बार दुष्कर्म का शिकार हुई। मामला सामने आने पर समिति के अध्यक्ष, 5 सदस्यों, महिला बाल विकास अधिकारी सहित 10 लोगों के खिलाफ पॉक्सो सहित कई धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। सभी की गिरफ्तार करने पुलिस ने दबिश तेज कर दी है। छतरपुर पुलिस ने इस मामले की जांच पूरी कर ली है। जांच के आधार पर इसमें सीधे तौर पर जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, पांच सदस्य, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक, काउंसलर, केस वर्कर और एक अन्य ■ शेष पृष्ठ 7 पर

**सीडब्लूसी अध्यक्ष सहित 10 पर एफआईआर**




**बड़ा फैसला** केंद्र ने सीएए कानून में पड़ोसी देश के अल्पसंख्यकों को दी 10 साल की राहत

# 2024 तक आए अल्पसंख्यक रह सकेंगे भारत में

## 5 साल सीएए में रहने की शर्त 11 साल सामान्य प्रक्रिया में रहने की शर्त

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत बुधवार को बड़ा निर्णय लिया। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से 31 दिसंबर 2024 तक आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोग भारत में रह सकेंगे। पहले यह छूट केवल 2014 तक आए शरणार्थियों के लिए थी।

गृह मंत्रालय ने आदेश जारी कर बताया कि ऐसे लोग जिनके पास वैध पासपोर्ट या अन्य दस्तावेज थे, लेकिन उनकी अवधि खत्म हो गई है, उन्हें भी भारत में रहने की अनुमति दी जाएगी। यह निर्णय उन हजारों परिवारों के लिए राहत की खबर है जो लंबे समय से यहां शरण लेकर रह रहे हैं। केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया कि नेपाल और भूटान के नागरिकों को भारत आने-जाने या यहां बसने के लिए पासपोर्ट और वीजा की आवश्यकता नहीं होगी, बशर्ते वे सीमा मार्ग से आएं। हालांकि, अगर कोई नेपाली या भूटानी नागरिक चीन, मकाऊ, हांगकांग या पाकिस्तान से भारत आता है, तो उसे वैध पासपोर्ट अनिवार्य रूप से दिखाना होगा।

इसी तरह भारतीय नागरिकों के लिए भी नेपाल और भूटान सीमा से पासपोर्ट-वीजा के बिना आने जाने की सुविधा होगी, लेकिन अन्य देशों से लौटने पर (चीन, मकाऊ, हांगकांग और पाकिस्तान को छोड़कर) पासपोर्ट अनिवार्य होगा।

### नागरिकता संशोधन कानून की प्रमुख बातें

**कौन ले सकता है नागरिकता:** 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोग।

**भारतीय नागरिक प्रभावित नहीं:** सीएए का भारतीय नागरिकों से कोई संबंध नहीं है। संविधान के तहत उन्हें नागरिकता का पूर्ण अधिकार है।

**आवेदन प्रक्रिया:** नागरिकता के लिए आवेदन ऑनलाइन होता है। आवेदक को भारत आने की तिथि बतानी होती है। पासपोर्ट न होने पर भी आवेदन किया जा सकता है।

### किसे नागरिकता देने का अधिकार

नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत 9 राज्यों (गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र) में 30 से अधिक जिला मजिस्ट्रेट और गृह सचिवों को यह अधिकार दिया गया है कि वे नागरिकता दे सकें।

### टाइमलाइन

- 2016 में पहली बार लाया गया सीएए
- 2019 में अंतिम रूप दिया। 9 दिसंबर को लोकसभा में, 11 को राज्यसभा में पारित। 12 दिसंबर को राष्ट्रपति ने मंजूरी दी।
- 2024 के मार्च में इसे लागू किया और मई 2024 में पहली बार 14 लोगों को नागरिकता दी गई।

### विवाद और आशंकाएं

- 2019 में देशभर में विरोध भी हुआ।
- असम और त्रिपुरा में आशंका थी कि इससे विदेशियों की बाढ़ आ जाएगी और स्थानीय संस्कृति प्रभावित होगी।
- देशभर में कई लोगों को लगा कि सीएए के बाद एनआरसी (नेशनल रजिस्टर ऑफ सिटिजन्स) लागू कर बड़ी संख्या में नागरिकों को 'विदेशी' घोषित किया जा सकता है।
- पड़ोसी बांग्लादेश ने भी आशंका जताई कि एनआरसी लागू होने से बड़ी संख्या में शरणार्थी लौटेंगे।

# निवार पुलिस ने दो मोटर साइकिल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया



**जागरण, कटनी।** पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा क्षेत्र मे बढ़ रही चोरियों का खुलासा करने एवं चोरी करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था जिसके पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक नेहा पच्चीसिया, थाना प्रभारी माधवनगर संजय दुबे के मार्गदर्शन में चौकी निवार क्षेत्र से दो मोटर सायकिलो के चोरी के आरोपी का किया खुलासा किया।

मामले मे प्रार्थी मैहर शरण नाहर पिता राजू नाहर निवासी ग्राम तखला चौकी निवार थाना माधवनगर ने आकर रिपोर्ट लिखाई कि मै ग्राम तखला में रहता हूँ, एमपीईबी निवार पहाडी में प्राईवेट मीटर रीडिंग का काम करता हूँ, दिनाँक 31 अगस्त 25 को 9.30 बजे रात में अपनी मोटर सायकल बजाज कंपनी की पल्सर 150 सीसी काले रंग की जिसका नंबर एमपी 21एमएन 4650 कीमती 1 लाख रूपये को दीपक जग्गी के दुकान के पास खड़ी कर मोटर सायकल को लॉक कर दूध लेने चला गया था। दूध लेकर वापस आया तो देखा मेरी पल्सर मोटर सायकल वहां पर नहीं मिली। थाना माधवनगर मे शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया।

वहीं दूसरे प्रकरण में दिनांक 1 सितम्बर 25 को ग्राम निवार पहाड़ी के प्रार्थी अंकुश विश्वकर्मा पिता राजेश कुमार विश्वकर्मा निवासी ग्राम पहाड़ी निवार चौकी निवार थाना माधवनगर जिला कटनी ने रिपोर्ट लेख कि मै दिनाँक 1 सितम्बर 25 को 12 बजे दिन को मै अपनी मोटर सायकल एचएएफ डिलक्स हीरो कंपनी काली लाल रंग की जिसका नंबर एमपी 21 एमजे 1117 से देवरीसानी अपने खेत गया था अपनी मोटर साईकल को सिद्ध बाबा के सामने रोड पर खड़ी कर खेत चला गया था जब करीब 1.30 बजे खेत से वापस आया देखा तो जहाँ पर अपनी मोटर साईकल खड़ी किया था वहाँ पर नहीं मिली। थाना माधवनगर मे अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया। पुलिस द्वारा क्षेत्र मे चोरों की धरपकड़ हेतु लगातार भ्रमण कर मुखबिर तंत्र को सक्रिय किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था जो मुखबिर से अज्ञात चोर के संबंध मे सूचना प्राप्त हुयी। चौकी निवार पुलिस व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर व्दारा बताये संदेही आरोपी मनोज यादव पिता फूलचंद यादव उम्र 26 निवासी ग्राम पौनिया थाना माधवनगर से पूछताछ की गई। आरोपी द्वारा दोनो मोटरसाईकिल को चोरी करना स्वीकार किया गया।

# आदित्य मिश्रा हत्याकांड का फरार आरोपी गिरफ्तार

**कटनी।** विगत दिनों रंगनाथ थाना क्षेत्र मे हुए हत्याकांड के तीनों आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है फरियादी अनुपम अग्निहोत्री पिता स्व श्रीकांत अग्निहोत्री निवासी सीएलपी पाठक वार्ड का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि दिनाँक 27 अगस्त 2025 के रात्रि 2.30 बजे जे.पी.पाठक के घर के सामने स्ट्रीट लाईट के नीचे विशेष वंशकार, विवेक वंशकार, नितिन बर्मन द्वारा चाकू एवं कटर से सात-आठ बार घायल कर आदित्य उर्फ ढोलू मिश्रा की हत्या कर दी है जो प्रार्थी कि रिपोर्ट पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ.संतोष डेहरिया एंव नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति नेहा पच्चीसिया को घटना से अवगत कराकर घटना में संलिप्त आरोपियो की तलाश हेतु टीमे रवाना की गई जो घटना के मुख्य आरोपियो विवेक वंशकार एंव विशेष वंशकार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, घटना के अन्य आरोपी नितिन बर्मन की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी थाना रंगनाथनगर की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुये शेष आरोपी नितिन बर्मन पिता प्यारेलाल बर्मन उम्र 19 साल निवासी पाठक वार्ड को भी गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त किये जाने वाले चाकू को जप्त किया जाकर जेल की सलाखो के पीछे डाला गया।

# बरही पुलिस ने 9 किलो 8 सौ ग्राम अवैध गांजा जब्त किया

**कटनी।** नशा माफिया एवं अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बरही पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना प्रभारी बरही शैलेन्द्र सिंह यादव एवं उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई की। दरमियानी रात रेलवे स्टेशन पिपरिया कला बरही के पास दबिश दी गई जहाँ ग्राम खिरहनी निवासी आरोपी बुद्ध राम कोल पिता सुनई कोल उम्र 45 वर्ष ग्राहक के इंतजार में अवैध मादक पदार्थ लेकर खड़ा था। पुलिस टीम ने आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा और उसके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी में रखा 9 किलो 800 ग्राम अवैध गांजा जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 50 हजार है जप्त किया। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है।


**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म.प्र.)**

**भवन हस्तानान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी रीवा में आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र0 52 के मूल आवंटी श्री संजय सिंह पिता श्री फतेबहादुर सिंह पता – ग्राम डोड़ौ, पोस्ट टंगहा, तहसील त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.) के द्वारा उक्त आवंटित एम.आई.जी. भवन क्र. 52 बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी रीवा का हस्तानान्तरण श्रीमती विनीता सिंह पति श्री पुष्पेन्द्र सिंह, निवासी– एम.आई.जी. भवन क्र. 52 बोदाबाग हाउसिंग बोर्ड कालोनी रीवा, तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) के नाम करने हेतु इस कार्यालय में दिनांक 02.09.2025 को ऑनलाइन आवेदन पत्र संयुक्त शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर निवेदन किया गया हैं। अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो अथवा उक्त भवन को मूल आवंटी द्वारा किसी व्यक्ति अथवा संस्था को रहन दान विक्रय आदि किया गया हो तो समाचार पत्र में विज्ञापन प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष लिखित आपत्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा निर्धारण तिथि व्यतीत हो जाने के बाद कोई आपत्ति अथवा दावा स्वीकार नहीं होगा एवं भवन का हस्तानान्तरण श्रीमती विनीता सिंह पति श्री पुष्पेन्द्र सिंह के नाम पर कर दिया जावेगा।

(दीपेश रत्नाकर)
सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एंव अधोसंरचना विकास मण्डल रीवा (म0प्र0)
RN- 82779


# महानदी घाट विसर्जन स्थल का निरीक्षण करने पहुंची नगर परिषद अध्यक्ष

**कटनी।** विजयराघवगढ़ नगर व आसपास श्री गणेश प्रतिमाओं की स्थापना के भव्यता के साथ पूजा अर्चना मे लीन है धार्मिक नगरी। नगर मे सार्वजनिक स्थलों पर रखे गणेश जी के पंडालों पर नगर परिषद अध्यक्ष के आदेशों पर रोजाना साफ सफाई लाईट इत्यादि की व्यवस्था की जा रही है। आगामी समय मे गणेश विसर्जन की तैयारियों को देखते हुए नगर परिषद अध्यक्ष व मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते नगर परिषद के कर्मचारियों व पार्षदो के साथ महानदी घाट का निरिक्षण करने पहुंचे जहां पर गणेश विसर्जन किया जाना है। सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत, साउंड सिस्टम, वाटर प्रूफ पंडाल आदि के साथ-साथ कर्मचारियों की जगह-जगह उपस्थिति के निर्देश दिए गये। नगर परिषद के साथ विजयराघवगढ़ पुलिस भी मौजूद होगी। थाना प्रभारी रितेश शर्मा द्वारा शांति समिति की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जा चूकि है।

मूलभूत सुविधाओं के लिए तत्पर अध्यक्ष

विजयराघवगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी हरीश दुबे हर छोटी बड़ी समस्याओं का निराकरण बड़े ही सहज रूप से कर रही है।


**न्यायालयः व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-एक वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला-रीवा म.प्र.**
**(कामिनी प्रजापति)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड त्योंथर, जिला रीवा (म.प्र.)**

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक
M.J.C.(SUC) /01/2025
पेशी दिनांक 19.09.2025

छोटे लाल मांझी पिता स्व. राजाराम मांझी उम्र 53 वर्ष ग्राम त्योंथर वार्ड क्र. 4 थाना सोहागी तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.)
........ वादीगण/आवेदकगण
बनाम
आम जनता
......... प्रतिवादीगण/अनावेदकगण

विषयः प्रतिवादीगण की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के संबंध में

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख किया जाता है कि इस न्यायालय में लंबित व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक M.J.C.(SUC) /01/2025 छोटे लाल मांझी पिता स्व. राजाराम मांझी का प्रकरण आवेदक द्वारा इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है। आवेदक क्रमांक M.J.C.(SUC)/01/2025 छोटे लाल मांझी पिता स्व. राजाराम मांझी उम्र 53 वर्ष ग्राम त्योंथर वार्ड क्र. 4 थाना सोहागी तहसील त्योंथर जिला रीवा (म.प्र.) द्वारा न्यायालय श्रीमान् कामिनी प्रजापति न्यायाधीश वर्ग-1 त्योंथर जिला रीवा म.प्र. में दावा बावत स्वत्व घोषणा आदेश-7, नियम-1 व्य.प्र.सं. 1908 ई.के अंतर्गत हर आम व खास के विरुद्ध व्यवहार पेश किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 19.09.2025 नियत किया गया है। अतः उक्त प्रकरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह व्यक्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से जिस किसी को मामले के बारे में जानकारी हो, न्यायालय में सुबह 11.00 बजे दिन उपस्थित होकर अपनी प्रतिरक्षा करें। यदि दिनांक 19.09.2025 को हर आम व खास की ओर से उपस्थिति नहीं होती है तो अनावेदकगण की अनुपस्थिति में प्रकरण में सुनवाई पूर्ण की जावेगी।

नोटः- यदि किसी कारण से नियत पेशी दिनांक 19.09.2025 को शासकीय अवकाश घोषित हो जाता है, तो इस स्थिति में कार्य दिवस में सुनवाई की जायेगी।

न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से प्रकाशनार्थ प्रेषित किया जा रहा है।

(कामिनी प्रजापति)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
RN- 84519 त्योंथर, जिला रीवा म.प्र.



**एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
मुख्यालय, भोपाल
क्र./परिवहन/निविदा/785535/2025/NIT No./897 भोपाल, दिनांक : 03.09.2025

**परिवहन कार्य अवधि वर्ष 2025-27 हेतु प्रथम ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कॉर्पोरेशन द्वारा निविदा अवधि वर्ष 2025-27 हेतु परिवहन कार्यों की ऑनलाइन GEM पोर्टल पर Handling , Transport and Other Mining Services के अन्तर्गत रजिस्टर्ड निविदाकारों से जिलो/रैकपाइन्ट/सेक्टर्स हेतु निम्नानुसार निविदायें आमंत्रित की जाती हैं :-

01. LRT रबी एवं खरीफ उपार्जन
02. LRT (सामान्य)
03. HLRT (खाद्यान्न) रैकपाइन्ट
04. HLRT ( बारदाना) रैकपाइन्ट

निविदा दस्तावेज वेबसाइट **https://gem.gov.in** पर अवलोकन हेतु उपलब्ध है। निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रक्रिया ऑनलाइन भरने हेतु संबंधित तकनीकी सहयोग व स्पष्टीकरण हेतु टोल फ्री नम्बर (Inbound): 1800-419-3436 1800-102-3436 ( 9:00 am - 10:00 pm Mon to Sat ) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/121876/2025 महाप्रबंधक(परिवहन)



**OFFICE OF THE KRISHI UPAJ MANDI SAMITI, NIWARI, DISTT. NIWARI (M.P.)**
No./NIT/405 Niwari, Dated : 03.09.2025

**NOTICE INVITING TENDER**

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for **Construction of 14 Nos. Shop cum Godown in new Mandi Yard Niwari (Mudara), Construction of 04 Nos. 200 MT Godown in new mandi yard Niwari (Mudara) Distt. Niwari (M.P.) Tender Number : 2025_MPSAM_449214_1 (PAC amount Rs. 154.00 + 63.84 Total 217.84 Lacs)**. The following works Tender to be received online up to **17:30 PM on 24.09.2025** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http://mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Note :-** Any corrigendum in this NIT, if required, shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/ Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www. mpmandiboard.gov.in**

M.P. Madhyam/121885/2025 **SECRETARY**


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# बिजली आपूर्ति के लिये विहिप व बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

**कटनी।** समस्त विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल कटनी के समस्त कार्यकर्ता द्वारा बिजली समस्याओं के संबंध में ज्ञापन एसडीएम दिया गया जिसमें बताया गया कि अभी हिन्दुओं का पर्व गणेश चतुर्थी पर्व चल रहा है त्यौहारो के पर्व पर सुबह शाम कभी भी विद्युत मंडल के द्वारा आये दिन दो से तीन घंटे लाईट बंद कर दी जा रही है। वर्तमान त्यौहार गणेश चतुर्थी वं आगामी त्यौहार नवरात्रि जो कि हिन्दुओ की आस्था का बहुत बड़ा त्यौहार है। आज एसडीएम कार्यालय में समस्त हिन्दु परिषद बंजरग दल के कार्यकर्ता द्वारा लाईट व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाये रखने के लिये विद्युत मंडल द्वारा त्यौहारों में किसी प्रकार की कोई कटौती न की जाये।


**प्लाट बेचना है**
पता-लौवा-लक्ष्मणपुर, रीवा में, चिन्मय आश्रम के पीछे, रीवा (म.प्र.)
संपर्क नं.-6232053134
आर-84263 (6/9)

**आवश्यकता है**
ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। वेतन 5,000 से 10,000+कमीशन बोनस उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष
पता-न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश
संपर्क नं.-9752075387
आर-84258 (3/10)

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क -
**8962086944**


# तप दो प्रकार के होते है आहार का संयम-मुनिश्री

**कटनी।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति के द्वारा आयोजित दशलक्षण पर्व के सांतवे दिन जैन बोडिंग हाउस में प.पू.मुनिश्री पदम सागर जी महाराज ने उत्तम तप धर्म पर चर्चा करते हुये कहां उत्तम तप का वर्णन पूजा में आता है। तप चाहे सुर राह परम शिखर को वज्र है अर्थात देवों के भी अधिपति इन्द्र जिस तप को चाहते है वे चाह कर भी तप नहीं कर सकते उन्हें तप करने के लिए मनुष्य पर्याय को प्राप्त करना होगा। मुनि श्री ने आगे कहा कि उत्तम तप द्रव्य कर्म और भावकर्म रूपी पर्वत को नाश करने के लिये वज्र के सामान है। तप दो प्रकार के होते है आहार का संयम, याने वाह्य तप, अनशन, अवमौदर्य, व्रत परिसंख्यान, काय उत्सर्ग, अर्थात शरीर और दूसरा अंतरंग तप होता है। जिसमें प्रायशिचत, विनय, वैयावृत्य, स्वाध्याय, व्युत्सर्ग और ध्यान।

# सहायक आयुक्त ने प्राथमिक विद्यालय दादर की सहायक शिक्षक को किया निलंबित

**जागरण शहडोल।** जयसिंहनगर विकासखंड अंतर्गत 2 सितम्बर 2025 को माध्यमिक शाला दादर के 2 विद्यार्थी संदीप सिंह कक्षा-4 एवं सौरभ सिंह कक्षा-4 प्राथमिक विद्यालय दादर में अध्ययनरत थे। जो विद्यालय समय में स्कूल से बाहर गए और दोनों विद्यार्थियों की नदी में डूबने से मौत की सूचना प्राप्त हुई। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग श्री आनन्द राय सिन्हा ने इस घटना के लिए विद्यालय के सहायक शिक्षक संपतिया देवी सिंह प्राथमिक विद्यालय दादर को प्रथम दृष्टया दोषी मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि आपका यह कृत्य कार्य के प्रति लापरवाही, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता की श्रेणी में आता है। जो मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के विपरीत है। निलंबन अवधि में श्री सिंह का मुख्यालय विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सोहागपुर नियत किया गया है। नियमानुसार इन्हें निलंबन अवधि में जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

# डायल 112 गाड़ियों को किया रवाना

**शहडोल।** पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग शर्मा, पुलिस उप महानिरीक्षक सुश्री सविता सुहाने एवं पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव ने आज संभागीय मुख्यालय शहडोल के कंट्रोल रूम में शहडोल जिले हेतु 17 आवंटित डायल 112 वाहनो में तिलक एवं माल्यार्पण किया तथा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डायल 112 पुलिस की तत्परता बढ़ाने की नई पहल है।

# पेंशन, संबल योजना तथा राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को ई-केवायसी कराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**जागरण शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशन, नया पंजीयन कराने वाले संबल योजना के हितग्राहियों तथा राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों को ई-केवायसी का कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।


**नाम सुधार सूचना**

मैं संदीप कुमार द्विवेदी पिता श्री राजपति द्विवेदी निवासी अमहिया रीवा तहसील हुजूर नगर जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ। शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पते का स्थायी निवासी हूँ। मेरी पुत्री कक्षा 10 वी सेक्शन पिंक ज्योति सीनियर सेकेन्डरी रीवा म.प्र. मे अध्यनरत है। मेरी पुत्री के स्कूल के समस्त दस्तावेज मे मेरी पुत्री का नाम इंग्लिश मे ASHI DWIVEDI लिख दिया गया है जो गलत है, जबकि सही नाम इंग्लिश में AASHI DWIVEDI है एवं मुझ शपथकर्ता का नाम भूलवश संदीप द्विवेदी Sandeep Dwivedi लिख दिया गया है जबकि मेरे समस्त दस्तावेज मे मेरा नाम संदीप कुमार द्विवेदी Sandeep Kumar Dwivedi लिखा हुआ है जो कि सही एवं सत्य है। अतः मेरी पुत्री के स्कूल के समस्त दस्तावेज मे मेरी पुत्री का नाम इंग्लिश में AASHI DWIVEDI सुधार किया जाए एवं मुझ शपथ कर्ता का (AASHI DWIVEDI के पिता ) का नाम संदीप कुमार द्विवेदी Sandeep Kumar Dwivedi सुधार किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-82780 संदीप कुमार द्विवेदी



**नाम सुधार सूचना**

मैं मुकेश कुमार आसनानी Mukesh Kumar Asnani पिता श्री रामचन्द्र आसनानी निवासी जवाहर वार्ड 27 बिछिया तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) का निवासी हूँ व शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि आधार न. 2121 6602 7501 है। मेरे पुत्र कुश आसनानी के 10 वी कक्षा के सारे दस्तावेजो में मेरा नाम मुकेश आसनानी Mukesh Asnani अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मुकेश कुमार आसनानी Mukesh Kumar Asnani अंकित है जो कि सही व सत्य है। अतः मेरे पुत्र के सभी शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरे गलत नाम मुकेश आसनानी Mukesh Asnani के स्थान पर मेरा सही नाम मुकेश कुमार आसनानी Mukesh Kumar Asnani लिखा पढा मान्य किया जाये जिस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

RN-84262 मुकेश कुमार आसनानी



**नाम सुधार सूचना**

मै रिंकी आसनानी Rinki Asnani पति विजय आसनानी निवासी जवाहर वार्ड 27 बिछिया तहसील हुजूर जिला रीवा (म.प्र.) की निवासी हूँ व शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि आधार न. 4958 2582 1960 है। मेरी पुत्री निशिका आसनानी के 10 वी कक्षा के सारे दस्तावेजो में मेरा नाम रिंकी आसनानी Rinky Asnani अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे पुत्री के 10 वीं कक्षा मे मेरा नाम रिंकी आसनानी Rinki Asnani होना चाहिये। अतः मेरी पुत्री निशिका आसनानी के 10 वी कक्षा के सारे दस्तावेजो में मेरा नाम रिंकी आसनानी Rinki Asnani दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-84261 रिंकी आसनानी



**नाम सुधार सूचना**

मैं इन्द्र दत्त मिश्रा पिता श्री द्वारिका प्रसाद मिश्रा निवासी वार्ड नं. 15 रतहरा, तह. हुजूर जिला रीवा म.प्र. का निवासी हूं व शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि आधार नं. 350131707088 है। मेरा पुत्र देवांश मिश्रा कक्षा 10वीं सेक्सन ग्रीन, ज्योती सीनियर सेकेन्डरी स्कूल रीवा म.प्र. में अध्यनरत है। मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मुझ शपथकर्ता (पुत्र के पिता) का नाम INDRADUTTA MISHRA अंकित है, जो कि गलत है जबकि मुझ शपथकर्ता के (मेरे) आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में INDRADATTA MISHRA अंकित है जो सही व सत्य है। अतः मेरे पुत्र के स्कूल रिकार्ड में मुझ शपथकर्ता (पुत्र के पिता) का नाम INDRADUTTA MISHRA की जगह INDRADATTA MISHRA सुधार किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN-82778 इन्द्र दत्त मिश्रा



**उत्तर मध्य रेलवे**
संख्याः झॉसी/जीएसयू/टी.डी-2025-10 दिनांक : 02.09.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत इंजीनियर गति शक्ति यूनिट झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई- टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** JHS GSU-TD- 2025-10 :-उत्तर मध्य रेलवे के झॉसी मंडल-25 के.वी.ओ.एच.ई संशोधन कार्य झांसी मंडल के झांसी -बीना सेक्शन में किमी 1058/30-32 के बीच एल.सी. संख्या 335 के स्थान पर आर.ओ.बी के निर्माण का कार्य।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत (₹):** ₹ 2673604.83 | **अमानत राशि(₹)** : ₹ 53500.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथिः** 25.09.2025 | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः** 09 माह | |

निविदा दिनांक 25.09.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1591/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य विद्युत इंजीनियर गति शक्ति झॉसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्या :** झॉसी/जीएसयू/टीडी-2025-11

**कार्य का नाम :** 25 के.वी. ओ.एच.ई संशोधन कार्य झांसी मंडल के सोनी स्टेशन **BLNR-UDMR** सेक्शन में किमी 1283/10-11 के बीच एल.सी. संख्या 40 के स्थान पर आर.ओ.बी के निर्माण के संबंध में और झांसी मंडल के झांसी-बीना सेक्शन में किमी 1103/34-36 के बीच एल.सी. संख्या 357 के स्थान पर आर.ओ.बी के निर्माण के लिए ओएचई संशोधन का कार्य।

| | |
|---|---|
| **अनुमानित लागत रू. :** 4284879.22 | **अमानत राशि रू. :** 85700.00 |
| **निविदा बन्द होने की तिथि :** 25.09.2025 | |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 09 माह | |

● निविदा दिनांक 25/09/2025 को 15:00 बजे तक ऑनलाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1598/25(AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**
ई-निविदा सूचना सं. JHS-N-W-44-25 दिनांक : 01.09.2025

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| **ई-निविदा सूचना संख्याः** JHS-N-W-44-25, **कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ़ सेक्शनल सिग्नलिंग मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट्स इन सेक्शन ऑफ़ एडीएसटीई/मैन लाइन/झाँसी ऑफ़ झाँसी डिवीज़न। | |
| **कार्य लागत लगभगः** ₹ 31,93,523.01/- | **धरोहर राशिः** ₹ 63,900/- |
| **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** Nil | **निविदा खुलने की तिथिः** 25.09.2025 Time 15:00 |
| **स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः** 12 माह | |

• निविदा दिनांक 25.09.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1585/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**
निविदा सूचना सं.: T_24-25_Gas_Cutting_RT/Notice दिनांकः 02.09.2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कोच एम.एल.आर कारखाना, झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रतिष्ठित एवं अनुभवी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| **निविदा संख्याः** T_24-25_Gas_Cutting_RT | **बयाना राशिः** रुपये 96000/- | |
| **कार्य का विवरणः** सी एम एल आर कारखाना, झाँसी में बोगी फ्रेम एवं उसके कंपोनेन्ट पर गैस कटिंग एवं सरफेस ग्राइंडिंग का कार्य। | | |
| **निविदा मूल्यः** रुपये 47,99,178.00/- (रुपये सैंतालीस लाख निन्यान्वे हजार एक सौ अठत्तर मात्र) | | |
| **मात्राः** एक कार्य | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 12 माह | **निविदा प्रपत्र मूल्यः** रुपये 0.00/- |

1. निविदा दिनांक 24.09.2025 को 12:00 बजे बंद होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. निविदा की संपूर्ण जानकारी के लिये भारतीय रेलवे की ई-टेण्डर वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. ठेकेदार टेण्डर प्रपत्र को डाउनलोड करने के लिये एवं टेण्डर सूचना संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन/परिशिष्ट (यदि कोई है) हेतु भारतीय रेलवे की ई-टेण्डरिंग की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखते रहें। इस संबंध में कोई सूचना नहीं दी जायेगी और ना ही किसी भी प्रकार का पत्राचार किया जायेगा। 1589/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY**
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AAATM9054A3ZX)
No./10005/22/D-12/MPRRDA/2025 Bhopal, Dated : 03.09.2025

**NOTICE INVITING TENDER EL-90**

Online Percentage rate Tenders are invited for "Shifting/Raising of High Voltage (HV)/Medium Voltage (MV)/Low Voltage (LV) lines and poles from alignment of PMGSY/CMGSY Road from contractors having 'A' class valid license issued by Madhya Pradesh Licensing Board (Electrical) and registered with MPPWD in appropriate class of contractors on e-procurement portal **https://www.mptenders.gov.in**.
Contractors are to quote rate in percentage below/above or at par of the estimated rates given in BOQ including all Taxes except GST.

| S. No. | Name of District | No. of Packages | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| 1 | Balaghat | 1 | 736000.00 |
| 2 | Satna | 1 | 160929.00 |
| 3 | Shajapur | 1 | 3848464.00 |

1. Tender document can be purchased and submitted only online from the above website from **04.09.2025 from 17:30 hrs.** and last date for online bid submission is **26.09.2025 (17:00 hrs.)**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed NIT and tender document on the above mentioned portal and concerned PIU.

M.P.M./121879/2025 **CHIEF GENERAL MANAGER (ADMIN./TENDER)**
''मेरी सड़क'' ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।



**पश्चिम मध्य रेल**
**खुली निविदा**

निम्नलिखित कार्य के ई–निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **(1) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–129–2025, दिनांक: 28/08/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (पश्चिम) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 2 विविध कार्य। (जबलपुर मंडल:– बीना–कटनी–सिंगरौली सेक्शन के स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं में सुधारा) भाग–1: दमोह:–सहायक मंडल इंजीनियर/दमोह उपमंडल के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान। भाग–2: सहायक मंडल इंजीनियर/सागर उपमंडल के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं और दिव्यांगजन सुविधाओं का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹2,89,36,414/– **बयाना राशि:** ₹ 2,94,700/– **समापन अवधि:** 12 माह **(2) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–130–2025, दिनांक: 28/08/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में दो विविध कार्य। (जबलपुर मंडल:– बीना–कटनी–सिंगरौली खंड के स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं में सुधारा) भाग 1: सहायक मंडल अभियंता (मेंटेनेंस) कटनी उप मंडल के अंतर्गत कटनी मुड़वारा, कटंगी खुर्द, सलहाना, पिपरिया कलां, खन्ना बंजारी, महरोई, विजय सोता और कटनी स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाएं प्रदान करना। भाग 2: सहायक मंडल अभियंता (ब्यौहारी) उप मंडल के अंतर्गत कटनी–सिंगरौली खंड के विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए नई गाइडलाइंस के अनुसार न्यूनतम आवश्यक सुविधाएं और दिव्यांगजन सुविधाएं प्रदान करना। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹5,93,19,946/– **बयाना राशि:** ₹ 4,46,600/– **समापन अवधि:** 12 माह **(3) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–131–2025, दिनांक: 28/08/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** मंडल अभियंता (पूर्व) जबलपुर के अधिकार क्षेत्र में कटनी–सिंगरौली सेक्शन पर सेस का चौड़ीकरण/सेस की मरम्मत। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹5,73,44,096/– **बयाना राशि:** ₹ 4,36,700/– **समापन अवधि:** 18 माह **(4) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–132–2025, दिनांक: 29/08/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल अभियंता (दक्षिण) जबलपुर क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विविध कार्य :– (जबलपुर मंडलः इटारसी– मानिकपूर और सतना–रीवा खंड के स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं में सुधारा) भाग–1: सहायक मंडल अभियंता नरसिंहपुर उपमंडल के अंतर्गत गाडरवारा से भेडाघाट तक विभिन्न स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं का प्रावधान/सुधार का कार्य भाग–2: रेलवे बोर्ड के नए दिशानिर्देशों के अनुसार गुर्रा, सोनतलाई, बागराटावा, गुरमखेड़ी, सोहागपुर, बनखेड़ी और सालीचौका रोड स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं (एफओबी के अलावा) का प्रावधान/सुधार का कार्य। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,83,36,377/– **बयाना राशि:** ₹ 3,41,700/– **समापन अवधि:** 12 माह **(5) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–133–2025, दिनांक: 29/08/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत 2 विविध कार्य:– (जबलपुर मंडलः इटारसी– मानिकपूर और सतना–रीवा खंड के स्टेशनों पर दिव्यांगजन सुविधाओं में सुधारा) भाग–1: सहायक मंडल इंजीनियर (दक्षिण) सतना उप–मंडल के तहत पटवारा, झुकेही, पकरिया रोड, अमदरा, भदनपुर, मैहर और लगरगवां स्टेशन कॉलोनी में दिव्यांगजन सुविधाओं में सुधारा। भाग–2: सहायक मंडल इंजीनियर (उत्तर) सतना उप–मंडल के तहत सगमा, खुटहा, चितहरा, मारकुंडी, बारामाफी, बांसपहाड़, हिनौतरामबन, बगहाई रोड, तुर्की रोड, सिलपरा और गोविंदगढ़ व्हाइट टाइगर स्टेशन में दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं का प्रावधान। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹3,14,42,551/– **बयाना राशि:** ₹ 3,07,200/– **समापन अवधि:** 12 माह **(6) निविदा सूचना क्रमांक:** डी.आर.एम.डब्ल्यू–जे.बी.पी.–134–2025, दिनांक: 29/08/2025 **कार्य का नाम लोकेशन सहित:** सोहागपुर (एसजीपी) रेलवे स्टेशन पर 3.0 मीटर चौड़ा नया एफओबी बनाकर पुराने एफओबी को बदलने का प्रस्ताव। **कार्य का अनुमानित मूल्य:** ₹2,62,75,597/– **बयाना राशि:** ₹ 2,81,400/– **समापन अवधि:** 10 माह. **निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि का समय 15.00 बजे तक:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4, 5 व 6 के लिए तिथि– 23.09.2025 **निविदा खुलने की अंतिम तिथि का समय 15:15 बजे:** टेंडर नं. 1, 2, 3, 4, 5 व 6 के लिए तिथि– 23.09.2025. उपरोक्त ई–निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई–निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

(हस्ता.)
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), प.म.रे., जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



**कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली, जिला-सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/4670/ई–टेण्डरिंग/2025–26 सिंगरौली दिनांक 02.09.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाईट – http//mptenders.gov.in पर देखा जाता है।

| क्र. | टेण्डर | | कार्य का नाम | कार्य | | निविदा प्रपत्र | | निविदा की अंतिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | क्रमांक | जारी दिनांक | | समयावधि | लागत | मूल्य | EMD | तिथि |
| 1 | 447189 | 26.08.2025 | Sewerage Project of SINGRAULI MUNICIPAL CORPORATION under AMRUT 2.0 5th Call | 18 Months | 4,20,34,000 | 15,000 | 2,10,170 | 9/9/2025 |

नोटः– निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संसोधन का प्रकाशन ऑनलाइन http//mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही दिया जावेगा। पृथक के समाचार पत्र प्रकाशन नहीं दिया जावेगा।

Executive Engineer
Municipal Corporation
Singrauli

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 04 सितंबर 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.22 अस्त : आज
05.43 उदय : कल

शहर का तापमान
33.0 0 अधिकत
25.0 0 न्यूनतम



# रामपुर नैकिन की पंचायतों का सामने आया स्टेशनरी घोटाला



जागरण अनियमितता

## दो वर्ष में करोड़ों रुपए का पंचायतों द्वारा क्रय की गई स्टेशनरी

### 15 प्रतिशत प्रशासनिक मद को हजम करने का सरपंच-सचिव ने किया प्रयास




जागरण, सीधी

जिले के जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में ग्राम पंचायतों का दिन प्रतिदिन काले कारनामों का खुलासा हो रहा है। मोबाइल घोटाला, रिचार्ज घोटाला, इलेक्ट्रॉनिक घोटाला के बाद अब स्टेशनरी घोटाला सामने आया है। ग्राम पंचायत के 15 प्रतिशत प्रशासनिक मद को मनमानी तरीके से पंचायतों ने हजम करने का प्रयास किया है। पंचायतों द्वारा कुंवर फोटोकांपी एवं स्टेशनरी व पंचमुख स्टेशनरी दो दुकानों से प्रतिवर्ष अलग-अलग बिलों का भुगतान करने का मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम पंचायत बरौं 21 अगस्त 25 को 26320, अहिरान टोला 19 अगस्त 25 को 26600, 20 जनवरी 25 को 8155, 4 दिसंबर 24 को 11924, 30 जुलाई 24 को 15880, 1 अगस्त 25 को 4000, ग्राम पंचायत गुजडेर 13 जुलाई 25 को 25650, 7 जून 25 को 16810, 5 फरवरी 25 को 15299, 18 जनवरी 24 को 23500, 12 अगस्त 24 को 21660, ग्राम पंचायत चकडौर 7 मई 25 को 13220, 4 अप्रैल 24 को 11620, 26 नवंबर 24 को 14880, 17 जुलाई 24 को 15240, ग्राम पंचायत गौरदहा 16 जून 25 को 16270, 5 फरवरी 25 को 15299, ग्राम पंचायत झलवार 5 अगस्त 25 को 8260, टकटैया 28 जुलाई 25 को 8040, तितिरा शुक्लान 28 जून 25 को 6100, 20 जनवरी 25 को 6825, 31 दिसंबर 24 को 983, 28 जुलाई 24 को 7120, 20 जनवरी 24 को 7900, शिकारगंज 10 जून 25 को 13500, 4 जनवरी 25 को 4830, 30 दिसंबर 24 को 13630, बडखरा 734 26 मई 25 को 16200, 17 जनवरी 25 को 10 हजार, रघुनाथपुर 25 मई 25 को 8040, चोभरा दिग्विजय सिंह 7 अप्रैल 25 को 14400, 28 अक्टूबर 24 को 13862, पड़खुरी 788 6 मार्च 25 को 6200, भितरी 25 फरवरी 25 को 12900, 18 जून 24 को 30420, 5 जनवरी 24 को 12300, 30 दिसंबर 24 को 25270, खड्डी कला 12 फरवरी 25 को 13270, बुढगौना 12 जनवरी 25 को 4495, 30 अगस्त 25 को 2280, 31 मई 24 को 19340, पोस्ता 10 जनवरी 25 को 10 हजार, झाला 4 जनवरी 25 को 8000, डिठौरा 24 दिसंबर 24 को 9670, कपुरी कोठार 24 नवंबर 24 को 16620, 11 जनवरी 24 को 14970, इटहा 17 अगस्त 24 को 10 हजार, पटेहरा 16 जुलाई 24 को 22460, हनुमानगढ़ 2 जुलाई 24 को 31480, पैपखरा 9 जून 24 को 22750, खैरा 29 जनवरी 24 को 10350, पोस्ता कोठार 10 जनवरी 24 को 10600, पड़खुरी 586 ने 6600, बडेसर 26 दिसंबर 23 को 11950, पोस्ता 20 दिसंबर 23 को 29940 आदि पंचमुख स्टेशनरी से स्टेशनरी क्रय की गई है। ग्राम पंचायतों द्वारा एक ही वर्ष में दो-दो स्टेशनरी दुकान से स्टेशनरी खरीदी का भुगतान ग्राम पंचायत से स्टेशनरी की दुकानों में किया गया।

### कुंवर फोटोकांपी एवं स्टेशनरी से क्रय करने वाली ग्राम पंचायतों का विवरण

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के अंतर्गत ग्राम पंचायत कटौली 30 जुलाई 25 को 23930, जमुनिहा नं 2 29 जुलाई 25 को 12015, मोहनी 25 जुलाई 25 को 13500, अमिलई 22 जुलाई 25 को 12450, खारा 25 अगस्त 25 को 10750, अमरपुर 14 जुलाई 25 को 16450, ममदर 8 अगस्त 25 को 10950, साडा 28 जून 25 को 22100, झांझ 22 जून 25 को 20000, मौरा 14 जून 25 को 22600, मझिगवां 12 जून 25 को 17640, रघुनाथपुर 2 जून 25 को 10 हजार, खैरा 25 मई 25 को 11500, घुघुटा 25 मई 25 को 22200, मढ़ा 25 मई 25 को 11250, सतोहरी 24 मई 25 को 15000, झगरी 20 मई 25 को 20000, पटना 15 मई 25 को 15000, पड़खुरी 586 8 मई 25 को 13950, अगडाल 7 मई 25 को 15790, पोंड़ी 4 मई 25 को 15890, मौरा 26 अप्रैल 25 को 5000, पैपखरा 20 अप्रैल 25 को 6525, बघवार 30 अप्रैल 25 को 14200, पिपरांव 14 अप्रैल 25 को 16640, शिकारगंज 15 अप्रैल 25 को 8480, मड़वा 5 अप्रैल 25 को 19940, भरतपुर 25 मार्च 25 को 13000, गड़हरा 20 मार्च 25 को 11750, डढिया 5 मार्च 25 को 28010, चोरगड़ी 3 मार्च 25 को 5100, 20350, 20325, 6100, कुंआ 1 मार्च 25 को 15540, अगडाल 19 फरवरी 25 को 16840, चंदरेह 11 फरवरी 25 को 16600, कुडिया 9 फरवरी 25 को 16850, चंदरेह 2 फरवरी 25 को 11600, मोहनी 16 जनवरी 25 को 10000, पड़खुरी 587 13 जनवरी 25 को 10210, रिमारी 12 जनवरी 25 को 9035, झांझ 1 जनवरी 25 को 9580, झलवार 6 जनवरी 25 को 7200, बघवार 5 जनवरी 25 को 9345, घटोखर 30 दिसंबर 24 को 9990, 5500, शिकारगंज 30 दिसंबर 24 को 15720, कुशमहर 30 दिसंबर 24 को 13300, 28 दिसंबर 24 को 11080, अकौरी 25 दिसंबर 24 को 20995, बडेसर 24 दिसंबर 24 को 18110, उमरिहा 20 दिसंबर 24 को 17610, बाघड़ खास 9 दिसंबर 24 को 15300, मनकीसर 6 दिसंबर 24 को 22430, नौगवां 5 दिसंबर 24 को 22500, सतोहरी 21 नवंबर 24 को 19000, चदैनिहा 5 नवंबर 24 को 10740, मझिगवां 4 नवंबर 24 को 12850, मड़बा 27 अक्टूबर 24 को 19780, कुशमहर 27 अक्टूबर 24 को 21020, बोकरो 20 अक्टूबर 24 को 8680, मौरा 21 अक्टबर 24 को 20000, घटोखर 4 अक्टूबर 24 को 10250, चोरगड़ी 3 सितंबर 24 को 23940, झलवार 13 सितंबर 24 को 18500, पोंड़ी 13 सितंबर 24 को 12650 रुपए आदि भुगतान शामिल हैं।

### ब्लर बिल की जाती है अपलोड

ग्राम पंचायतों द्वारा जो भी सामग्री क्रय की जाती है उसका बिल पोर्टल में ब्लर बिल अपलोड किया जाता है। जिससे लोग यह जान न सकें कि किस फर्म का कितना बिल भुगतान किया गया है। शासन द्वारा पंचायत में आने वाले 15वां व 5वां वित्त मद की कुल राशि में से 15 प्रतिशत राशि को व्यय करने का अधिकार नियम प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिवों को दिया गया है। जिसमें 15 अगस्त, 26 जनवरी के आयोजनों, अन्य शासकीय उत्सवों, स्टेशनरी, मोबाइल रिचार्ज, बिजली का बिल, भवनों की पुताई अन्य छोटे-मोटे अति आवश्यक कार्यों के लिए व्यय करने का अधिकार दिया गया है। ग्राम पंचायतों के सरपंच-सचिव 15 प्रतिशत प्रशासनिक मद की राशि को अपनी स्वयं की राशि मानते हैं और नियम कानून को दरकिनार करते हुए मनमानी तरीके से मोबाइल खरीदी, रिचार्ज, इलेक्ट्रानिक सामग्री, स्टेशनरी आदि के नाम पर व्यय कर देते हैं। संबंधित फर्मों के खाते में पैसा भेजकर 5 प्रतिशत देकर उनसे बिल प्राप्त कर लेते हैं और शेष पैसा फर्मों व वेंडरों से नकद प्राप्त कर लेते हैं। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन में पंचायतों द्वारा तरह-तरह के घोटाले किए गए हैं जिसका क्रमवार खुलासा हो रहा है।

## शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

### जिला सीईओ ने की चोभरा दिग्विजय सिंह एवं खड्डी कला के सरपंच सचिव पर हुई धारा 92 की कार्यवाही

**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत चोभरा दिग्विजय सिंह के सरपंच रामस्वरूप यादव, सचिव नीलेश पाण्डेय पर कार्यवाही करते हुए 8 अगस्त 2025 को जनपद पंचायत रामपुर नैकिन के द्वारा शासकीय राशि का दुरुपयोग करने पर 3 लाख 32 हजार 900 रुपए के वसूली का प्रस्ताव भेजा गया था। जिला पंचायत के द्वारा मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत सरपंच एवं सचिव पर वसूली का प्रकरण अंतरित किया गया है। जिसके तहत 1 सितंबर 2025 को इस न्यायालय में अपने जवाब के साथ सुनिश्चित होवें एवं उक्त वसूली राशि को जमा करने के भी निर्देश दिए गए हैं। बताया गया है कि ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव के द्वारा विभिन्न आयोजनों के नाम पर नियम विरुद्ध तरीके से ग्राम पंचायत की शासकीय राशि का दुरुपयोग किया था। वहीं दूसरी ओर ग्राम पंचायत खड्डी खुर्द के सचिव जयकांत पाण्डेय, रोजगार सहायक आशीष विश्वकर्मा के विरुद्ध मध्य प्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 92 के तहत कार्यवाही करते हुए जिला पंचायत सीईओ ने सचिव एवं रोजगार सहायक को 8 सितंबर 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### नव नियुक्त पार्टी पदाधिकारी की बैठक संपन्न




**जागरण, सीधी।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की प्रथम बैठक भाजपा कार्यालय में कामकाजी एवं पखवाड़ा दिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक के संबंध में जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिला पदाधिकारियो की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियो को शुभकामनाएं दी एवं आशा व्यक्ति की कि यह कार्य समिति संगठन की मजबूती के लिए समर्पित भाव से बेहतर कार्य करेगी। आगामी दिनों में आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत संपन्न होने वाले विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की भी चर्चा भाजपा जिला अध्यक्ष श्री चौहान ने की। बैठक में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष अशोक पटेल, विश्व बंधु धार द्विवेदी, श्रीमती अंजू केसरी, श्रीमती उषा गोपाल पटेल, श्रीमती मनीला सिंह, अखिलेश पाण्डेय, शिवदान साकेत, महामंत्री अनिल पाण्डेय, चंद्रपाल सिंह उइके, लोरिक प्रसाद यादव, मंत्री सुश्री पूजा सिंह कुशराम, श्रीमती उर्मिला साकेत, गजराज सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, उमाशंकर यादव, कपूर चंद्र साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती अनीता चौरसिया, कार्यालय मंत्री पुनीत पाण्डेय, सह कार्यालय मंत्री संदीप सिंह सहित जिले के नवनियुक्त सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### भोर से ही खाद के लिए लग जाती है लंबी कतारें

**जागरण, सीधी।** शहर के पटेल पुल स्थित खाद गोदाम से खाद पाने के लिए भोर से ही किसानों की लंबी-लंबी कतारें लग जाती हैं। खाद की किल्लत खत्म न होने से किसानों को घंटों लाइन में लगने के बाद भी खाद नहीं मिल पाती। स्थिति यह है कि एक किसान को एक ही बोरी यूरिया-खाद मिलने से किसानों में काफी आक्रोश है। चर्चा के दौरान कुछ किसानों का कहना था कि उनको 5-6 बोरी यूरिया की जरूरत है। एक दिन घंटो लाइन में लगने के बाद एक बोरी यूरिया मिलने में भी सफलता नहीं मिलती।

**अंकसूची गुम होने की सूचना**

मैं अतुल सिंह पिता भारत सिंह उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम नचनी पोस्ट महुआ, थाना व तहसील मझौली, जिला सीधी (म.प्र.) का निवासी हूं। दिनांक 18/5/2025 को राजवीर बस में बैठकर सीधी कॉलेज आ रहा था। रास्ते में मेरा बैग चोरी हो गया। चोरी गए बैग में मेरी 12वीं की अंकसूची, सीनियर स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2022 में उत्तीर्ण किया था। जिसका अनुक्रमांक 19670179 था। समस्त दस्तावेजों के साथ गुम हो गया। मेरी कक्षा 12वीं की द्वितीय प्रति अंकसूची प्राप्त करने के लिए मैने शपथ देकर आवेदन किया है। मैने कक्षा 12वीं एकलव्य माडल आइस एस.सी.एच. टमसार सीधी से उत्तीर्ण किया था।

भवदीय
अतुल कुमार सिंह, पिता भारत सिंह
निवासी ग्राम नचनी, पोस्ट महुआ
थाना-तहसील मझौली, जिला सीधी (म.प्र.)

**In The Court Of I Additional Judge To I Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court, Sidhi**
**Presiding Officer:** श्री राकेश कुमार सोनी
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000183/2022)
सीमा साहू.................................................वादी
Vs
दिनेन्द्र प्रसाद तिवारी..................................................प्रतिवादी
प्रो. 807/25 26/8/25
Process Id-/2025 पेशी दिनांक :- 07/10/2025

प्रेषिति-
(1) दिनेन्द्र प्रसाद तिवारी पिता शेषमणि राम तिवारी पता-निवासी डढिया बेलहा थाना व तहसील बहरी जिला सीधी म0प्र0

यह कि प्रार्थी सीमा साहू ने आपके विरुद्ध एमएसीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 21 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा
न्यायाधीश
राकेश कुमार सोनी सदस्य
प्रथम मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सीधी, जिला-सीधी (म.प्र.)

## एसपी ने 19 अत्याधुनिक 112 वाहन को दिखाई हरी झंडी

### पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा ने झंडी दिखाकर किया थानों में रवाना

### एफआरवी वाहनों से जिले में होगी अपराधों पर चौकसी



जागरण, सीधी

पुलिस अधीक्षक सीधी डॉ. रवींद्र वर्मा के द्वारा आज 3 सितम्बर 2025 को डायल 112 के 19 नवीन एफआरवी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों के लिए रवाना किया गया। यह वाहन पुलिस मुख्यालय द्वारा जिला सीधी को आवंटित किए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा, रक्षित निरीक्षक वीरेंद्र कुमरे, निरीक्षक देवेंद्र सिंह रेडियो शाखा, वाहन शाखा प्रभारी उप निरीक्षक रामनरेश साकेत सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा। नवीन एफआरवी वाहन अत्याधुनिक तकनीक और उपकरणों से लैस हैं। अब सिर्फ 112 डायल करने पर पुलिस सहायता, एम्बुलेंस सेवा एवं अग्निशमन सेवा- तीनों सुविधाएं एक ही स्थान से उपलब्ध होंगी। इन वाहनों की सुविधाओं में वाहनों की लोकेशन और घटनास्थल की वास्तविक समय मॉनिटरिंग संभव होगी। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की कार्यवाही में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। घटनास्थल का सटीक रिकॉर्ड उपलब्ध होगा। तत्काल स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध होगी। आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत कार्य मिलेगा। इस नवीन पहल से जिले के नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में तेज, सुरक्षित और भरोसेमंद सहायता प्राप्त होगी, जिससे जनसुरक्षा और पुलिस पर जनविश्वास दोनों और मजबूत होंगे। अत्याधुनिक वाहनों से जहां एक ओर आम जनता को राहत मिलेगी वहीं वाहनों की चौकसी से अपराधों में काफी कमी आएगी। जिले के थाना-चौकियों में वाहनों की कमी भी इन वाहनों से पूरी होगी और थाना एवं चौकियों को निगरानी करने में आसानी होगी।

## खजुरी में एक घर से 27 नग सागौन की बल्लियां जब्त

### वन विभाग की टीम ने की दबिश कार्यवाही



जागरण, सीधी

वन परिक्षेत्र सीधी की टीम द्वारा उप वन मंडलाधिकारी सीधी के सर्च वारंट पर आज खजुरी गांव में एक घर में छापामार कार्यवाही करते हुए गेंहू के भूसे के नीचे छिपाकर रखी गई सागौन की 27 नग बल्लियों को जप्त करने की कार्यवाही की। मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर आज सुबह वन टीम खजुरी में पुरुषोत्तम विश्वकर्मा पिता हीरालाल विश्वकर्मा के मकान में छापा मारने के लिए पहुंची। पुरुषोत्तम विश्वकर्मा के रिहायशी घर के अंदर तलाशी लेने पर किसी प्रकार की अवैध लकड़ी नहीं मिली। जिसके बाद पूर्व-उत्तर दिशा में बने एक छोटे घर में वन टीम पहुंची वहां पर गेंहू का भूसा रखा गया था। भूसे की तलाशी के दौरान वन टीम को सागौन की 27 नग बल्लियां मिली। मिले सागौन की बल्लियां के संबंध में जब पुरुषोत्तम विश्वकर्मा से वैध कागजात की मांग की गई तो प्रस्तुत नहीं किया गया। जिस पर उक्त सागौन की लकड़ियों को मौके पर जप्त करने के साथ ही पंचनामा कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान रेंजर सीधी रविंद्रनाथ तिवारी, रेंजर चुरहट नवीन सिंह बघेल, डिप्टी रेंजर शिवेन्द्र सिंह, डिप्टी रेंजर राधे साकेत, वनपाल पंकज मिश्रा, वन रक्षक सतेन्द्र सिंह, विकास मिश्रा, बृजेश तिवारी, रविशंकर टांडिया, सुरेश सतनामी, केके पनिका मौजूद रहे।

## कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की खाद वितरण की समीक्षा



**जागरण, सीधी।** कमिश्नर रीवा संभाग बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों में खाद वितरण तथा रोजगार मेले की तैयारियों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर खाद वितरण की सुचारू व्यवस्था करें, जिससे किसानों को बिना किसी कठिनाई के खाद मिल सके। खाद की उपलब्धता, वितरण तथा सात दिनों में आने वाली खाद की रैक का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। जनप्रतिनिधियों तथा किसान संगठनों के प्रतिनिधियों को खाद वितरण के संबंध में वस्तुस्थिति से लगातार अवगत कराएं। डबल लाक सेंटर के साथ सहकारी समितियों के माध्यम से भी खाद का पर्याप्त वितरण सुनिश्चित करें। जिन केन्द्रों में बड़ी संख्या में किसान पहुंच रहे हैं वहां पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात कर व्यवस्थित वितरण कराएं। समितियों तथा डबल लाक से सुबह 7 बजे से खाद का वितरण शुरू करा दें। वितरण केन्द्रों में राजस्व और कृषि विभाग के अधिकारी तैनात रखें। अधिक दाम पर खाद बेचने वालों तथा वितरण में गड़बड़ी करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने कहा कि अक्टूबर माह के अंत में रीवा में रोजगार और स्वरोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इसमें मुख्यमंत्री जी 50 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करेंगे। सभी जिले निर्धारित लक्ष्य के अनुसार शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों तथा निजी कंपनियों में रोजगार के अवसर प्राप्त करने वालों की सूची तैयार कर लें। रोजगार मेले की तैयारियों के लिए जिला और विकासखण्ड स्तर पर शिविर लगाएं। विभिन्न योजनाओं के प्रकरण बैंकों में समय पर दर्ज कराकर उन्हें स्वीकृत कराएं। कमिश्नर ने कहा कि ईद.मिलादउन.नवी और अनंत चतुर्दशी में गणेश विसर्जन के लिए आवश्यक प्रबंध कर लें। नवरात्रिए दशहरे और दीवाली त्यौहारों के लिए भी प्रबंध कर लें। नवरात्रि में मैहर तथा दीपावली में चित्रकूट में लाखों श्रद्धालु आते हैं। इनके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित कर लें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में एनआईसी केंद्र सीधी से कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने खाद वितरण एवं रोजगार मेले की तैयारियों की विस्तार से जानकारी दी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय, उपखंड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, सिहावल प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी, चुरहट शैलेश द्विवेदी, उपसंचालक कृषि राजेश सिंह चौहान तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बने प्रफुल्ल

**जागरण, सीधी।** किसान कांग्रेस सीधी के जिला अध्यक्ष बने प्रफुल्ल पाण्डेय किसानों के समस्या की लड़ाई जमीन स्तर पर लड़ने और उनको न्याय दिलाने के लिए श्री पाण्डेय पर पुनः शीर्ष नेतृत्व ने भरोसे व विश्वास जताया है। प्रफुल्ल पाण्डेय ने लगातार दूसरी बार पुनः जिला किसान कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के लिए शीर्ष नेतृत्व व पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, डॉ. महेंद्र सिंह चौहान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ज्ञान प्रताप सिंह का दिल से आभार जताया है और सभी को विश्वास दिलाया है कि आप सब के मार्ग दर्शन में किसानों के हितों की लड़ाई निरंतर जारी रहेगी।

# ट्रक की चपेट में आए चार गौवंशों की मौत, दो गंभीर



जागरण हादसा

### सीधी-रीवा बाईपास में जमोड़ी ओव्हरब्रिज पर हुआ हादसा

### गौसेवकों ने देर रात घायल गौवंशों का कराया उपचार



जागरण, सीधी

शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 रीवा-सीधी मार्ग बाईपास जमोड़ी ओव्हरब्रिज पर मंगलवार की रात्रि करीब 11 बजे अज्ञात ट्रक की चपेट में आए चार गौवंशों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं दो गौवंश गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलने पर गौसेवकों ने पहुंचकर मौके पर गंभीर रूप से घायल दोनो बछड़ों का प्राथमिक उपचार कराया। हादसे में दोनो बछड़ों के पैर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। एक बछड़े का तो पिछला पैर का अधिकांश हिस्सा कटकर अलग हो गया है। जबकि दूसरे बछड़े का पैर गंभीर रूप से चोटिल हो गया। मौके पर पहुंचे शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय, गौसेवक केशव मिश्रा एवं अन्य गौसेवकों ने जमोड़ी पुलिस को सूचना दिया वहीं अन्य अधिकारियों को कॉल करने का प्रयास किया गया लेकिन उनके द्वारा रिसीव नहीं किया गया। तत्संबंध में जमोड़ी थाना प्रभारी द्वारा सुबह मृत गौवंशों को दफन कराने का आश्वासन दिया है। बाद में गौसेवक केशव मिश्रा ने दोनो घायल बछड़ों को प्राथमिक उपचार के पश्चात शहर के कांजी हाउस पहुंचाया। तत्संबंध में आक्रोषित गौसेवकों का कहना था कि इस दुखद घटना के लिए सबसे बड़े अपराधी वह गौपालक हैं जिनके द्वारा अपने गौवंशों को मरने के लिए सड़कों पर आवारा छोंड़ दिया गया है। वहीं दूसरा अपराधी जिम्मेदार प्रशासन और जन प्रतिनिधि हैं जिनकी लापरवाही से बजट के बावजूद गौवंश सड़कों पर मर रहे हैं। यह गौवंश यदि भूंख मिटाने के लिए खेत में जाते हैं तो किसान मारते हैं और सड़क में आते हैं तो भारी वाहन उन्हें मौत के आगोश में सुला देते हैं या फिर अपंग बना देते हैं। सनातन संस्कृति में गौमाता का स्थान सर्वोच्च है लेकिन वर्तमान में उनका लालन-पोषण होने की बजाय उपेक्षा मिल रही है। ऐसे में दोषियों को चिन्हित कर प्रशासन को कठोर कार्यवाही करने के साथ ही लापरवाह गौपालकों को जेल भेजना आवश्यक है। साथ ही सरकार को गौवंश की सुरक्षा हेतु सख्त और प्रभावी कानून बनाना चाहिए। जिससे गौवंशों की सुरक्षा हो सके। वहीं गौशालाओं एवं बाड़ों की संख्या ग्राम पंचायत स्तर तक बनाते हुए गौवंशों को सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराना चाहिए। जिससे वह भी सुरक्षित हो सकें।

### पैर कटने पर भी संघर्ष कर रहा बछड़ा



जमोड़ी ओव्हरब्रिज पर देर रात ट्रक की चपेट में गंभीर रूप से घायल हुए एक बछड़े का पिछला एक पैर पूरी तरह से कट गया। प्राथमिक उपचार के पश्चात गौसेवकों की मौजूदगी में यह घायल बछड़ा खड़े होने के प्रयास में संघर्ष करता रहा। काफी मशक्कत के बाद यह खड़ा हुआ लेकिन उसे यह नहीं आभाष हो रहा था कि जिन पैरों से वह चलता था एक पिछला पैर अब कट चुका है। इस वजह से तीन पैर से ही यह बछड़ा चलने के प्रयास में काफी जद्दोजेहद करता रहा। रात में इस दृश्य को देखकर मौजूद गौसेवकों की रूह भी कांप गई। यह बेजुबान पैर कटने के बाद भी खड़े होने का प्रयास कर रहा था। गौसेवकों ने संघर्षरत गंभीर रूप से घायल बछड़े को संभाला और रात में दोनो घायल बछड़ों को शहर के कांजी हाउस में पहुंचाने की व्यवस्था की। जिससे कांजी हाउस में गंभीर रूप से घायल दोनो बछड़ों को उपचार के साथ ही खाने-पीने की सुविधा भी बिना भटकाव के मिल सके।

> जिले में गौवंशों की हालत काफी दयनीय है। आवारा छोंड़े जाने के बाद इन गौवंशों का कोई ठिकाना नहीं है। भूंख मिटाने के लिए यदि खेत में जाते हैं तो किसानों द्वारा डंडों से काफी बेरहमी के साथ पीटा जाता है। यदि सड़क पर आते हैं तो भारी वाहनों की चपेट में आकर या तो मौत के गाल में समा जाते हैं या फिर गंभीर रूप से घायल होकर हमेंशा के लिए लाचार हो जाते हैं। ऐसे में प्रशासन को आगे आकर गौवंशों की सुरक्षा के लिए ठोस उपाय करना चाहिए।
>
> **विवेक पाण्डेय, गौसेवक**

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

# भारत-चीन संबंधों में सुधार के सकारात्मक संकेत

*शांघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी की उपस्थिति पूरी दुनिया में चर्चा के केंद्र में रही। दरअसल, सात वर्षों बाद यह उनकी पहली चीन यात्रा थी। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच संबंधों में 'सकारात्मक गति' के संकेत मिले हैं। ध्यान रहे कि लद्दाख में सीमा पर गतिरोध के कारण दोनों देशों के बीच रिश्ते तनावपूर्ण बने रहे हैं। बैठक से इतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मुलाकात के बाद दोनों पक्षों की ओर से जारी वक्तव्य में जो भाषा सामने आई उसमें काफी परिवर्तन देखने को मिला। गत वर्ष रूस के शहर कजान में दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद से जो सद्भावना बन रही है, उसे बढ़ाते हुए दोनों देशों के बयानों में भारत और चीन को 'प्रतिद्वंद्वी नहीं विकास साझेदार' के रूप में प्रस्तुत किया गया और यह जोर दिया गया कि मतभेदों को विवादों में नहीं बदलना चाहिए। दोनों नेताओं की मुलाकात को लेकर चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र चाइना डेली के प्रथम पृष्ठ पर एक आलेख प्रकाशित हुआ है, जिसमें कहा गया है कि 'साझेदारी को भारत-चीन रिश्तों की कुंजी के रूप में देखा जा रहा है।' यह भी चीन के नजरिये में बदलाव दर्शाता है। दोनों बयानों में रणनीतिक स्वायत्तता को आगे बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया गया और प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि संबंधों को तीसरे देश के नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए। यह इस बात का परोक्ष संकेत था कि भारत को चीन एशिया में अमेरिका से जुड़े प्रतिद्वंद्वी के रूप में न देखे। इसके साथ ही मोदी ने रूसी राट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ हाथ मिलाकर, गले मिलकर और 45 मिनट की कार यात्रा के दौरान बातचीत के जरिए यह संकेत देने का प्रयास किया कि भारत अमेरिकी राष्ट्रपति की उस मांग को मानने के पक्ष में नहीं है जिसमें उन्होंने रूसी तेल खरीदना बंद करने को कहा था।*

*यह बदलाव स्वागत योग्य है लेकिन इसे वैश्विक शक्ति संतुलन को नए सिरे से तय करने कोशिश की पृष्ठभूमि में देखा जाना चाहिए। यह वर्तमान अमेरिकी नेतृत्व की अनिश्चित नीतियों का परिणाम है। वास्तव में शी जिनपिंग ने एससीओ शिखर सम्मेलन की भव्यता के माध्यम से चीन के नेतृत्व वाले वैश्विक गठबंधनों की पुनर्रचना के अपने उद्देश्य को छिपाया नहीं है। इस सम्मेलन में 20 नेता शामिल हुए, जिनमें तुर्किये के राष्ट्रपति एर्दोआन भी थे, जो गाजा में अमेरिका-समर्थित इजरायली अत्याचारों के प्रति जागरुकता बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं। शी के उद्घाटन भाषण में 'समान और व्यवस्थित बहुध्रुवीय विश्व' तथा 'समावेशी वैश्वीकरण' जैसे शब्दों का प्रयोग इस बदलते समीकरण को दर्शाता है।*

*मोदी और जिनपिंग के बीच तालमेल को भूराजनीतिक विवशताओं की यथार्थवादी समझ के साथ देखना चाहिए जो इन संबंधों को दिशा दे रही है। यह बात बैठक के बाद भारतीय और चीनी ब्योरों में कुछ अहम अंतर से स्पष्ट होती है। उदाहरण के लिए, सीमा विवाद पर भारतीय बयान में 'सीमा मसले का निष्पक्ष और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान, जो द्विपक्षीय संबंधों के समग्र राजनीतिक दृष्टिकोण से आगे बढ़े' की बात कही गई। वहीं चीन के बयान में संकेत दिया गया कि सीमा मुद्दे को भारत-चीन संबंधों की समग्र दिशा को परिभाषित नहीं करना चाहिए। उसमें कहा गया कि दोनों पक्षों को 'भारत-चीन संबंधों को रणनीतिक और दीर्घकालिक दृष्टिकोण से संभालना चाहिए' और 'उन्हें जियानचिन शिखर सम्मेलन के माध्यम से और ऊंचा उठाना चाहिए।' चीन ने नेहरू की पंचशील नीति का भी उल्लेख किया जिसमें यह रेखांकित किया गया है कि70 साल पहले भारत और चीन के नेताओं द्वारा प्रस्तावित शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के पांच सिद्धांतों को संजोने और उन्हें बढ़ावा देने की जरूरत है।*

*चीन ने ग्लोबल साउथ के संयुक्त नेतृत्व की बात की, वहीं भारतीय बयान इस पर मौन रहा। वर्तमान समय में अपने-अपने हित के चलते सहयोग की प्रवृत्ति के कारण इन मतभेदों को फिलहाल नजरअंदाज किया जा सकता है, लेकिन नजरिये का यह अंतर भविष्य में भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बदलने पर महत्त्वपूर्ण साबित हो सकता है।*

# शहरी चुनौती कोष को सुदृढ़ बनाने के लिए सात सुझाव

शहरी अर्थव्यवस्था

विनायक चटर्जी

भारतीय शहर संभावनाओं से भरपूर हैं मगर धन जुटाने के पुराने तौर-तरीकों और अत्यधिक दबाव का सामना कर रहे बुनियादी ढांचे के कारण अपनी पूरी क्षमता के साथ प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। 2011 और 2018 के बीच शहरी उपयोगिता ढांचे (रियल एस्टेट को छोड़कर) पर पूंजीगत व्यय जीडीपी का औसतन 0.6 फीसदी रहा है। यह जरूरी रकम का महज एक चौथाई हिस्सा ही है। वर्ष 1992 में भारतीय संविधान में हुए 74वें संशोधन का लक्ष्य शहरों को 'अपना भविष्य स्वयं तय करने की स्वतंत्रता' देना था मगर यह उद्देश्य अधूरा रह गया है।

इस विषय को गंभीरता से लेते हुए इस साल फरवरी में प्रस्तुत केंद्रीय बजट में एक बड़े बदलाव की घोषणा की गई जिसकी जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार 'शहरों को विकास के केंद्र बनाने', 'शहरों के रचनात्मक पुनर्विकास' और 'जल एवं स्वच्छता' जैसे प्रस्ताव लागू करने के लिए 1 लाख करोड़ रुपये के साथ शहरी चुनौती कोष (अर्बन चैलेंज फंड या यूएसीएफ) तैयार करेगी। यह 'अधिकार आधारित' अनुदानों से 'प्रदर्शन आधारित' वित्त पोषण तंत्र की तरफ उठाया गया एक बड़ा रणनीतिक कदम है।

भारत की जनगणना किसी इलाके को दो शर्तों पर शहरी क्षेत्र के रूप में वर्गीकृत करती है। पहली शर्त, अगर कोई अधिसूचित शहरी स्थानीय निकाय वाला एक वैधानिक शहर है, तो वह शहरी क्षेत्र में आएगा। दूसरी शर्त, कोई क्षेत्र जनगणना शहर हो जो सभी तीन मानदंडों को पूरा करता हो यानी वहां कम से कम 5,000 आबादी हो, प्रति वर्ग किमी 400 जनसंख्या घनत्व हो और 75 फीसदी पुरुष कार्य बल गैर-कृषि गतिविधियों में शामिल हो। केरल का मामला बिल्कुल अलग है। वहां शहरीकरण की दर वर्ष 2022 में दर्ज 73.19 फीसदी से 2036 में 96 फीसदी पहुंचने का अनुमान जताया जा रहा है। हालांकि, ऐसे राज्य भी हैं जहां शहरीकरण की दर काफी धीमी है। इस स्थिति से निपटने के लिए नीति आयोग चार शहर क्षेत्रों- मुंबई महानगर क्षेत्र, वाराणसी, सूरत और विशाखापत्तनम में आर्थिक गतिविधि और भूमि के इस्तेमाल के आधार पर एक नए ढांचे पर काम कर रहा है। स्पष्ट है कि भारत में शहरीकरण की राह में पेश आने वाली चुनौतियां काफी कम कर आंकी जा रही हैं। यूसीएफ का ढांचा महत्तवाकांक्षा और नई सोच को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है। इसके तहत 25 फीसदी वित्त पोषण केंद्र सरकार की तरफ से मिलेगा है और शहरों को परियोजना खर्च का कम से कम 50 फीसदी हिस्सा बॉन्ड, ऋणों या सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से जुटाने के लिए कहा गया है। यूसीएफ अधिक प्रभाव एवं राजस्व अर्जित करने वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता देकर निजी निवेश को बढ़ावा देगा और शहरों द्वारा विकास के लिए रकम जुटाने के तरीकों को नए सिरे से परिभाषित करेगा। शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए धन जुटाने को लेकर भारत के पिछले अनुभव को देखते हुए इस विषय पर पुनर्विचार करने की जरूरत महसूस की गई।



> यदि हमारे देश को 2047 तक वास्तव में विकसित भारत बनना है, तो हमारे शहरों को पहले विश्वसनीय, रहने योग्य और चुनौतियों से निपटने लायक बनना होगा। शहरी चुनौती कोष एक ऐसा प्रेरक बन सकता है जिसका हमें लंबे समय से इंतजार रहा है।

वर्ष 2015 में शुरू 'स्मार्ट सिटी मिशन' से स्थानीय स्तर पर नवाचार को बढ़ावा मिला मगर निजी क्षेत्र की भागीदारी सीमित रही। केवल 6 फीसदी परियोजनाओं में सार्वजनिक-निजी साझेदारियों (पीपीपी) का इस्तेमाल हुआ और 2023 तक केवल 12 फीसदी परियोजनाएं अपना हिसाब-किताब पूरा करने में सफल रहीं जो 21 फीसदी के लक्ष्य से काफी कम है। सामाजिक ढांचे के लिए 80 फीसदी तक सहयोग की पेशकश करने के बावजूद व्यवहार्यता अंतर वित्त पोषण योजना के अंतर्गत दो दशकों के दौरान केवल 71 परियोजनाएं मंजूर हो पाईं। अफसरशाही के स्तर पर देरी, त्रुटिपूर्ण अनुबंध और दोषपूर्ण परियोजना अवधि से जुड़े अनुमानों के कारण यह नौबत आई। यूसीएफ के ढांचे एवं इसकी आपूर्ति मजबूत करने के लिए इन्फ्राविजन फाउंडेशन ने अपने व्यापक शोध एवं क्षेत्रीय अनुभव के आधार पर निम्नलिखित सुझाव दिए है-

1. यूसीएफ को परियोजना नियोजन, परिचालन एवं रखरखाव, सेवा आपूर्ति में परियोजना की अवधि से जुड़ी सोच शर्तिया तौर पर शामिल करनी चाहिए और नागरिकों की संतुष्टि को एक प्रमुख घटक मानते हुए इस पर शुरू से ही ध्यान देना चाहिए। परियोजनाओं का ढांचा संरचित परिचालन एवं रखरखाव मानकों, सेवा संबद्ध भुगतान और नागरिक केंद्रित निगरानी के साथ तैयार किया जाना चाहिए। बुनियादी ढांचे के लिए वित्त उपलब्ध कराना ही एकमात्र लक्ष्य न हो बल्कि शहरों के नजरिये (बुनियादी ढांचे को उत्पाद के बजाय उन्हें सेवा मानना) को भी बदलने पर ध्यान होना चाहिए।

2. बुनियादी ढांचे में निवेश से जुड़े जोखिम समाप्त कर निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी को अवश्य बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यूसीएफ को अपने अनुदानों को फर्स्ट लॉस गारंटी, ऋण वृद्धि और राजस्व नुकसान से बचाव के साथ जोड़ना चाहिए। विकास वित्त बैंक नैबफिड द्वारा प्रस्तावित आंशिक क्रेडिट गारंटी फंड नगर निगमों के बॉन्ड में निवेशकों के भरोसे को बढ़ावा देने में सहायक भूमिका निभा सकता है।

3. शहरों को स्वयं अपने संसाधन जुटाने में बेहतर प्रदर्शन करना चाहिए। विभिन्न नगर निगम सेवाओं के लिए 'उपयोगकर्ता-भुगतान' का प्रावधान करना राजनीतिक रूप से गर्म मुद्दा बना रहा है। जब तक शहर राजस्व संग्रह एवं इनका प्रबंधन पूरी पारदर्शिता ने नहीं करते हैं तब तक निजी निवेशकों में हिचकिचाहट बनी रहेगी।

4. क्षमता निर्माण के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। देश के कई बड़े एवं मझौले शहरों में पुख्ता योजना तैयार करने की क्षमता एवं तकनीकी टीम का अभाव है और जटिल शहरी बुनियादी ढांचे का खाका तैयार करने, निविदा जारी करने और प्रबंधित करने की वित्तीय परख नहीं है। परियोजना की तैयारी एवं क्रियान्वयन मजबूत करने के लिए शहरों को समर्पित परियोजना तैयारी प्रकोष्ठों, तकनीकी मार्गदर्शन और सहज मंजूरी प्रक्रिया के साथ लैस करना जरूरी है।

5. यूसीएफ को जल-सुरक्षित शहर चुनौती या शून्य-अपशिष्ट चुनौती जैसे लक्षित चुनौती कार्यक्रम शुरू करके नवाचार को प्रोत्साहित करना चाहिए। इनमें प्रदर्शन-आधारित वित्त पोषण और परिणाम-संबद्ध मूल्यांकन ढांचे द्वारा समर्थन होना चाहिए।

6. यूसीएफ को पीएम गति शक्ति या अटल नवीकरण मिशन जैसी मौजूदा योजनाओं से अलग अपनी एक पहचान बनाकर स्पष्ट राजस्व मॉडल के साथ उच्च प्रभाव वाली नवीन परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। इसे पारगमन-उन्मुख विकास केंद्रों, अपशिष्ट-से-ऊर्जा संयंत्रों जैसी परियोजनाओं को प्राथमिकता देनी चाहिए जो अपशिष्ट का मुद्रीकरण करते हैं।

7. संस्थागत स्पष्टता एक और स्तंभ है। यूसीएफ को एक चुस्त और उत्तरदायी निकाय द्वारा संचालित किया जाना चाहिए जो सार्वजनिक और निजी दोनों हितधारकों के साथ प्रभावी ढंग से जुड़ सके। इसे एक और टॉप-डाउन योजना बनने से बचना चाहिए और इसके बजाय परियोजना चयन से लेकर निगरानी और मूल्यांकन तक हर स्तर पर प्रतिस्पर्धा, स्वायत्तता और नवाचार की भावना को बनाए रखना चाहिए। यदि भारत को 2047 तक वास्तव में विकसित भारत बनना है, तो हमारे शहरों को पहले विश्वसनीय, रहने योग्य और चुनौतियों से निपटने लायक बनना होगा। शहरी चुनौती कोष एक ऐसा प्रेरक बन सकता है जिसका हमें लंबे समय से इंतजार रहा है।

# राज्यपाल बनाम विधानमंडल, गेंद न्यायपालिका के पाले में

विधि-विधान

सीबीपी श्रीवास्तव

संविधान के अनुच्छेद 143 के अंतर्गत राष्ट्रपति का संदर्भ एक ऐसा प्रावधान है, जो सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका को देश के राजनीतिक-प्रशासनिक ढांचे के संरक्षण तक विस्तारित करता है। विधेयकों को स्वीकृति देने की अपनी शक्ति का प्रयोग करने में राज्यपाल की भूमिका पर हाल ही में हुई बहस ने एक ऐसे मुद्दे को उभार दिया है, जिसमें संविधान की व्याख्या से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न शामिल है।

यह मुद्दा राज्यपाल द्वारा विधेयकों को रोके रखने की अवधि का है। अनुच्छेद 200 में यथाशीघ्र वाक्यांश का उल्लेख है, जिसके कारण तब विवाद उत्पन्न हुआ, जब तमिलनाडु के राज्यपाल ने राज्य विधानमंडल द्वारा पारित कुछ विधेयकों पर अपनी स्वीकृति नहीं दी।

सर्वोच्च न्यायालय ने पंजाब राज्य बनाम पंजाब के राज्यपाल के प्रधान सचिव, 2023 मामले में निर्णय दिया कि विधेयकों को 'यथाशीघ्र' विधानमंडल को वापस भेजा जाना चाहिए। यदि राज्य विधानसभा विधेयक को 'संशोधनों के साथ या बिना संशोधनों के' पुनः प्रस्तुत करती है, तो राज्यपाल के पास कोई विकल्प या विवेकाधिकार नहीं होता है, और उन्हें अपनी सहमति देनी होती है। न्यायालय ने माना कि यदि राज्यपाल किसी विधेयक को बिना कुछ किए रोक लेता है, तो वह संविधान का उल्लंघन होगा। राज्यपाल राष्ट्रपति का प्रतिनिधि होता है और इसलिए निर्वाचित नहीं, बल्कि नियुक्त होता है।

जब वह राज्य के अनिर्वाचित सांविधानिक प्रमुख के रूप में, बिना किसी और विकल्प के अनुमति रोके रखने की घोषणा करके, निर्वाचित विधायिका द्वारा विधायी क्षेत्र के कामकाज को वीटो करता है, तो यह सांविधानिक लोकतंत्र और संसदीय शासन प्रणाली के भी विपरीत होगा। इसने राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सर्वोच्च न्यायालय से सलाह के लिए प्रेरित किया। अनुच्छेद 143 स्पष्ट करता है कि न्यायालय के लिए अपनी राय देना बाध्यकारी नहीं है। हालांकि, अनुच्छेद 143 के खंड (2) के तहत, यदि राष्ट्रपति किसी ऐसे मुद्दे पर सर्वोच्च न्यायालय की राय चाहता है, जो संविधान के लागू होने से पहले किसी संधि, करार, प्रसंविदा, अनुबंध, नामित या अन्य समान दस्तावेज से उत्पन्न हुआ है, तो न्यायालय के लिए राष्ट्रपति को अपनी राय देना अनिवार्य है। इसके लिए वह अनुच्छेद 145 के खंड (3) के तहत पांच न्यायाधीशों की सांविधानिक पीठ का गठन करेगा। हालांकि, यह राय किसी फैसले के विपरीत, बाध्यकारी नहीं होती। राष्ट्रपति ने न्यायालय के आठ अप्रैल के फैसले के पांच सप्ताह बाद एक संदर्भ भेजा, जिसमें न्यायालय ने राज्यपाल द्वारा विचारार्थ विधेयकों को मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति के लिए तीन महीने की समय-सीमा निर्धारित की थी। उस फैसले ने तमिलनाडु के राज्यपाल के 10 लंबित विधेयकों पर अपनी सहमति न देने के फैसले को रद्द कर दिया था। राष्ट्रपति ने 14 बिंदुओं वाला संदर्भ भेजा है, लेकिन स्पष्ट है कि राज्यपाल के कार्यों का आकलन और समीक्षा में न्यायपालिका की भूमिका सवालों के घेरे में है। हम जानते हैं कि राष्ट्रपति के साथ-साथ राज्यपाल को भी अनुच्छेद 361 के तहत उन्मुक्ति प्राप्त है, लेकिन विवादास्पद मुद्दा यह है कि क्या ये उन्मुक्तियां निरपेक्ष हैं। रामेश्वर प्रसाद बनाम भारत संघ (2006) में सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि संविधान का अनुच्छेद 361 किसी भी तरह से न्यायालयों को राज्यपाल के कार्यों की जांच से नहीं रोकता या निषिद्ध नहीं करता है, जिसमें आवश्यक निहितार्थ से अनुच्छेद 200 के तहत उनके कार्य भी शामिल होंगे। क्या न्यायालय राज्यपाल पर विधेयकों को मंजूरी देने के लिए समय-सीमा थोप सकता है, यह निर्णय का विषय था, जिसके बाद अनुच्छेद 142 के प्रयोग की वैधता पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया गया।



> राज्यपाल राष्ट्रपति का प्रतिनिधि होता है और इसलिए निर्वाचित नहीं, बल्कि नियुक्त होता है। जब वह राज्य के अनिर्वाचित सांविधानिक प्रमुख के रूप में, बिना किसी और विकल्प के अनुमति रोके रखने की घोषणा करके, निर्वाचित विधायिका द्वारा विधायी क्षेत्र के कामकाज को वीटो करता है, तो यह सांविधानिक लोकतंत्र और संसदीय शासन प्रणाली के भी विपरीत होगा।

यह अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय की अंतर्निहित शक्ति को सुनिश्चित करता है, जिसके द्वारा वह संविधान के संरक्षक के रूप में अपने कर्तव्य का निर्वहन ऐसी परिस्थिति में करता है, जब न तो संविधान में और न ही किसी कानून में कोई विशिष्ट प्रावधान हो।

राष्ट्रपति व राज्यपाल सांविधानिक प्रमुख हैं, इसलिए संविधान के प्रावधानों से बंधे हैं। उनके विवेकाधिकार, यदि कोई हों, का प्रयोग सांविधानिक प्रावधानों के उल्लंघन में नहीं किया जा सकता। हालांकि अपनी राय देना न्यायालय के लिए बाध्यकारी नहीं है, लेकिन बेहतर होगा कि वह 'यथाशीघ्र' वाक्यांश की व्याख्या करे, ताकि भविष्य में विवाद न हो और कानून निर्माण में बाधा का सामना न करना पड़े।

प्रसंगवश

# जेल से सरकार चलाने की मंशा से पीछा छुड़ाने सुधार जरूरी

अरसे से चुनाव सुधार के लिए ऐसी विसंगतियां दूर करने की मांग उठती रही है, जिनके चलते दुर्लभ से दुर्लभतम मामलों के आरोपियों को चुनाव लड़ने के अधिकार के साथ, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहते हुए जेल से सरकार चलाने का अधिकार भी मिला हुआ है। लेकिन, अब सरकार तीन संविधान संशोधन विधेयकों के जरिये इन विरोधाभासी कानूनों को बदलने की तैयारी में है।

पहला, संविधान में 130वां संशोधन विधेयक-2025 है, जिसके तहत 30 दिन तक जेल में रहकर पद पर बने रहने वाले प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को हटाने का प्रविधान है। दूसरा विधेयक केंद्र शासित प्रदेशों के लिए इन्हीं प्रविधानों के साथ लागू होगा। तीसरा विधेयक जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 (34) के तहत गंभीर आपराधिक आरोपों के कारण गिरफ्तार और हिरासत में लिए गए मुख्यमंत्री या मंत्री को पद से हटाने का कोई प्रावधान नहीं है। अतएव धारा-54 में संशोधन करके आपराधिक छवि वाले मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों को 30 दिन में हटाने का प्रविधान किया जाएगा। देश में जाति और संप्रदाय आधारित विडंबनाएं इस हद तक हैं कि अनेक दागी चुनाव जीत भी जाते हैं। यहां तक कि राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के अंतर्गत जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह और आतंकी फंडिंग में तिहाड़ जेल में बंद इंजीनियर रशीद ने पिछले साल लोकसभा चुनाव जीता। विचारणीय बिंदु यह भी है कि हत्या, दुष्कर्म, आतंक, अलगाव और हिंसा भड़काने वाले लोग यदि जीतकर संसद और विधानसभा में पहुंच जाते हैं, तब क्या इन सदनों की गरिमा या संविधान की महिमा बढ़ जाती है? यदि नहीं बढ़ती, तो राजनीतिक दल इन्हें टिकट क्यों देते हैं? क्या उन्हें देश की अखंडता की चिंता नहीं है?

सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 10 जुलाई, 2013 को दिए एक फैसले के अनुसार, किसी आपराधिक मामले में दो वर्ष की सजा पाए दोषी सांसद, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधियों को पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। अदालत ने इस फैसले में जनप्रतिनिधित्व कानून की धारा 8 (4) को रद्द कर दिया था। लेकिन, इस फैसले के विरुद्ध केंद्र सरकार ने संसद में सर्वसम्मति से संशोधन विधेयक लाकर शीर्ष अदालत के फैसले को चुनौती दी थी। इस बिल में धारा 8 की उपधारा 4 में एक प्रावधान जोड़ा, ताकि दागी नेताओं की कुर्सी बची रहे और वे सदन की कार्यवाही में भागीदारी करते रहें, लेकिन अदालत ने इसकी व्याख्या करते हुए कहा कि उपधारा 4 भेदभावपूर्ण है, क्योंकि यह दोषी ठहराए गए आमजन को तो चुनाव लड़ने से रोकती है, लेकिन जनप्रतिनिधि को सुरक्षा मुहैया कराती है। दरअसल, दागियों के कंधे पर टिका विपक्ष ऐसे कानूनों का पक्षकार इसलिए है, ताकि वह संप्रदाय और जाति के ध्रुवीकरण के आधार पर जीते प्रतिनिधियों के बूते अपना वर्चस्व संसद में बनाए रखे।

> विधेयकों को स्वीकृति देने की अपनी शक्ति का प्रयोग करने में राज्यपाल की भूमिका पर हाल ही में हुई बहस ने एक ऐसे मुद्दे को उभार दिया है, जिसमें संविधान की व्याख्या से जुड़ा एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रश्न शामिल है।

संविधान के अनुच्छेद 173 और 326 में प्रावधान है कि न्यायालय द्वारा दोषी-करार दिए लोगों के नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं किए जा सकते हैं। यहां प्रश्न खड़ा होता है कि जब कोई अपराधी मतदाता भी नहीं बन सकता है, तो वह जनप्रतिनिधि बनने के नजरिये से निर्वाचन प्रक्रिया में भागीदारी कैसे कर सकता है? संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत यह दोहरा मापदंड समानता के अधिकार का उल्लंघन है। समान न्यायिक व्यवहार की इस मांग को जनहित याचिका के जरिये लिली थॉमस और लोक प्रहरी नामक एनजीओ ने अदालत के समक्ष रखा था। याचिका में दर्ज इस विसंगति को शीर्ष न्यायालय ने अपने अभिलेख में प्रश्नांकित करते हुए तब की मनमोहन सिंह सरकार से जवाब-तलब भी किया था। केंद्र ने शपथपत्र देकर तर्क गढ़ा था कि 'कई बार सरकार बनाने या गिराने में चंद वोट ही बेहद महत्वपूर्ण होते हैं, लिहाजा सजा मिलने पर किसी जनप्रतिनिधि की सदस्यता खत्म कर दी जाती है, तो सरकार की स्थिरता ही खतरे में पड़ सकती है।' सरकार ने यह भी तर्क दिया था 'यह उन मतदाताओं के सांविधानिक अधिकार का हनन होगा, जिन्होंने उन्हें चुना है।' जाहिर है, सरकार राजनीति में शुचिता लाने के बरक्स अपराध बहाली को तरजीह दे रही थी। जनता अथवा मतदाता से राजनीतिक सुधार की उम्मीद करना इसलिए बेमानी है, क्योंकि राजनीति और उसके पूर्वाग्रह पहले से ही मतदाताओं को धर्म और जाति के आधार पर बांट चुके होते हैं।

## ॥गीता॥



**श्लोक**

**कथं विद्यामहं योगिंस्त्वां**
**सदा परिचिन्तयन्।**
**केषु केषु च भावेषु**
**चिन्त्योऽसि भगवन्मया।**

**भावार्थ**

ईश्वर तो सब वस्तु, देश, काल आदि में परिपूर्ण हैं। अतः किसी विशेषता, महत्ता, सुंदरता आदि को लेकर जहां-जहां मनुष्य का मन जाए, वहां-वहां ईश्वर का चिंतन करें, अर्थात वहां उस विशेषता आदि को ईश्वर की कृपा ही समझें

जीवन दर्शन

# अनुशासनबद्धता का अतिरेक भी बुद्धि-विवेक का दुश्मन

दूसरे विश्वयुद्ध में हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए एटम बम से दो लाख लोग तत्क्षण मारे गए थे और दो लाख अन्य मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग हो गए थे। जिस व्यक्ति ने वह बम गिराया, उससे अगली सुबह पत्रकारों ने पूछा कि आपने एक सेकेंड में दो लाख लोगों को राख कर दिया, क्या आपको पश्चाताप नहीं होता? उसने कहा, 'नहीं, मुझे तो कोई पछतावा नहीं है। बल्कि मैं तो गौरवान्वित हूं कि मैंने अपने अधिकारियों के आदेश का पूरी निष्ठा से पालन किया।'

अगर अनुशासनबद्धता और आज्ञाकारिता एक सीमा से बढ़ जाए तो इंसानियत खो जाती है। ऐसा व्यक्ति यंत्रवत हो जाता है और उसकी बुद्धि, विवेक, प्रज्ञा नष्ट हो जाते हैं। निश्चय ही, जीवन में कुछ नियम होने चाहिए क्योंकि हम सामाजिक प्राणी हैं। लेकिन अगर नियम बहुत गंभीर या भारी हो, तो बोझ बन जाता है। ऐसा नियम मन को जकड़कर व्यक्ति को पूर्वाग्रही बनाता है। पूर्वाग्रह से ग्रस्त व्यक्ति किसी काम का नहीं होता। इसलिए, अनुशासन उस सीमा तक ही स्वीकार्य हो सकता है जब तक तक व्यक्ति में बुद्धि-विवेक का विकास न हो जाए। जैसे ही व्यक्ति में प्रौढ़ता, परिपक्वता आने लगे, फिर उसके बाद अनुशासन और मर्यादाएं ऐसी ही होनी चाहिए जिन्हें आसानी से छोड़ा भी जा सके।




जर्मनी के लोग सबसे ज्यादा अनुशासित माने जाते हैं। एक बार किसी का नेतृत्व स्वीकार कर लें तो फिर उसके अंधभक्त हो जाते हैं। हिटलर इसी अनुशासनबद्धता और अंधभक्ति का परिणाम था। इसलिए, अनुशासन एक हद तक ही ठीक है। बेशक, नियम के इतर चलने से कुछ भूल-चूक की संभावना भी रहेगी। किंतु इसकी गुंजाइश ही न छोड़ी जाए तो कभी विकास ही न हो सकेगा। गलतियों में ही सीखने का अवसर होता है।

नियम नासमझ के लिए जरूरी हैं, लेकिन समझदार के लिए विवेक पर्याप्त है। समझदार को उसका विवेक ही भूल-चूक से बचाता है। अपरिपक्व के लिए मर्यादाएं आवश्यक हैं, किंतु प्रौढ़ के लिए उसके अपने अनुभव काफी होते हैं। ठीक ऐसे ही, जैसे नेत्रहीन के लिए तो लाठी चाहिए, मगर आंखों का इलाज हो चुकने के बाद उसकी जरूरत नहीं रह जाती।

जहां व्यक्ति नियमों का अंधानुकरण नहीं करता, वहां थोड़ी अराजकता जरूर दिखेगी, मगर कुछ हद तक यह अराजकता, अनुशासनहीनता भी स्वागत योग्य है। नियमबद्धता धीरे-धीरे व्यक्ति को इतना कृत्रिम बना देती है कि उसके भीतर विचार की प्रक्रिया ही समाप्त हो जाती है। इसलिए, जहां स्थापित नियमों के साथ थोड़ी छूट लेने की इजाजत होती है, उसी समाज में नियम और उत्सव- दोनों साथ-साथ चलते हैं। पक्ष-विपक्ष दोनों में उठने वाली आवाजों के प्रति सम्मान होना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### उपभोक्ता संघ को मिलेगी नई ऊर्जा : सारंग



**विसं भोपाल।** सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि मध्यप्रदेश राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ को सीपीपीपी मॉडल के रुप में विकसित कर उसे ग्लोबल मार्केट से जोड़ने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार की जाए। मंगलवार को संघ की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सारंग ने कहा कि उपभोक्ता संघ को आर्थिक रूप से सशक्त और प्रासंगिक बनाने के लिये अभिनव कदम उठाने होंगे। सारंग ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इसके अंतर्गत बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के साथ कार्य करने की संभावनाओं को तलाशा जाए। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता संघ द्वारा संचालित उपभोक्ता केंद्रों को बहुउद्देशीय बनाया जाए, क्योंकि ये केंद्र शहरों की प्रमुख लोकेशन्स पर स्थित हैं और बड़े ब्रांड्स को जोड़ने के लिये आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। बैठक में प्रमुख सचिव सहकारिता डी.पी. आहूजा, आयुक्त सहकारितामनोज पुष्प, प्रबंध संचालक उपभोक्ता संघ श्री ऋतुराज रंजन, प्रबंध संचालक अपेक्स बैंक मनोज गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### पारदर्शी तरीके से हो सड़कों का निर्माण : विजयवर्गीय



**विसं भोपाल।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि आगामी त्यौहारों के सीजन को देखते हुए सड़क मरम्मत से जुड़े कार्यों को विभाग प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 413 नगरीय निकायों में सड़क पर बोर्ड के माध्यम से निर्माण एजेंसी और निविदा शर्तों के बारे में नागरिकों और जनप्रतिनिधियों को उससे जुड़ी आवश्यक जानकारी दी जाये। मंत्री श्री विजयवर्गीय सोमवार को मंत्रालय में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। मंत्री विजयवर्गीय ने बताया कि शहरी क्षेत्रों पर लगातार आबादी का दबाव बढ़रहा है। इसका असर शहरी क्षेत्र की अधोसंरचना पर पड़ रहा है।

# नेताओं के लिए आसान नहीं होगा प्रदेश की टीम में शामिल होना

### टीम हेमंत में होंगे 80 फीसदी नए चेहरे

**विशेष संवाददाता,भोपाल।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष के भोपाल प्रवास ने उन नेताओं को पसीना ला दिया है,जो प्रदेश की नई टीम में अपनी मौजूदगी तय मान रहे थे। सूत्रों की माने तो नई फार्मूले के आधार पर 80 प्रतिशत नए चेहरे ही प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल की टीम का हिस्सा होंगे। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश भाजपा की नई टीम गठित होने की कवायद में संगठन जुटा हुआ है। स्वदेशी जागरण मंच की कार्यक्रम में शामिल होने दो दिन प्रवास पर रहे राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने प्रदेश संगठन को नेतृत्व की गाइडलाइन से अवगत करा दिया। बताया गया है कि नई गाइललाइन में अब महज 20 प्रतिशत ही पुरानी टीम के पदाधिकारियों को नए सिरे से जिम्मेदारी दी जाएगी। इनमें वो लोग होंगे,जिनका पिछला कार्यकाल बेहद सक्रिय और परिणाममूलक रहा है। ऐसे में कई ऐसे नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है,जिन्हें भरोसा था कि अगली प्रदेश की टीम में उनका होना तय है। पार्टी से जुड़े सूत्रों की माने तो भाजपा के मोर्चा और प्रकोष्ठों का नेतृत्व संभाल रहे नेताओं को भी अपनी जगह सुनिश्चित कराने के लिए पसीना आ रहा है। बताया गया है कि इनमें से कई मोर्चा और प्रकोष्ठों के अध्यक्ष निगम मंडल,प्राधिकरण और आयोग के पद पर नजर बनाए हुए है,तो कुछ को प्रदेश की टीम में जगह मिलने की उम्मीद है। बताया गया कि इन नेताओं ने बी.एल.संतोष से मिलकर उन्हें अपनी मंशा से अवगत कराया था,लेकिन उन्हें राष्ट्रीय महामंत्री से कोई आश्वासन नहीं मिला है,जिससे ये नेता अपने भविष्य को लेकर चितिंत है। जानकारों की माने तो संतोष ने प्रदेश नेतृत्व से साफ कह दिया है कि टीम में वो ही नेता शामिल हो,जिन्हें अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए पर्याप्त समय और परिश्रम देने की क्षमता हो।




### विधायक-सांसदों को पद नहीं

भाजपा सूत्रों का यह भी कहना है कि प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की टीम में विधायक और सांसदों को जिम्मेदारी से दूर रखा जाएगा। इन विधायक और सांसदों को अपने निर्वाचन क्षेत्र में पूरी सक्रियता देने के लिए कहा जाएगा।

### निकाय और पंचायत चुनाव की तैयारी

बताया गया है कि भाजपा अगले निकाय और त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर अभी से सक्रिय होंगी।दरअसल सरकार जल्द ही निकाय और पंचायत चुनाव प्रत्यक्ष रुप से कराने के लिए कानून लाने की तैयारी में है। ऐसे में भाजपा अभी से सरकार की योजनाओं को लेकर निकाय और गांव-गांव तक पहुंचने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय करेगी। प्रदेश और जिला संगठन की टीम तैयार होने के बाद भाजपा एक अभियान के तहत इन चुनावों को लेकर अपनी मुहिम को तेज करेगी।

# एनएचएलएमएल और उत्तराखंड सरकार के बीच रोपवे विकास समझौते पर हस्ताक्षर



**देहरादून।** देवभूमि उत्तराखंड के लिए मंगलवार ऐतिहासिक दिन रहा। इस दिन भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक्स एंड मैनेजमेंट लिमिटेड तथा पर्यटन विभाग, उत्तराखंड सरकार के बीच रोपवे विकास समझौता पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर भारत सरकार के राज्य मंत्री (सड़क परिवहन एवं राजमार्ग) अजय टम्टा, उत्तराखंड सरकार के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज, आरके सुधांशु, प्रमुख सचिव, उत्तराखण्ड शासन, विनय कुमार अपर सचिव, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार, दिलीप जावलकर, सचिव वित्त, उत्तराखंड शासन, धीराज गर्ब्याल, सचिव पर्यटन, उत्तराखण्ड शासन, युगल किशोर पन्त, सचिव सिंचाई एवं संस्कृति, उत्तराखण्ड शासन, अभिषेक रूहेला, अपर सचिव पर्यटन, राजेश मलिक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एनएचएलएमए, प्रशान्त जैन, उपाध्यक्ष (रोपवे), एनएचएलएमएल, पूजा मिश्रा अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, बंसी लाल राणा, निदेशक अवस्थापना, कमांडर दीपक खंडूड़ी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, मीडिया प्रतिनिधिगण एवं सभी अतिथिगण तथा केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।इस अवसर पर सीएम धामी ने कहा कि यह समझौता प्रदेश की धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक पहचान दिलाएगा तथा पर्यटन, रोजगार और पर्यावरण संरक्षण को नई दिशा देगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सोनप्रयाग - केदारनाथ (12.9 किमी, 4100 करोड़) और गोविंदघाट- हेमकुंड साहिब (12.4 किमी, 2700 करोड़) रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। ये परियोजनाएं राज्य में रोपवे कनेक्टिविटी के विस्तार और राज्य की अर्थव्यवस्था को सशक्त करने में अहम भूमिका निभाएँगी। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि राज्य में रोपवे के विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण दिन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में हर क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं। इन रोपवे के निर्माण के बाद श्रद्धालुओं को केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के दर्शन करने में काफी सुगमता होगी। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि यह समझौता राज्य में पर्यटन के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। इन रोपवे के निर्माण के बाद स्थानीय स्तर पर लोगों की आर्थिकी और रोजगार में वृद्धि होगी।

# समझाइश के बाद भी विरोध नहीं थम रहा कांग्रेस में



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में मंगलवार को जिलाध्यक्ष की नियुक्ति का विरोध कर रहे कांग्रेसियों ने बारिश के वाबजूद धरना दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अध्यक्ष नहीं बदले जाने तक उनका धरना जारी रहेगा। संगठन सृजन के तहत बनाए गए जिलाध्यक्षों को लेकर कांग्रेस में विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। दिल्ली में वरिष्ठ नेताओं की समझाइश पर कुछ जिलों का विरोध थमा,लेकिन कई जिलों में नए जिलाध्यक्षों को अभी भी अपनों की नाराजगी झेलनी पड़ रही है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस दफ्तर में भरी बरसात में सतना जिलाध्यक्ष का विरोध कर रहे कार्यकर्ता धरने पर बैठे रहे। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मशहूद अहमद शेरु ने आरोप लगाया कि शहर अध्यक्ष के पद पर आरिफ इकबाल जैसे व्यक्ति को नियुक्ति किया गया है,जबकि उन्होंने कार्यकर्ताओं के लिए लड़ाई नहीं लड़ी।

**खामोश है कांग्रेस के नेता** इधर इस मामले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खामोश है। प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी से लेकर दूसरे बड़े नेताओं ने इस तरह के विरोध पर अपनी दूरियां बना ली है। हालांकि पिछले दिनों दिल्ली में नव निर्वाचित जिलाध्यक्षों के प्रशिक्षण के दौरान कुछ जिलों में विरोध कर रहे कांग्रेसी नेताओं को वरिष्ठ नेताओं द्वारा समझाइश दी गई थी,इसके बाद से कार्यकर्ताओं के विरोध में कमी आई थी,लेकिन मंगलवार को एक बार फिर से विरोध सामने आने लगा है।

# खाद आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को मिलेगा चतुर्थ समयमान वेतन

### संचालक मण्डल की बैठक में हुआ निर्णय,महाप्रबंध को नोटिस देने मंत्री ने दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के नागरिक आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जाएगा। उन्हें गृह भाड़े भी राज्य शासन द्वारा घोषित दरों के अनुसार मिलेगा। मंगलवार को इस संबंध में मंत्रालय में नागरिक आपूर्ति निगम और भण्डार गृह निगम के संचालक मण्डल की बैठक निर्णय लिया गया। विभागीय मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की अध्यक्षता हुई बैठक में तय किया गया कि कॉर्पोरेशन के कर्मियों की सेवा में रहते हुए मृत्यु होने पर परिवार को अनुग्रह राशि दोगुनी से भी अधिक दी जायेगी। वर्तमान में 50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि दी जाती है। अब अधिकतम एक लाख 25 हजार रुपये तक अनुग्रह राशि दी जायेगी। निगम में सेवा पदोन्नति नियम-2025 का भी प्रावधान किया जायेगा। बैठक में भण्डार गृहों की मॉनीटरिंग के लिये ऐप बनाए जाने के प्रस्ताव पर भी सहमित जताई गई। इस ऐप के माध्यम से भण्डारित अनाज की मात्रा, उसकी क्वालिटी आदि का सत्यापन किया जा सकेगा। अधिकारी भण्डार गृह का निरीक्षण करने का फोटो ऐप में अपलोड करेंगे। जियो टेगिंग भी रहेगी।

बैठक में मंत्री राजपूत ने कहा कि कर्मचारियों के हितों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने निगम में रिक्त पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया को समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिये। राजपूत ने कहा कि दिव्यांगता प्रमाण-पत्रों का परीक्षण गंभीरता से होना चाहिये। बैठक में निर्णय लिया गया कि उपार्जन कार्य में सक्रिय योगदान के आधार पर निगम के अधिकारी और कर्मचारियों को एक माह का मूल वेतन प्रोत्साहन राशि के रूप में दिया जाये। उन्होंने थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन की कार्यवाही समय पर नहीं करने पर संबंधित महाप्रबंधक को नोटिस देने के निर्देश दिये। खाद्य मंत्री ने कहा कि धान का उपार्जन शुरू होने के पहले सभी भण्डार गृहों का मेंटीनेंस करवाना सुनिश्चित करें। शहरों के पास स्थित भण्डार गृहों को खाली होने की स्थिति में प्रायवेट कम्पनियों को किराये में देने की नीति बनायें।

# त्रिवर्षीय रोलिंग बजट बनाने वाला पहला राज्य बनेगा मध्यप्रदेश

**विशेष संवाददाता, भोपाल ।** प्रदेश में वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालीन विकास करने सरकार शून्य आधारित बजटिंग पर फोकस करेगी। इसके लिए सरकार ने त्रिवर्षीय रोलिंग बजट प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है। ऐसा करने वाला प्रदेश देश का पहला राज्य बनेगा। गौरतलब है कि डॉ.मोहन यादव सरकार ने मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिये बजट को अगले 5 वर्ष में दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। इससे हर क्षेत्र में निवेश और जनकल्याणकारी योजनाओं को गति मिलेगी। साथ ही बढ़ते बजट प्रावधान में विभागों के बजट पर अनुशासन लगाने की महत्वपूर्ण पहल भी की जा रही है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि यह पहल विकसित मध्यप्रदेश 2047 की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में ठोस आधार बनेगी और देश के अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श साबित होगी। आधारित बजटिंग और त्रिवर्षीय रोलिंग बजट से न केवल प्रदेश की योजनाओं का ठोस मूल्यांकन होगा, बल्कि प्रत्येक खर्च का सीधा संबंध समाज की आवश्यकताओं और राज्य की प्राथमिकताओं से जोड़ा जा सकेगा। यह कदम मध्यप्रदेश को विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश 2047 की दिशा में सबसे मजबूत आधार प्रदान करेगा।अब तक अधिकांश राज्यों में पारंपरिक बजटिंग पद्धति लागू होती रही है।

# नीट काउंसलिंग में एडमिशन निरस्त और अपग्रेडेशन के लिए बढ़ी तारीख

### 7 सितंबर तक है मौका, उसके बाद शुरू होगा दूसरा राउंड



**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** नीट यूजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में एक बार फिर बदलाव किया गया है। इस बार यह बदलाव प्रवेश ले चुके छात्र छात्राओं के लिए अपना प्रवेश निरस्त कराने, एडमिशन को अपग्रेड कराने और प्रवेशित सीट से त्याग पत्र देने के लिए किया गया है। जानकारी अनुसार नीट यूजी स्टेट लेवल काउसंलिंग का पहला चरण लगभग समाप्त हो चुका है। रजिस्ट्रेशन से लेकर सीट अलॉटमेंट की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 30 सितंबर को लाइन बंद होने के बाद संचालक चिकित्सा शिक्षा मप्र ने पोर्टल को फिर से ओपन करवाया है। इसके पीछे उन्होंने ऑल इंडिया कोटा की काउंसलिंग में हुए कुछ बदलाव को बताया है। संचालनालय से मिली जानकारी अनुसार अब रजिस्टर्ड अभ्यर्थी 2 से 7 सितंबर रात 9 बजे तक अपग्रेडेशन और कैंसीलेशन की प्रक्रिया को पूरा कर सकते हैं। जबकि इससे पहले यह मौका सिर्फ 31 अगस्त तक के लिए था, लेकिन संचालनालय ने अब इसे आगे बढ़ा दिया है।

**स्क्रूटनी में आ रहीं शिकायतें** काउंसलिंग के पहले चरण के दौरान हुए सीट आवंटन के बाद अभ्यर्थी कॉलेज स्तर पर जाकर प्रवेश ले रहे हैं। इस बीच संचालक चिकित्सा शिक्षा के पास कई कॉलेजों से फर्जी प्रमाण पत्र से संबंधित शिकायतें आ रही हैं। हाल ही में सैनिक कोटा के तहत सीट हासिल करने के लिए फर्जी फ्रीडम फाइटर का सर्टिफिकेट का मामला सामने आया है। इस बारे में डीएमई का कहना है कि हम गहराई से जांच करवा रहे हैं, जो भी फर्जी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेगा उसको काउंसलिंग से बाहर कर दिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### क्षेत्राधिकार के आधार पर खारिज हुई बीना विधायक सप्रे के खिलाफ दायर याचिका



**जागरण, इंदौर।** बीना विधायक निर्मला सप्रे के दलबदल के मामले में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका को इंदौर हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। सप्रे की सदस्यता रद्द किए जाने को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर जस्टिस प्रणय वर्मा की बेंच ने अंतिम आदेश पारित किया। इंदौर पीठ ने अपने क्षेत्राधिकार में विचारणीय नहीं होने के आधार पर यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि वे मुख्य पीठ के समक्ष दोबारा याचिका पेश करने के लिए स्वतंत्र हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने याचिका दायर कहा था कि कांग्रेस से निर्वाचित विधायक निर्मला सप्रे बीजेपी में शामिल हो गई हैं, लेकिन उन्होंने विस की सदस्यता से इस्तीफा नहीं दिया। याचिका में मांग की थी कि सप्रे ने पार्टी बदली है तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द की जानी चाहिए। इसके लिए पहले विस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर के समक्ष पत्र भेजा था लेकिन उस पर 90 दिन की तय अवधि में कार्रवाई नहीं होने पर याचिका लगाई।

# संपत्ति की नीलामी कर एक माह में किया जाएगा भुगतान

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के पूर्व आदेश के परिपालन में भोपाल कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह मंगलवार को हाजिर हुए। उन्होंने हलफनामे पर बताया कि संपत्ति का पता लगा लिया गया है और एक माह के भीतर उसकी नीलामी कर याचिकाकर्ता को राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने कलेक्टर के जवाब को रिकॉर्ड पर लेते हुए याचिका का निराकरण कर दिया। यह अवमानना का मामला भोपाल निवासी अभिषेक तेकाम की ओर से दायर किया था। जिनकी ओर से अधिवक्ता अंकित सक्सेना ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता ने एक बिल्डर से डुपलेक्स बुक किया था। समय पर निर्माण नहीं करने पर रियल इस्टेट रेग्युलेटरी अथॉरिटी (रेरा) में प्रकरण लगाया। रेरा ने 2022 में 50 लाख की आरआरसी जारी की, जिसका निष्पादन कलेक्टर को करना होता है। पैसे नहीं मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने 18 सितंबर 2024 को कलेक्टर को 90 दिन के भीतर आरआरसी का निष्पादन कराने के निर्देश दिये थे। पालन नहीं होने पर अवमानना याचिका दायर की। 12 अगस्त को हाईकोर्ट ने कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, तहसीलदार कुनाल राउत और चंद्र कुमार ताम्रकार के खिलाफ जमानती वारंट जारी कर उन्हें एक सितंबर को उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। वारंट के बावजूद तीनों अधिकारी न तो हाजिर हुए और न ही उनकी ओर से कोई वकालतनामा प्रस्तुत किया। इस पर हाईकोर्ट ने 2 सितंबर को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए थे। इसके बाद मंगलवार को कलेक्टर हाजिर हुए और उन्होंने उक्त जवाब दिया, जिसे रिकार्ड पर लेते हुए कोर्ट ने मामले का पटाक्षेप कर दिया।

**भोपाल कलेक्टर ने हाईकोर्ट में हाजिर होकर दिया जवाब**

# चूहों के काटने के बाद एक नवजात की मौत, दूसरे को वेंटिलेटर पर रखा

### ड्यूटी नर्स निलंबित, एचओडी और अधीक्षक को नोटिस जारी, जांच कमेटी गठित

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश के इंदौर में सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमवायएच की लापरवाही ने मासूम की जान ले ली। अस्पताल के एनआईसीयू में चूहों ने दो नवजात बच्चों को काट लिया, जिनमें से एक की मौत हो गई। जबकि दूसरा बच्चे का पेट का ऑपरेशन किया है, उसकी हालात अभी स्थिर है और वह अभी वेंटिलेटर पर है। घटना के बाद मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. घनघोरिया ने कार्रवाई की है। डीन ने नर्सिंग ऑफिसर आकांक्षा बेंजामिन और श्वेता चौहान को निलंबित कर दिया है। वहीं सहायक प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर कलावती बलावी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।



### नया नर्सिंग सुपरिटेंडेंट बनाया

पीआईसीयू की प्रभारी नर्सिंग ऑफिसर प्रवीणा सिंह और पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के प्रभारी-प्राध्यापक डॉ. मनोज जोशी को भी नोटिस दिया गया है। साथ ही आईसीयू इंचार्ज और असिस्टेंट इंचार्ज पर भी कार्रवाई हुई है। नर्सिंग सुपरिटेंडेंट मारग्रेट जोसेफ को पद से हटा दिया गया है और उनकी जगह नर्सिंग ऑफिसर सिस्टर दयावती दयाल को नया नर्सिंग सुपरिटेंडेंट बनाया गया है।

### कंपनी पर एक लाख का जुर्माना

डीन डॉ. घनघोरिया ने पेस्ट कंट्रोल में लापरवाही के लिए एजाइल कंपनी पर एक लाख रुपए का जुर्माना लगाया और चेतावनी दी है कि उनका एमओयू रद्द किया जा सकता है। साथ ही अस्पताल के सुपरिटेंडेंट डॉ. अशोक यादव को तुरंत पेस्ट कंट्रोल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मामले की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है, जिसमें डॉ. एसबी बंसल, डॉ. शशि शंकर शर्मा, डॉ. अरविंद शुक्ला, डॉ. निर्भय मेहता, डॉ. बसंत निगवाल और नर्सिंग ऑफिसर सिस्टर दयावती दयाल शामिल हैं। कमेटी जल्द अपनी रिपोर्ट सौंपेगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस तीन नए स्थानों पर लेगी हॉल्ट

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 18235/18236 भोपाल-बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन का खोंगसरा, बेलगहना एवं करगी रोड पर ठहराव प्रदान किया गया है। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 18235 भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस ट्रेन भोपाल रेलवे स्टेशन से सुबह 10:15 बजे प्रस्थान कर मार्ग के रास्ते से होते हुए खोंगसरा रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (01:25/01:27), बेलगहना रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (01:43/01:45) एवं करगी रोड रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान (01:58/02:00) बजे ठहराव रहेगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन बिलासपुर रेलवे स्टेशन रात 10:30 बजे प्रस्थान कर मार्ग के रास्ते से होते हुए करगी रोड रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (11/11:02), बेलगहना रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (11:16/11:18) एवं खोंगसरा रेलवे स्टेशन पर आगमन/प्रस्थान समय (11:32/11:34) बजे ठहराव रहेगा। ठहराव की सुविधा मिलने से ट्रेन 18236 बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस के उसलापुर एवं खोडरी रेलवे स्टेशन के समय में आंशिक परिवर्तन रहेगा

## पृष्ठ तीन के शेष

### जीएसटी 2.0: अब सिर्फ...

ने कहा कि प्रस्तावित सुधारों से राज्य के राजस्व में 10-12 फीसदी की कमी आ सकती है, जिससे वित्तीय संकट गहराएगा। अधिकारियों का कहना है कि यह कदम घरेलू खपत बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक दबाव का जवाब भी है। हाल ही में अमेरिका ने भारतीय निर्यात पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया, जिससे 48 अरब डॉलर का निर्यात प्रभावित हुआ। ऐसे में सरकार का फोकस घरेलू बाजार को मजबूत करने और उपभोक्ताओं को सस्ते उत्पाद उपलब्ध कराने पर है।

### जिन्हें जिला चलाना ...

बोर्ड न पर टोकन नंबर प्रदर्शित कर उर्वरक वितरण किया जा रहा है। डिस्पले बोर्ड पर जिले में उपलब्ध उर्वरकों की मात्रा भी प्रदर्शित की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य जिलों को भी इस प्रकार के नवाचार अपनाने के निर्देश दिए।

### पीड़िता को आरोपी ...

महिला समेत कुल 10 लोगों पर केस दर्ज किया गया है। जनवरी में पन्ना की 15 वर्षीय नाबालिग स्कूल जाते समय लापता हो गई थी। फरवरी में वह गुरुग्राम में मिली। मार्च में सीडब्ल्यूसी ने पीड़िता को आरोपी के ही घर फिर भेज दिया। पीड़िता की चचेरी बहन आरोपी की भाभी है। इस आधार पर आरोपी को जमानत मिल गई थी। उसने नाबालिग से कई बार फिर दुष्कर्म किया।
मामले में समिति के सदस्य आशीष बॉस को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। महिला बाल विकास अधिकारी अवधेश कुमार सिंह को भी नोटिस जारी कर दिया गया है। जांच में यह भी सामने आया कि जिला कार्यक्रम अधिकारी और वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों ने मामले को दबाने की कोशिश की। इसके चलते गलत निर्णय करने वालों और मामले को छिपाने वालों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। अप्रैल में फिर से नाबालिग को वन स्टॉप सेंटर भेजा गया। काउंसलिंग के दौरान उसने पूरा मामला खोल दिया। पन्ना में बाल सुधार गृह न होने से मामले की जांच छतरपुर के लवकुश नगर थाना के टीआई को सौंपी गई थी। जांच के आधार पर मुख्य आरोपी को दोबारा गिरफ्तार कर लिया गया है।

**इन दर्ज हुई एफआईआर:** आरोपियों में बाल कल्याण समिति अध्यक्ष भानू जड़िया और सदस्य अंजलि भदौरिया, आशीष बॉस, सुदीप श्रीवास्तव व प्रमोद कुमार सिंह पर पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध को बढ़ावा देने पर केस दर्ज किया गया है। वन स्टॉप सेंटर प्रशासक कविता पांडे, काउंसलर प्रियंका सिंह और केस वर्कर शिवानी शर्मा पर पॉक्सो एक्ट में बाल यौन अपराध में रिपोर्ट नहीं करने का मामला है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी अवधेश सिंह पर कानून के विपरीत काम करने पर पॉक्सो लगा है। वहीं अंजलि कुशवाहा पर किशोर न्याय अधिनियम के तहत बच्चों को शारीरिक दंड देने पर केस दर्ज हुआ है।

# डीजीपी का एक्शन, शिकायत के पांच मिनट के भीतर ही सस्पेंड हुआ बैतूल टीआई, भोपाल की महिला एसीपी की होगी विजिलेंस जांच

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** डीजीपी कैलाश मकवाणा ने एक महिला की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए बैतूल जिले के एक थाना प्रभारी(टीआई) को सस्पेंड करने का फैसला लिया। शिकायत मिलने के पांच मिनट के भीतर ही टीआई के निलंबन के आदेश भी सीधे पीएचक्यू से जारी हो गए। जन सुनवाई में बैतूल से आई शिकायतकर्ता कविता पाल ने डीजीपी को आकर बताया कि उनके साथ धोखाधड़ी हुई थी, जिसकी शिकायत उन्होंने बैतूल जिले के गंज थाने में की थी। उस समय थाना प्रभारी रहे अरविंद कुमरे ने उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। पुलिस मुख्यालय ने इस साल फरवरी में ही बैतूल पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए थे, लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मंगलवार को जब कविता पाल सीधे डीजीपी के सामने आईं तो उन्होंने तत्काल प्रभाव से गंज थाने के तत्कालीन प्रभारी अरविंद कुमरे को निलंबित करने का आदेश सुनाया। इसके पांच मिनट बाद ही डीजीपी ने खुद ही अपने दस्तखत से टीई के निलंबन का लिखित आदेश भी जारी कर दिया। कुमरे फिलहाल बैतूल के ही बेरदेही में टीआई हैं। टीआई को निलंबित कर बैतूल पुलिस लाइन में अटैच किया गया है। डीजीपी ने अपने आदेश में बैतूल के एसपी निश्चल झारिया के कामकाज पर भी अप्रसन्नता जताई है।




### एसीपी ने नहीं चुकाए 4.72 लाख, डीजीपी ने दिए जांच के आदेश

जनसुनवाई मे एक रोचक मामला भोपाल में पदस्थ एसीपी अनीता प्रभा शर्मा के खिलाफ पहुंचा। हार्डवेयर कारोबारी मुकेश चांदवानी की एमपी नगर जोन 2 में बालाजी सेल्स के नाम से दुकान है। दुकान के संचालक ने डीजीपी को दी शिकायत में बताया कि इस साल मार्च और अप्रैल में अनीता प्रभा शर्मा ने 4.38 लाख का प्लाइवुड और अन्य सामान खरीदा था। इसके अलावा चांदवानी ने अन्य कारोबारियो से 34 हजार का बिजली का सामान भी दिलाया था। एसीपी से जब चांदवानी ने पैसे मांगे तो उसका नंबर ब्लॉक कर दिया। बाद में दूसरे नंबर से फोन किया तो एसीपी ने पहले तो पीडब्ल्यूडी से भुगतान की बात कही। भुगतान न होने पर जब चांदवानी ने फिर फोन किया तो झूठे केस में फंसाने की धमकी दे दी।

**ट्रक की टक्कर नहीं, दो सांडों की लड़ाई को वजह :** निशातपुरा थाने का भी एक रोचक मामला उजागर हुआ। फरियादी अक्षय लोधी ने बताया कि 26 जून को एक ट्रक ने उसके ऑटो-रिक्शा को टक्कर मारी और भाग गया। इसका वीडियो भी अक्षय ने बनाया। पुलिस ने एफआईआर में कंटेनर के बजाय दो सांडों की लड़ाई में ऑटो-रिक्शा को नुकसान की एफआईआर दर्ज कर दी। शिकायतकर्ता ने वीडियो के साथ सबूत दिए तो उसे थाने से भगा दिया।

**1 के बजाय 2.10 तक चली जनसुनवाई :** जनसुनवाई में सामान्य तौर पर एडीजी कंप्लेन और आईजी कंप्लेन मौजूद रहते हैं। मंगलवार को खुद डीजीपी कैलाश मकवाना ने शिकायतों को सुना और मौके पर ही निराकरण के आदेश दिए। सामान्यतः जनसुनवाई सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक चलती है लेकिन डीजीपी 2.10 बजे तक बैठे और सभी 19 आवेदनों पर शिकायतकर्ता से विस्तार से जानकारी ली। वे लंबे अरसे के बाद जनसुनवाई में पहुंचे थे।

# छात्रावास अधीक्षक पूजा डोगरों को हटाओ

# बच्चों का जीवन बचाओ अधीक्षक का जम का किया जा रहा विरोध ग्रामीण कर रहें जाँच की माँग

## किसके सह पर अधीक्षक दीमक की तरह छात्रावास को खोखला कर रही प्रसाशन आँखे बंद किये बैठा है





**जागरण, मंडला।** आदिवासी बाहुल्य जिले में स्कूल व्यवस्था हो छात्रावास व्यवस्था सब मे दीमक की तरह जिम्मेदार शिक्षक और अपने निजी स्वार्थ सिद्ध करने गरीब बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं में डाका डाल रहे है और अपना घर भर रहे है और जब इनकी जानकारी मीडिया या सार्वजनिक स्तर पर वाहर आती है उन्हें पहले जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा पर्दा डाल दबाया जाता है और जब मामला शांत नही होता है फिर राजनीति के जिम्मेदार स्थानीय सहित वरिष्ठ शिक्षक सहित अधिकारी यो पर अपना राजनीतिक रौब दिखया कर मामंले को शांत किया जाने की कोशिश की जाती हैं जिस कारण से आज सरकारी योजनाओं और मूलभूत सुविधाएं पर जम कर भ्रष्टाचार ग़बन किया जा रहा है और सरकारी धन को अपनी बकैती समझ लूट मंचा रखी हुई हैं।और जिला प्रशासन से लेकर विधायक सासंद सब इनके संरक्षण में खड़े देखे जा सकते हैं क्योंकि ये भ्रस्टो से इन्हें कुछ न कुछ स्वर्थ सिद्ध होता नजर आ रहा है पर अब जनता जगरूक हो चुकी ओर ऐसे भ्रस्टो के खिलाफ़ आवाज उठा रही है और धरना प्रदर्शन की तैयारियां में जुट रही हैं।।वही सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन दिनों जिले के छात्रावासों में जम के भ्रष्टाचार और अधीक्षकों की मनमानी की जानकारी निकल कर सामने आ रही हैं।

**जिले के छात्रावासों में जम के हो रही है लापरवाही :** वही मंडला जिले के विकास खंड मवई के संकुल मोतीनाला में संचालित आवसीय बालिका छात्रावास खलोड़ी के अधीक्षक की दबगाई से बच्चे तो बच्चे उनके परिजन भी परेशान हो चुके है और जब से छात्रावास में पदस्थ हुई है तब से बच्चों में अपना धौस बता रही है और बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं में अपना हक बता कर लोगो के सामने उन्हें राजनीति संरक्षण होना का प्रचार प्रसार कर रही है और जो इनकी शिकायत करता है उन्हें एस टी एस सी एक्ट में फसने की धमकियां दी ड़ालती है और इन पर कोई कार्यवाही या निरीक्षण न हो इसके पहले ही तरह तरह के बहाने और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों पर आरोप लगाकर स्वयं बचने की कोशिशें करती हैं।

**राजनीति संरक्षण के चलते मिला छात्रावास का प्रभार :** वही हाल में ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जहां पूरा देश आज़ादी का जश्न मना रहा था, वहीं मंडला जिले के खलौड़ी स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका छात्रावास में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया जहाँ ग्रामीणों ने छात्रावास अधीक्षक पूजा डोंगरे पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने 15 अगस्त को आमंत्रित ग्रामीणों को कीड़े लगे गुड़ से बनी चाय परोसी। इस घटना का खुलासा एक तेजी से सोसल मीडिया में वायरल वीडियो से हुआ, जिसमें अधीक्षक अपने कर्मचारियों से कहती हुई सुनाई दे रही हैं ग्रामीणों को कीड़े वाले गुड़ की चाय ही पिलाओ और मेरे लिए दूसरी चाय बनाना।

### छात्रावास अधीक्षक पर पहले भी लग चुके है गंभीर आरोप

ग्रामीणों का आरोप है कि कीड़े लगे गुड़ से बनी चाय पीने के बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई। कुछ लोगों को उल्टियां हुईं और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी बढ़ने पर उन्हें चिकित्सकीय सलाह लेनी पड़ी। इस घटना से ग्रामीणों में गहरी नाराज़गी व्याप्त है। उनका कहना है कि अगर ग्रामीणों के साथ अधीक्षक का यह रवैया है, तो छात्रावास की बालिकाओं को परोसे जाने वाले भोजन और पेय की गुणवत्ता की कल्पना करना कठिन नहीं है।वही ग्रामीणों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि ऐसी लापरवाही अधीक्षक छात्रावास में रह रही बच्चोंयो के स्वास्थ्य और भविष्य को खतरे में डाल सकती हैं। वही ग्रामीणों का कहना है साफ है कि हमारी बच्चों का भविष्य और स्वास्थ्य किसी भी हाल में हम खतरे में डाला जा सकता ओर उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी ही है कि ऐसे भ्रष्ट लापरवाह पर जाँच करते हुए दोषी अधीक्षक पर शीघ्रता से कार्यावाही नही की गई तो उन्हें आंदोलन का रुख अपनाया पड़ सकता हैं।

### अपने ऊपर लगे आरोप पर अधीक्षक ने दी सफाई

वही इस मामले पर छात्रावास अधीक्षक पूजा डोंगरे ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि गुड़ खराब था, जिस कारण बाद में दूसरा गुड़ और शक्कर मंगाकर चाय बनाई गई। उन्होंने वायरल वीडियो को तोड़-मरोड़कर पेंश करने की बात कही है। हालांकि ग्रामीण अधीक्षक की इस सफाई को मानने को तैयार नहीं हैं और उनका कहना है कि अगर गुड़ खराब था तो शुरुआत से ही उसका उपयोग क्यों किया गया? घटना के बाद अब प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। मामले ने तूल पकड़ लिया है शिक्षा विभाग से उम्मीद की जा रही है कि वह मामले की जांच कर शीघ्र ठोस निर्णय लेगा। बालिकाओं के अभिभावकों ने भी कहा कि अधीक्षक पर लगे आरोप गंभीर हैं और ऐसे में छात्रावास की बच्चियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए दोषी पाए जाने पर अधीक्षक को तत्काल पद से हटाया जाना चाहिए।

### ग्रामीणों में जम के है आक्रोश

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि यह घटना केवल लापरवाही नहीं, बल्कि ग्रामीणों और छात्रावास की बच्चियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है। उनका कहना है कि ऐसी सोच रखने वाले व्यक्ति को जिम्मेदारी के पद पर बनाए रखना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। स्वतंत्रता दिवस जैसे पवित्र अवसर पर सामने आया यह मामला प्रशासन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों की मांग है कि इस गंभीर मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी सजा दी जाए, ताकि भविष्य में छात्रावासों में रहने वाली बालिकाओं का स्वास्थ्य और भविष्य सुरक्षित रह सके। अगर जल्द स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन ऐसे लापरवाह अधीक्षक पर जॉच कर कार्यावाही नही करता है तो हम इसके लिए आंदोलन भी करेंगे पर ये बरदास्त नही करेंगे ।

# भगवान भाव के भूखे होते है : आचार्य श्री अवस्थी



**जागरण, छतरपुर ।** शहर के सागर रोड स्थित महागणेशमन्दिर में गणेशोत्सव के दौरान आयोजित श्री गणेश महापुराण कथा के अंतिम दिन आचार्य धर्मेंद्र अवस्थी ने कहा कि भगवान भाव के भूखे होते है भक्तो ने जब जब भगवान को पुकारा बिभिन्न रूपो में प्रकट हुए। आचार्य श्री अवस्थी ने कहा कि कश्यप मुनि औऱ माता अदिति की भक्ति से प्रसन्न होकरभगवान गणेश उनके पुत्र महोत्कंठ के रूप में प्रकट हुए।उन्होंने कहा कि भगवान महोत्यकंठ ने उद्दत- धुँधर नामक दैत्यों का वध कर साधु संतों को उनके आतंक से मुक्ति दिलायी।आचार्य श्री अवस्थी ने कहा कि भक्तों के बुलाने पर भगवान आते है औऱ उन्हें सुख देते है।

आचार्य श्री ने कहा कि भगवान परीक्षा का नही प्रतीक्षा का विषय है तभी तो महागणेशमन्दिर के महंत धीरेंद्र दास ने 27 बर्ष प्रतीक्षा की इसी के प्रतिफल आज गणेशोत्सव के दौरान भगवान महागणेशपुराण कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन संभव हो पाया।उन्होंने कहा कि दुख में घबराव नही औऱ सुख भगवान को भूलो मत।फ़ोटो खींचते समय क्षण भर की मुस्कान से फ़ोटो सुंदर बन सकती है तो मुस्कुराते हुए रहने से जीवन कितना सुंदर बनेगा इसकी कल्पना नही की जा सकती है। आचार्य श्री अवस्थी ने कहा कि आज बुधवार को गणेश महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ का बिश्राम दिबस है न कि समापन।क्योंकि भगवान गणेश महापुराण की कथा को कहने ओर सुनने में बर्षो लग जायगे कथा के विश्राम दिबस के अवसर पर उन्होंने भगवान गणेश की महिमा का बिभिन्न प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से बखान किया।महागणेशमन्दिर के महंत धीरेंद्र दास ने बताया कि गुरुवार 4 सितंबर को विशेष गणेश पूजन ,हवन ,पूर्णाहुति महाआरती के साथ श्री महागणेशपुराण कथा ज्ञानमृत महोत्सव का समापन होगा उन्होंने श्रध्दालुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ ले।

# थाना नैनपुर पुलिस ने अवैध शराब विक्रेताओं के विरुद्ध की कार्यवाही



**जागरण, मंडला ।** ग्राम भैंसवाही थाना नैनपुर के नागरिको के द्वारा दिनांक 01.09.2025 को थाना नैनपुर अन्तर्गत ग्राम भैंसवाही में अवैध शराब बेचने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु ज्ञापन दिया गया उक्त ज्ञापन के संबंध में श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय मंडला श्री रजत सकलेचा को अवगत कराने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिया गया । थाना प्रभारी नैनपुर बलदेव सिंह मुजाल्दा द्वारा स्वयं की टीम के साथ दिनांक 02.09.2025 को ग्राम भैंसवाही जाकर अवैध शराब के संबंध में रेड की गयी । रेड कार्यवाही के दौरान आरोपी फागूलाल मरावी पिता रमेश प्रसाद मरावी उम्र 32 साल निवासी ग्राम भैंसवाही के कब्जे से 07 लीटर हाथभट्टी कच्ची महुआ शराब कीमती 1050 रूपये की बिक्री करने हेतु अवैध रूप से रखी होना पायी गयी आरोपी के कब्जे से अवैध शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (ए) आबकारी एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 400/25 पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । नागरिको से चर्चा कर सूचना देने हेतु थाना प्रभारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करने हेतु बताया गया । अवैध शराब बिक्री होने की सूचना मिलने पर तत्काल कार्यवाही की जावेगी ।

**टीम मे शामिलः** निरी बलदेव सिंह मुजाल्दा, उपनिरी. रमेश इंगले, प्र.आर.41 राजेश उइके,प्र.आर. 84 जगदीश मसराम, आर. 427 ओमप्रकाश , 628 नीरज ,आर. 696 मुकेश राहंगडाले, म.आर.203 सुमन उइके , आर. 610 रंजीत उलाडी की कार्यवाही मे भूमिका रही ।

## आपस में टकराई दो बाईक, युवक घायल

**छतरपुर ।** शहर के सटई रोड पर दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि तीन अन्य को मामूली चोटें आईं हैं। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सटई रोड की न्यू गल्ला मंडी निवासी 19 वर्षीय सत्यम अहिरवार अपने 22 वर्षीय दोस्त अनिल प्रजापति पुलिस लाइन के पास पर मोमोज खाने गया था। यहां से वापिस घर लौटते वक्त सटई रोड पर सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में सत्यम के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं हैं, जबकि अनिल प्रजापति सहित दूसरी बाइक पर सवार तीन अन्य लोगों को मामूली चोटें आईं हैं। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया।

# पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी को ग्वालियर में मिला आदर्श गौरव सम्मान



## प्रदेश की पहली सीएनजी गैस उत्पादन करने वाली गौशाला में हुआ कार्यक्रम

**जागरण, छतरपुर ।** ग्वालियर की आदर्श गौशाला परिसर में समर्पण कृष्णायन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में आयोजित एक भव्य सम्मान समारोह में छतरपुर निवासी पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी को आदर्श गौरव सम्मान से नवाजा गया। यह गौशाला मध्य प्रदेश की सबसे बड़ी गौशाला है, जो 10,000 गौवंश का संरक्षण करती है और 100 टन गोबर से प्रतिदिन 2-3 टन सीएनजी गैस का उत्पादन करती है। समारोह में 40 से अधिक समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। ग्वालियर की लाल टिपारा आदर्श गौशाला में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि महंत स्वामी ऋषभ देवानंद महाराज थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता इंडियन रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी संजीव जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व सीएमओ और कचरा प्रबंधन विशेषज्ञ डी.डी. तिवारी तथा आईपीएस राकेश सागर उपस्थित रहे। समर्पण कृष्णायन वेलफेयर सोसाइटी, जो न्यूरोलॉजिकल वार्ड में भोजन वितरण, गौसेवा, पौधारोपण और मुक्तिधामों के उन्नयन जैसे कार्य करती है, ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में पब्लिक स्कूल ग्वालियर की संचालिका शर्मिला सोनी द्वारा लगाया गया 56 भोग का स्टाल आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें विभिन्न फल, सब्जियां और पकवान शामिल थे। कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्रदीप गुप्ता, सचिव अरुण अग्रवाल और उनके परिवार व सहयोगियों द्वारा किया गया। इस दौरान 40 से अधिक समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से डी.डी. तिवारी को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद 12 वर्षों से ग्वालियर, टीकमगढ़ और पन्ना में नदी-तालाबों की सफाई, श्रमदान, सफाई अभियान, पौधारोपण और पर्यावरण सुधार के लिए किए गए ।

## 10 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर ।** थाना हरपालपुर पुलिस ने 26 वर्ष पुराने वर्ष 1999 के अवैध हथियार प्रकरण के स्थाई वारंटी मुन्ना लोधी पिता दयाराम लोधी निवासी ग्राम दुलारा थाना महोबकंठ जिला महोबा उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया, आदतन अपराधी मुन्ना लोधी हत्या का प्रयास, गुंडा एक्ट, अवैध हथियार, एनडीपीएस, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट जैसे 15 से अधिक अपराधों में लिप्त है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय राय, प्र आर राजेश अहिरवार,आर रामकिशोर यादव,आर मनोज जाटव एवं पुलिस टीम की भूमिका रही। न्याय पथ अभियान के तहत पूर्व में थाना नौगांव पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने अपहरण, दुष्कर्म के प्रकरण के आरोपी, 17 वर्ष पुराने हत्या के प्रयास प्रकरण के आरोपी, थाना बमीठा पुलिस द्वारा 14 साल पुराने विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के फरार आरोपी, मातगुवां पुलिस द्वारा 10 साल पुराने लूट एवं एनडीपीएस के आरोपी, जुझार नगर पुलिस द्वारा 25 वर्ष पुराने छेड़छाड़ तथा 3 वर्ष पुराने मारपीट अवैध हथियार के आरोपी, बिजावर पुलिस द्वारा 7 वर्ष पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी, थाना गौरिहार पुलिस द्वारा 17 वर्ष पुराने चोरी के आरोपी, थाना गढ़ी मलहरा पुलिस द्वारा 17 साल पुराने धोखाधड़ी प्रकरण के आरोपी तथा थाना ओरछा रोड पुलिस द्वारा 21 एवं 20 साल पुराने चोरी के प्रकरण के आरोपी सहित 431 से अधिक प्रकरणों के 5 लाख रुपये से अधिक के इनामी आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं।

## रेलवे में नौकरी का झांसा देकर 70 हजार की ठगी, इंस्टाग्राम आईडी पर हुई थी बातचीत

**छतरपुर ।** बुलंदशहर (उ.प्र.) के मूल निवासी और फिलहाल हरपालपुर थाना क्षेत्र के मबइया गांव में रह रहे पवन कुमार ने छतरपुर पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर बड़ा आरोप लगाया है। पवन कुमार का कहना है कि ग्राम मबइया के गौतम राजपूत और नौगांव निवासी संदीप राजपूत ने इंस्टाग्राम आईडी के जरिए रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर उनसे 70 हजार रुपये ठग लिए। यह रकम फोन पे के जरिए तीन अलग-अलग नंबरों पर भेजी गई। आरोप है कि ठग अब जीएसटी के नाम पर और 17 हजार रुपये मांग रहे हैं। पीड़ित के मुताबिक, इस मामले की शिकायत थाना नौगांव में की गई थी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा जरूर, लेकिन कथित रूप से उनसे पैसे लेकर छोड़ दिया और पीड़ित की रकम वापस नहीं कराई। पवन ने बताया कि पुलिस ने दो दिन तक उन्हें और आरोपियों को थाने में बैठाया और बाद में धमकाकर उनका आवेदन वापस करवा दिया। इस मामले में थाना प्रभारी सतीश सिंह का कहना है कि उन्होंने पीड़ित को 60 हजार रुपये दिलवाए हैं। पीड़ित कहने लगे की आने-जाने में खर्च हुआ है 85 हजार रूपए दिलाए जाएं। मैंने उनसे कहा कि बुलंदशहर से पुलिस लेकर आओ मैं उन्हें पकड़वा दूंगा। एडिशनल एसपी विदिता डागर ने बताया कि मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित ने एसपी से सख्त कार्रवाई और पूरी रकम वापस दिलाने की मांग की है।

# भूमि दानदाता के कारण बच्चों को मिला छात्रावास का तोहफ़ा ग्राम पाकर बघर्रा में वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी



**जागरण, डिंडोरी ।** विकासखंड डिंडौरी के ग्राम पाकर बघर्रा के बच्चों और ग्रामीणों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा, जब वर्षों से लंबित जूनियर बालक छात्रावास की मांग पूरी हुई। इस उपलब्धि के पीछे शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के सतत प्रयास और ग्राम के गणमान्य नागरिक श्री नंदू सिंह नेताम के भूमि दान का बड़ा योगदान रहा।ग्राम में लंबे समय से छात्रावास निर्माण की मांग की जा रही थी, लेकिन उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण कार्य अटका हुआ था। इस बीच, श्री नंदू सिंह नेताम ने अपनी निजी भूमि दान कर एक मिसाल कायम की। उनके इस योगदान से निर्माण का रास्ता साफ हुआ और विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने उच्च अधिकारियों से संपर्क कर सर्वसुविधायुक्त छात्रावास का निर्माण सुनिश्चित कराया। छात्रावास के लोकार्पण के अवसर पर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। ग्रामीणों ने भी इस सुविधा को गांव के विकास में मील का पत्थर बताया। विधायक श्री धुर्वे ने भूमि दानदाता श्री नंदू सिंह नेताम का शाल और श्रीफल भेंटकर सम्मान किया और उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। अब इस छात्रावास में रहकर ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थी बेहतर शिक्षा प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे के प्रति हार्दिक धन्यवाद और आभार प्रकट किया।

# चोरी की गई मोटरसाइकिल शीघ्र ही हुई बरामद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**जागरण, डिंडोरी ।** दिनांक 01/09/2025 की दरम्यानी रात को फरियादी गणेश यादव निवासी शांति नगर ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी मोटरसाइकिल क्रमांक स्क्क-52 स्क्क 3001 अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ली गई है। थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की गंभीरता से जांच की। जांच के दौरान पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया ङ्क धनेश्वर पिता किशोरी लाल यादव, उम्र 22 वर्ष, निवासी भैंसवाही। जगदीश पिता जीवन लाल बर्मन, उम्र 24 वर्ष, निवासी भैंसवाही आरोपियों के कब्जे से चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर विधिवत जप्त की गई। दोनों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेजा गया। इस संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली श्री दुर्गा प्रसाद नगपुरे के मार्गदर्शन में निम्न पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा ङ्क स.उ.नि. अखिलेश श्रीवास्तव, प्रधान आरक्षक आदित्य शुक्ला,आरक्षक श्याम तिवारी, आरक्षक नीलेश साहू, आरक्षक हेमंत झरिया



पुलिस टीम के इन संयुक्त प्रयासों से चोरी की गई मोटरसाइकिल शीघ्र ही बरामद की गई तथा आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# कांग्रेस के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष की सक्रियता देख जिले भर के ग्रामीण क्षेत्र के निराश व परेशान ग्रामीणों की जागी उम्मीद

## जनता की समस्याओं पर शासन, प्रशासन और नगरपालिका मौन क्यों -डॉ अशोक मार्शकोले

**जागरण, मंडला ।** आज सुबह जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक मार्शकोले जी पहुँचे उपनगरीय क्षेत्र महाराजपुर जहाँ दादा धनीराम वार्ड की चंदन कॉलोनी में सालों से टूटी सड़कों और खुले सीवर गड्ढों ने लोगों की ज़िंदगी मुश्किल बना रखी है।मासूम विद्यार्थी हर रोज़ अपनी जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने को मजबूर हैं, लेकिन जिम्मेदार अफसर और नेताओं के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही।कॉलोनी में बिजली की खतरनाक लाइनें 8 फुट पर झूल रही हैं ङ्कवार्डवासी बार-बार ष्टरूद्ध और नगरपालिका को आवेदन देकर गुहार लगा चुके हैं,लेकिन सुनवाई के नाम पर केवल ढुलमुल रवैया और आश्वासन मात्र ही मिला है ! जनता की ये बदहाली साफ़ दिखाती है कि बीजेपी सरकार और नगर प्रशासन को केवल कुर्सी प्यारी है, जनता की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं।कांग्रेस पार्टी और डॉ. अशोक मर्सकोले जी इस लड़ाई को जनता के हक़ और सुरक्षा के लिए अंजाम तक पहुँचाएँगे आपको बता दें की आदिवासी बहुल्य जिला मंडला के विकास खंड ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीण स्कूल,सड़क,विजली,पानी जैंसी मूलभूत सुविधा पाने के लिए परेशान हैं किंतू इनकी परेशानी सुन्ने बाला कोई नजर नहीं आ रहा है किंतू मंडला जिला कांग्रेस के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष डां. अशोक मर्सकोले जी के द्वारा जिला कांग्रेस अध्यक्ष का दायित्व सम्हालते ही जिले भर के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्र से आमजन अपनी वर्षों पुरानी समस्याओ को लेकर- कांग्रेस जिला अध्यक्ष डा.अशोक मर्सकोले के पास पहुंच रहे हैं और श्री मर्सकोले जी तुरंत सम्बंधित विभाग के जिम्मेदारों के पास फोन लगाकर और उक्त



समस्या की समाधान कराने को कह रहे हैं और खुद भी मौके पर पहुंचकर निरीक्षण कर रहे हैं और डा.अशोक मर्सकोले जी का कहना है की पूरे जिले भर के ग्रामीण क्षेत्र से रोज फोन आ रहे हैं और अपनी छेत्र की समस्याओ से अवगत करा रहे हैं और में रोज जिले के किसी न किसी छेत्र का भ्रमण कर लोगों से सम्पर्क कर उनकी समस्याओ को चिह्नित कर सम्बंधितों को निराकरण के बोल रहा हूं और अगर समय पर निराकरण नहीं होतो तो फिर अंदोलन की राह पर चलना पडेगा पर हर हाल में आमजन की समस्याओ का समाधान होगा ।

# पक्की सड़क के अभाव में परेशान हो रहे ग्रामीण

**छतरपुर ।** जिला मुख्यालय के कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में चंदला विधानसभा के ग्राम कितपुरा के मजरा कोरिनपुरवा के ग्रामीणों ने पक्की सड़क की मांग को लेकर आवेदन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि कीचड़ युक्त रास्तों के कारण गांव की शिक्षा, स्वास्थ्य व्यवस्था प्रभावित है। साथ ही दैनिक कार्यों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राजकुमार अनुरागी, आनंद कुमार अनुरागी ने बताया कि कोरिनपुरवा की आबादी लगभग 1200 है, लेकिन मजरा से मुख्य सड़क तक जाने के लिए 2 किलोमीटर लंबा रास्ता पूरी तरह कीचड़ युक्त है। इस कारण बच्चों को पढ़ाई के लिए स्कूल जाने में मुश्किल हो रही है। मजरा में मौजूद प्राथमिक विद्यालय आने वाले शिक्षकों को भी दिक्कत हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बीमार व्यक्तियों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिल पाती, और प्रसव पीड़ा से गुजर रही महिलाओं के लिए 108 एम्बुलेंस सेवा भी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि मरीजों को 2 किलोमीटर तक कीचड़ भरे रास्ते से ले जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार विभिन्न विभागों में आवेदन दिए, लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया कि कोरिनपुरवा से कितपुरा तक पक्की सड़क बनवाई जाए, ताकि उनकी परेशानियां कम हो सकें।

# बड़ागांव में चाट विक्रेता को धर्म परिवर्तन की धमकी, हिंदू संगठनों में आक्रोश

**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के बड़ागांव थाना क्षेत्र में धर्म परिवर्तन के लिए दबाव और जान से मारने की धमकी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक चाट विक्रेता ने थाना प्रभारी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि बीते 6 माह से एक युवक उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। मंगलवार को आरोपी युवक अपने दो साथियों के साथ चाट ठेले पर पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए धर्म परिवर्तन न करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे डाली। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल है।



### 6 माह से बन रहा था दबाव

पीड़ित राकेश साहू मूल रूप से समर्रा गांव के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे बड़ागांव में किराए के मकान में परिवार सहित रह रहे हैं और चाट का ठेला लगाकर गुजर-बसर करते हैं। राकेश का आरोप है कि बड़ागांव धसान निवासी रिजवान खान पिछले छह महीने से उन्हें बार-बार धमकाकर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव बना रहा था। शुरू में उन्होंने इस बात को नजरअंदाज किया, लेकिन दबाव लगातार बढ़ता गया।

### ठेले पर पहुंचे आरोपी, दी धमकी

मंगलवार शाम को जब राकेश पंप हाउस के पास अजित जैन की दुकान के सामने चाट का ठेला लगाए हुए थे, तभी आरोपी रिजवान खान अपने दो अन्य साथियों के साथ वहां आ धमका। आरोप है कि तीनों ने राकेश के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। उन्होंने साफ कहा कि यदि गांव में रहना है तो मुस्लिम धर्म अपनाना पड़ेगा। राकेश के इनकार करने पर आरोपियों ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी।

### हिंदू संगठनों में आक्रोश, थाने में प्रदर्शन

घटना की जानकारी फैलते ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और थाने का घेराव कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं सामाजिक सौहार्द्र को बिगाड़ने वाली हैं और आरोपियों को बख्शा नहीं जाना चाहिए। वहीं, शिवसेना के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र समारी ने भी पुलिस प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि दोषियों पर कठोर कार्यवाही नहीं हुई तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### पुलिस ने दर्ज की शिकायत, जांच जारी

बड़ागांव थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा ने बताया कि पीड़ित की शिकायत प्राप्त होने के बाद मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में भी धर्म परिवर्तन के दबाव और धमकी देने की बात सामने आई है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ साक्ष्य जुटाकर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### लोगों में जनआक्रोश

इस घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और स्थानीय लोगों में आक्रोश और भय का माहौल है। लोग कहते हैं कि चाट बेचकर परिवार पालने वाले निर्दोष दुकानदार को धर्म बदलने की धमकी देना बेहद गंभीर मामला है। अगर पुलिस ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो लोग आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

# आदि कर्मयोगी अभियान से बदलेगा आदिवासी बहुल गांवों का भविष्य

## टीकमगढ़ के 62 गांवों में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण और आजीविका सुधार पर होगा फोकस : कलेक्टर की अध्यक्षता में वर्कशॉप से हुई शुरुआत



**टीकमगढ़।** आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास और सामाजिक उत्थान के लिए जिले में 'आदि कर्मयोगी अभियान' की शुरुआत की गई है। यह अभियान केंद्र सरकार की पहल है, जिसे पूरे देश में लागू किया जा रहा है। बुधवार को कलेक्टर विवेक श्रोतिय की अध्यक्षता में आयोजित वर्कशॉप के साथ इसकी शुरुआत हुई। इस कार्यक्रम में जिले के 62 आदिवासी बहुल्य गांवों को शामिल किया गया है। कलेक्टर श्रोतिय ने बताया कि आदिवासी समुदाय को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले, इसी उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, आजीविका और स्वच्छ पेयजल की पहुंच जैसे क्षेत्रों में अब भी कई कमियां बनी हुई हैं। इन्हीं चुनौतियों का समाधान करने और जनजातीय समुदाय को सशक्त बनाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है।

**7 विभाग होंगे शामिल :** अभियान में कुल सात विभागों को शामिल किया गया है। ये विभाग नियमित रूप से आदिवासी बहुल्य गांवों में जाकर साप्ताहिक बैठकें करेंगे। बैठकों में गांव के जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय आदिवासी समुदाय के लोग भी मौजूद रहेंगे। सभी मिलकर गांव के विकास की रूपरेखा तय करेंगे और समस्याओं के समाधान के लिए कार्ययोजना बनाएंगे।

**कलेक्टर ने इस विषयो पर की चर्चा:** सशक्तिकरण पर फोकस आदिवासी समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर, पारदर्शी शासन = शासन-प्रशासन की पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा, सहभागी योजना = योजनाओं में स्थानीय लोगों की सहभागिता सुनिश्चित, शिकायत निवारण = शिकायत निवारण प्रणाली को और मजबूत किया जाएगा, योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन = केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना। वही कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान सेवा, समर्पण और संकल्प से प्रेरित है और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने अधिकारियों से आग्रह किया कि वे प्रत्येक गांव में जाकर योजनाओं की जानकारी दें और सुनिश्चित करें कि किसी भी पात्र परिवार तक लाभ पहुंचने से वंचित न रह जाए। अभियान की शुरुआत से जिले के आदिवासी बहुल्य गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शिक्षा स्तर में वृद्धि, आजीविका के नए साधन और पेयजल उपलब्धता जैसे क्षेत्रों में जल्द ही सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे।

# जमीन के झगड़े ने ली खौफनाक शक्ल, सुरेंद्र सिंह पर जानलेवा वार

## घायल सुरेंद्र सिंह के पुत्र ने पुलिस अधीक्षक से की न्याय की गुहार



**टीकमगढ़।** टीकमगढ़। शहर में मंगलवार देर रात हुई वारदात ने सनसनी फैला दी। रोरैया मोहल्ला निवासी सुरेन्द्र सिंह बुंदेला पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर हालत में घायल बुंदेला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। पीड़ित के बेटे अर्जुन सिंह बुंदेला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपते हुए तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। अर्जुन के अनुसार, 31 अगस्त की रात लगभग 11:35 बजे सूचना मिली कि उनके प्लॉट पर अवैध रूप से चबूतरा और दीवार का निर्माण किया जा रहा है। जब उनके पिता सुरेन्द्र सिंह मौके पर पहुंचे और निर्माण कर रहे लोगों से सवाल किया, तो विवाद बढ़ गया। इसी दौरान एक युवक ने लोहे के सरिया से सुरेन्द्र सिंह के सिर में दे मारा और जमीन में पटक कर पिटाई की। परिजनों का आरोप है कि हमलावरों के पास सरिए और अन्य घातक हथियार भी थे और उन्होंने जान से मारने की नीयत से हमला किया। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। गंभीर हालत में सुरेन्द्र सिंह को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। डॉक्टरों के मुताबिक हालत नाजुक बनी हुई है। अर्जुन सिंह ने कहा कि यह हमला पूर्व नियोजित था और इसमें कई लोग शामिल थे। पुलिस से मांग की गई है कि आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उन्हें तुरंत गिरफ्तार किया जाए। पुलिस ने आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। प्रारंभिक जांच में विवाद की वजह जमीन का मामला बताया जा रहा है।

# गांधी चौराहे पर किन्नर का हंगामा, आधे घंटे तक निर्वस्त्र होकर मचाया उत्पात, पुलिस-जनता पर की पत्थरबाजी

## कोतवाली थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर हुआ बवाल, पुलिस ने हिरासत में लिया

**टीकमगढ़।** शहर के हृदय स्थल गांधी चौराहे पर मंगलवार देर रात एक किन्नर ने ऐसा बवाल खड़ा कर दिया कि राहगीरों से लेकर पुलिस तक सभी परेशान हो गए। घटना रात लगभग 11 बजे की बताई जा रही है। खास बात यह रही कि यह पूरा घटनाक्रम कोतवाली थाने से मात्र 100 मीटर की दूरी पर हुआ, जहां मौजूद लोग घंटों अफरा-तफरी में फंसे रहे।

### निर्वस्त्र होकर किया उत्पात

वही प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, किन्नर अचानक चौराहे पर आकर कपड़े उतारने लगा और निर्वस्त्र होकर जोर-जोर से ताली बजा कर चिल्लाने लगा। इसके बाद उसने करीब 30 मिनट तक सड़क पर हंगामा किया। इस दौरान वहां से गुजरने वाले वाहन चालक और स्थानीय लोग रुक गए। चौराहे पर भीड़ जमा हो गई। लोगों ने पहले तो समझाने की कोशिश की, लेकिन किन्नर किसी की बात सुनने को तैयार नहीं था।

### पुलिस लेकर पहुंची कंबल, लेकिन हुआ विरोध

इसी दौरान सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस वाहन से बिना वर्दी के आए जवानो ने किन्नर को कंबल के ढकने के लिए आगे बढे ताकि स्थिति को संभाला जा सके और राहगीरों को असहज स्थिति से बचाया जा सके। मगर किन्नर ने उसे फेक दिया जिसके बाद पुलिस और राहगीरों द्वारा किन्नर को समझाया गया। उसके बाद पुलिस ने कंबल से किन्नर को ढाका। इसी दौरान किन्नर जोर-जोर से रोने लगा और अपनी आपबीती बताने लगा।

### हिरासत में लिया गया किन्नर

आखिरकार कोतवाली पुलिस ने किन्नर को काबू में किया और उसे हिरासत में लेकर थाने ले आई। पूछताछ में पता चला कि किन्नर सागर जिले का रहने वाला है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया कि किसी निजी विवाद के चलते उसने आवेश में आकर यह हरकत की। पुलिस द्वारा बताया गया कि किन्नर ने पुलिस को एक लिखित आवेदन दिया जिसमें उसने अपनी पूरी घटनाक्रम को बताया।

### नागरिकों में आक्रोश

गांधी चौराहे पर हुई इस घटना के बाद स्थानीय नागरिकों में आक्रोश देखा गया। लोगों ने सवाल उठाए कि थाने से महज 100 मीटर की दूरी पर आधे घंटे तक खुलेआम हंगामा चलता रहा और पुलिस समय रहते स्थिति काबू में नहीं कर पाई। वहीं, घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहे हैं, जिन्हें लेकर चर्चा और तेज हो गई है।

# रोजगारमूलक प्रकरणों में 15 दिवस में 50 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति सुनिश्चित करें : कलेक्टर

## डीलसीसी बैठक में बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारियों को दिए गए निर्देश




**जागरण, पन्ना ।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने कहा है कि बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारी विभिन्न शासकीय योजनाओं के रोजगारमूलक प्रकरणों में माहवार लक्ष्य मुताबिक स्वीकृत प्रकरणों का वितरण सुनिश्चित कराएं। आगामी 15 दिवस में अनिवार्य रूप से वितरण की 50 प्रतिशत लक्ष्यपूर्ति की जाए। इसके साथ ही विभाग और बैंक स्तर पर आवश्यक समन्वय के साथ महत्वाकांक्षी योजनाओं में प्रगति के लिए भी अपेक्षित कार्यवाही की जाए। जिला कलेक्टर ने उक्ताशय के निर्देश बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई वर्तमान वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही की डीएलसीसी की सामान्य एवं विशेष बैठक में दिए। इस अवसर पर हितग्राहीमूलक योजनाओं में विभागवार अब तक ऋण वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर श्री कुमार ने मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना, आजीविका मिशन की मुद्रा लोन एवं बैंक लिंकेज की प्रगति सहित पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मत्स्य पालन, अंत्यावसायी, आदिम जाति कल्याण विभाग तथा जिला शहरी विकास अभिकरण की पीएम स्वनिधि योजना में अद्यतन प्रगति एवं वितरण की जानकारी ली। इस दौरान कम प्रगति वाली योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने तथा प्रकरण सबमिशन के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को नियमित रूप से बैंक में भेज कर समन्वय कार्य सुनिश्चित करें। बैंक द्वारा केस रिजेक्शन के मामलों में समुचित कारणों का उल्लेख भी किया जाए। उन्होंने कहा कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत चयनित जिले के 108 ग्रामों में आदिवासी समुदाय के व्यक्तियों का शत प्रतिशत बैंक खाता खोलने की कार्यवाही की जाए। आदिवासी समाज के लोगों के उत्थान के लिए आदि कर्मयोगियों, आदि सहयोगियों एवं आदि साथियों का समर्पित वर्ग भी भविष्य में जनजातीय वर्ग के उत्थान के लिए संचालित योजनाओं में सेवाभाव के साथ कार्य करेंगे। बैठक में सार्वजनिक बैंकों के सीडी रेशियो में सुधार, विभिन्न स्कीम में लाभ के लिए समय सीमा में अपेक्षित कार्यवाही सहित बैंक वसूली और एनपीए में सुधार सहित ऋण मामलों में तामीली तथा बड़े बकायादारों से वसूली में जोर देने के संबंध में चर्चा की गई।

इसके अलावा समस्त ग्राम पंचायतों में वित्तीय सेवाओं की पहुंच के लिए आयोजित शिविरों का विभिन्न माध्यमों से समुचित प्रचार-प्रसार, भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में आवश्यक सहयोग एवं पहल तथा सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का तत्परता एवं संवेदना के साथ निराकरण सहित नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत 9 लाख रूपए तक की वार्षिक आय वाले परिवारों को अधिकतम एक लाख 80 हजार रूपए की ब्याज सब्सिडी स्कीम से लाभांवित करने के संबंध में भी चर्चा की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी सहित लीड बैंक अधिकारी शमा बानो, रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# नाबालिग दुष्कर्म मामले में बाल कल्याण समिति के सदस्य आशीष बोस गिरफ्तार बाकी सदस्यों की तलाश जारी



**पन्ना ।** विगत महीना पूर्व एक नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना को एक आरोपी द्वारा अंजाम दिया गया था । उक्त आरोपी छतरपुर जिले के जुझार नगर थाना का था आरोपी नाबालिक को पहले दिल्ली सहित अन्य जगह ले गया था जिसकी संबंध में पीड़ित बालिका के परिजनों द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया था आरोपी छतरपुर जिला का होने के कारण थाना जुझार में मामला दर्ज हुआ था उसके बाद लड़की को वन स्टाफ सेंटर में रखा गया था तथा मामला पन्ना जिला बाल कल्याण समिति के समक्ष लाया गया था जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा उक्त पीड़िता को आरोपी पक्ष को ही सुपुर्द कर दिया गया था इसके बाद आरोपी ने फिर से पीड़िता के साथ अनेकों बार दुष्कर्म किया मामला संज्ञान में आने पर पन्ना महिला थाना में फिर से अपराध दर्ज कर जुझार नगर थाना को भेज दिया गया था मामला मीडिया एवं अन्य माध्यमों से प्रकाशित हुआ तथा बाल कल्याण समिति को दोषी पाया गया एवं महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी भी दोषी पाए गए उक्त मामले में सभी लोगों के खिलाफ जुझार नगर थाना जिला छतरपुरमें विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था तथा उनकी गिरफ्तारी भी प्रारंभ हो गई है जिनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था उसमें बाल कल्याण समिति पन्ना के अध्यक्ष भानु प्रताप जड़िया निवासी किशोरगंज अध्यक्ष सुदीप श्रीवास्तव सदस्य अंजलि भदोरिया सदस्य आशीष बस सदस्य प्रमोद कुमार सिंह सदस्य को आरोपी बनाया गया है साथ ही महिला बाल विकास अधिकारी अवधेश सिंह प्रशासक काउंसलर कविता पांडे प्रियंका सिंह शिवानी शर्मा आदि तथा एक अन्य अंजली कुशवाहा को भी आरोपी बनाया गया है पुलिस ने मामले में गिरफ्तारी भी प्रारंभ कर दी है बाल कल्याण समिति के सदस्य आशीष बॉस को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया है

**इनका कहना है :** संबंधित मामले में जुझार नगर थाना में 170 /मामला काम किया गया था 25 तथा 10 लोगों को आरोपी बनाया गया है जिसमें बाल कल्याण समिति के 5 सदस्य तथा पांच अन्य लोग महिला बाल विकास के अधिकारी कर्मचारी शामिल है उक्त मामले में नियम अनुसार कानून का पालन नहीं किया गया है जिससे यह कार्यवाही हुई है

नवीन दुबे अनुविभागीय अधिकारी पुलिस लवकुश नगर

### गुनौर विधायक ने अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

**पन्ना ।** गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने बुधवार को अमानगंज स्थित शासकीय महाविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री के आगमन के दृष्टिगत कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान विधायक डॉ. वर्मा ने विभागीय अधिकारियों को प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा से अवगत कराया और तैयारियों के संबंध में जानकारी लेकर कार्यक्रम के सफल आयोजन की बात कही। कार्यक्रम स्थल की विभिन्न व्यवस्थाओं व तैयारियों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 5 सितम्बर को गुनौर विधानसभा क्षेत्र के अमानगंज में पहली बार आगमन होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव महिला सम्मेलन के कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ ही विभिन्न विकास कार्यों की सौगात प्रदान कर आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

### प्रधान जिला न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों के साथ की बैठक

**पन्ना ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार आगामी 13 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से आज जिला न्यायालय के व्हीसी कक्ष में सभी न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय की अध्यक्षता में हुई बैठक के अवसर पर नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के दृष्टिगत विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस दौरान लोक अदालत में राजीनाम के लिए अधिकतम प्रकरणों को रखने तथा पक्षकारों को सूचना पत्र जारी कर प्रि-सिटिंग बैठक आयोजित करने एवं निराकरण के निर्देश दिए गए।

# क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



## उर्वरक वितरण में धांधली का आरोप निजी दुकानों से दुगने दामों में बेची जा रही रासायनिक खाद

## क्षेत्र में फसल बीमा के नाम पर भी किसानों के शोषण का आरोप

**पन्ना।** शाहनगर खरीफ सीजन के कृषि कार्य के दौरान किसानों में रासायनिक खाद की मांग जोरों पर है। लेकिन पन्ना जिले में सहकारी समितियों में व्याप्त धांधली और विभाग पर लापरवाही के आरोपों के साथ लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। इसी क्रम में आज शाहनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसील कार्यालय में सौंपा गया है। ज्ञापन में उर्वरक वितरण में विसंगति के साथ ही क्षेत्र में फसल बीमा का उचित लाभ किसानों को ना मिल पाने का उल्लेख किया गया गया है। नेताओं ने बताया कि शासन के माध्यम से किसानों को उर्वरक नहीं मिल पा रही है इस कारण निजी दुकानों से दुगने तिगुने मूल्य पर खाद की बिक्री की जा रही है। उक्त स्थितियों पर शीघ्र सुधार ना होने पर कांग्रेस नेताओं ने उग्र आंदोलन करने की बात कही है। बुधवार को शाहनगर में प्रदर्शन के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शालिग्राम गौतम, कार्यक्रम प्रभारी अजय श्रीवास्तव, अरुणपाल बुंदेला, राधेश्याम बृजपुरिया, गोविंद परौहा, गणेश प्रसाद परौहा, भारत सिंह,अजयपाल लोधी, आशीष सिंह,शुभम रजक, चैन सिंह राठौर, माखन उपाध्याय, सतीश गुरु, अशोक पूरी, ताज मोहम्मद, साहिल अली, नौनेलाल यादव, कुलदीप बाल्मिक, संजू शर्मा,सहित विभिन्न कार्यकर्ता शामिल रहे।

### बगैर सत्यापन के असत्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर बीएलओ बृजेन्द्र सिंह यादव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**पन्ना ।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 60 पन्ना संजय कुमार नागवंशी द्वारा निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर नगर पालिका परिषद पन्ना के सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड नंबर 9 के मतदान केन्द्र क्रमांक 183 के बीएलओ बृजेन्द्र सिंह यादव को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। साथ ही दो दिवस में स्पष्टीकरण एवं संतोषजनक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। अन्यथा निर्धारित प्रावधानों के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी निर्देशों के पालन में बीएलओ को अपने मतदान केन्द्र की मतदाता सूची से मृत एवं विस्थापित मतदाताओं व दोहरी प्रविष्टी के नाम विधिवत विलोपित करने के लिए निर्देशित किया गया था। बीएलओ ने गत जून माह में प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराया गया कि मतदान केन्द्र की मतदाता सूची में एक भी मृतक मतदाता का नाम शामिल नहीं है, जबकि 100 वर्ष एवं अधिक आयु के मतदाताओं की प्रदत्त सूची में संबंधित मतदान केन्द्र के सरल क्रमांक 679 पर दर्ज मतदाता शारिफन बेगम उम्र 102 वर्ष एपिक कार्ड नंबर ड्ड।।क्क2140044 भी दर्ज पाया गया। मतदाता की मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि संबंधित बीएलओ ने बगैर सत्यापन के असत्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया है। इस संबंध में पदीय दायित्वों के प्रति सजग न रहकर घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने पर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 तथा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 एवं वर्गीकरण, नियंत्रण व अपील नियम 1966 के तहत दंडात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करने के संबंध में नोटिस जारी किया गया है। यह कृत्य लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 32 के तहत भी निर्वाचक नामावलियों की तैयारी संबंधी पदीय कर्तृतव्यों में लापरवाही की श्रेणी में भी शामिल है।

# दक्षिण वनमण्डल पन्ना में हाल ही में दो महत्वपूर्ण एवं रोचक पादप प्रजातियों का अवलोकन किया गया



**पवई।** मोहन्द्रा परिक्षेत्र के बीट में वनरक्षक अरविंद विश्वकर्मा द्वारा बेल (इगलमारमोलौस) वृक्ष पर पत्तियों की विलक्षण विविधता देखी गई। सामान्यतः बेल के वृक्ष पर त्रिपत्रीय (तीन पत्तियों वाले) पत्र ही पाए जाते हैं, जिन्हें पूजा-अर्चना में 'त्रिपत्री' के रूप में चढ़ाया जाता है। किंतु यहाँ चार, पाँच और छह पत्तियों वाले पत्र भी दिखाई दिए, जो अत्यंत विरल हैं। धार्मिक दृष्टि से पंचमुखी और षट्पत्री बेलपत्र का विशेष महत्व माना जाता है, जबकि वैज्ञानिक दृष्टि से यह वृक्ष की आनुवंशिक एवं पर्यावरणीय विविधता का उदाहरण है। बेल भारतीय संस्कृति में पवित्र वृक्ष है तथा इसके फल और पत्ते पारंपरिक आयुर्वेदिक चिकित्सा में भी व्यापक रूप से उपयोग किए जाते हैं।

इसी प्रकार शाहनगर परिक्षेत्र के एक प्लांटेशन स्थल में वनरक्षक श्री आशीष पांडे ने पैरोसुपोविया डेलफीनीफोलिया प्रजाति का अवलोकन किया। यह पौधा ओरोबेचेसीज कुल का सदस्य है। और मूल रूप से एक रूट-पेरासिटिक औषधीय जड़ी है। इसका वितरण भारत और श्रीलंका तक सीमित है तथा यह मध्य भारत में विरलता से पाया जाता है। स्थानीय स्तर पर इसे शंखनी के नाम से जाना जाता है और परंपरागत चिकित्सा में इसके ताजे पत्तों के रस का उपयोग जख्मों पर लगाने में किया जाता रहा है। इसकी उपस्थिति इस क्षेत्र की वनस्पति विविधता और औषधीय संभावनाओं को विशेष महत्व प्रदान करती है। इन दोनों साइटिंग्स से यह स्पष्ट होता है कि दक्षिण पन्ना वनमण्डल की विविध जलवायु एवं भौगोलिक परिस्थितियाँ केवल वन्यजीव संरक्षण ही नहीं बल्कि विशिष्ट पादप जैव-विविधता के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी अत्यंत उपयुक्त हैं। यह स्थानीय वनकर्मियों की प्रकृति के प्रति सजगता और गहन लगाव को भी प्रकट करती हैं।

# तान्या मंडल मिस ब्यूटी क्वीन, पूजा यादव प्रथम रनर अप एवं अनुपम रही द्वितीय रनर अप





## महिलाओं और बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

### सीआईएसएफयूनिट एनसीएल अमलोरी में धूमधाम से मनाया संरक्षिका दिवस

जागरण, सिंगरौली

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ यूनिट एनसीएल अमलोरी द्वारा संरक्षिका दिवस का आयोजन अमलोरी ऑफिसर्स क्लब में किया गया। यह समारोह सीआईएसएफ कर्मियों के परिवारों विशेषकर उनकी पत्नियों और बच्चों के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रति संगठन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संरक्षिका सीआईएसएफ के महिला सशक्तिकरण और कल्याण संघ की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य सीआईएसएफ जवानों के परिवारों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सशक्त बनाना और उनके जीवन को बेहतर बनाना है। यह संगठन परिवारों को एक.दूसरे के साथ जुड़ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने और एक मजबूत सामुदायिक भावना विकसित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती सितारा देवी पत्नी कमांडेंट एवं संरक्षिका अध्यक्ष थीं। उनके साथ श्रीमती ऐश्वर्या गायकवाड पत्नी उप.कमांडेंट और निरीक्षक सुमन सिंह उपस्थित थीं। समारोह की शुरुआत संरक्षिका महिला सदस्याओं द्वारा एक मनमोहक स्वागत गीत से हुई। इसके बाद संरक्षिका की महिलाओं और बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें देशभक्ति गीतों पर आधारित नृत्य लघु नाटक और हास्य.व्यंग्य प्रस्तुतियां शामिल थीं। देशभक्ति गीत पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य सह नाट्य ने जहाँ एक ओर दर्शकों की आँखें नम कर भावविभोर कर दिया तो वहीं अन्य बच्चों द्वारा प्रस्तुत व्यंग्य नृत्य को देखकर लोग हँसते हँसते लोट.पोट हो गए। नन्ही बच्चियों ने बम बम बोले नृत्य को भी व्यंग्यात्मक अंदाज में प्रस्तुत किया जिसमें उनके पोशाक एवम हाव भाव को देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजायीं। कुछ बच्चों ने पंजाब का गिद्धा पेश किया तो कुछ ने उत्तराखंड का नृत्य तो कुछ ने झारखंड और कुछ ने लद्दाख का नृत्य कर भारत देश के एकता में अनेकता का संदेश दिया। झारखंड के नृत्य की प्रस्तुति तो इतनी सुंदर थी कि दर्शक अपने आप को झूमने से नही रोक सके वैसे ही लद्दाखी नृत्य अत्यंत मनमोहक रहा कान्हा के साथ यशोदा मैया की प्रेम की अटखेलियों की प्रस्तुति भी अत्यंत जीवन्त लगी। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया और पूरा माहौल खुशनुमा हो तालियों से गूंज उठा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बाद विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया गया। आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता और मार्बल रेस के विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार दिए गए। इसके अतिरिक्त संरक्षिका दिवस समारोह में आयोजित रैंप वॉक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को भी उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त भाग लेनेवाली संरक्षिका सदस्याओं में से क्रमशः मिस ब्यूटी क्वीन एवं प्रथम और द्वितीय रनर अप का चुनाव भी किया गया एवं उन्हें क्राउन एवं शैश पहनाकर तथा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। तान्या मंडल को मिस ब्यूटी क्वीन पूजा यादव प्रथम रनर अप एवं अनुपम द्वितीय रनर अप रहीं। इस आयोजन ने न केवल मनोरंजन का एक बेहतरीन अवसर प्रदान किया बल्कि इसने सीआईएसएफ परिवार के सदस्यों के बीच एकता और आपसी सौहार्द की भावना को भी और मजबूत किया। यह समारोह सीआईएसएफ परिवार के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अवसर बन गया।

# लोक अदालत में निगम से संबंधी अधिक से अधिक प्रकरणों का कराये निराकरण : सविता प्रधान

## नगर निगम आयुक्त ने व्हीसी के माध्यम से की राजस्व वसूली की समीक्षा



**जागरण, बैढ़न।** नगर पालिक निगम सिंगरौली की आयुक्त सविता प्रधान ने व्हीसी के माध्यम से राजस्व वसूली जलकर सहित प्रधानमंत्री आवासो के निर्माण कार्य के प्रगति की समीक्षा की। निगमायुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुयें समस्त राजस्व निरीक्षको को निर्देश दिए कि अपने अपने वार्डो में शत प्रतिशत राजस्व वसूली करना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि राजस्व वसूली के आने वाले मद को निगम के विकास कार्यो में खर्च किया जाता है ताकि नगारिक सुविधाओ को विस्तार किया जा सक। उन्होने निर्देश दिए कि सभी राजस्व निरीक्षक सम्पत्तिकर भू भाटक दुकानो का किराये की वसूली सुनिश्चित करे। साथ कहा कि आगामी संप्ताह में आयोजित होने वाली लोक अदालत में निगम से संबंधित अधिक से अधिक प्रकरणो का निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करे। लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार कराकर बकायेदारो को लाभ लेने के लिए प्रेरित करे। साथ कहा कि राजस्व वसूली में कोताही करनो वालो की वेतन कटौती भी की जायेगी। उन्होने बड़े बकायेदारो को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त नगरीय क्षेत्र में बीएलसी घटक के तहत निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासो के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुयें संबंधित सहायक यंत्रियो तथा उपयंत्रियो को निर्देश दिए कि जिन आवासो का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उनका जीईओ टैगिग कराये तथा जो आवास लिंटर लेवल तक पूर्ण हो गये उन्हे शीघ्र पूर्ण कराने की कार्यवाही करे। निगमायुक्त ने यह भी निर्देश दिए कि ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा आवास निर्माण कार्य पूर्ण नही किया जा रहा है उन्हे अंतिम नोटिस जारी कर राशि वसूली कार्यवाही करे। तत्पश्चात निगमायुक्त के द्वारा नगरीय क्षेत्र में निवासरत नागरिको के किए जा रहे समंग्र ई केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुयें संबंधित वार्ड प्रभारियो को शत प्रतिशत नगरिको के ई केवायसी करने के निर्देश दिए गए। उन्होने कहा कि ई केवायसी नही होने की स्थिति में शासन की जन कल्याणकारी योजनाओ के लाभ से हितग्राही वंचित हो सकते है। उन्होने नगरवासियो से आग्रह भी किया गया है वे अपने समंग्र से आधार की ई केवायसी जरूर कराये ताकि शासन द्वारा दी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ का लाभ बिना किसी असुविधा के प्राप्त हो सके। उन्होने इसका प्रचार प्रसार कराने के भी निर्देश दिए। व्हीसी के दौरान नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर आरपी बैस सहायक यंत्री संतोष पाण्डेय सहित समस्त सहायक यंत्री उपयंत्री वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

## डीपीएस विंध्यनगर प्राइमरी विंग में नन्हें छात्रों ने शिक्षकों का आभार किया व्यक्त



**जागरण विंध्यनगर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों ने गुरु.शिष्य संबंधों पर आधारित कई सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुईए जिसमें सभी शिक्षकों ने भाग लिया। छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन प्रस्तुतियों में गुरु–शिष्य संबंधों की महत्ता और शिक्षकों के प्रति सम्मान को दर्शाया गया। छात्रों की प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. जनार्दन पाण्डेय ने सभी शिक्षकों और छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा शिक्षक हमारे विद्यालय के स्तंभ हैं। उन्होंने छोटे बच्चों को शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के महत्व के बारे में भी बताया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना था। यह कार्यक्रम छात्रों और शिक्षकों के बीच के बंधन को और भी मजबूत बनाने में मदद करता है। दिल्ली पब्लिक स्कूल विंध्यनगर में शिक्षक दिवस का यह कार्यक्रम यादगार बन गया।

# भू अर्जन के शिकायतों के निराकरण हेतु प्रत्येक सप्ताह बैठक होगी आयोजित : कलेक्टर

## बंधा के विस्थापितों के साथ कलेक्टर ने किया संवाद



**जागरण, बैढ़न।** कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में बंधा ग्राम के विस्थापितो के साथ बैठक कर संवाद किया। बैठक मे कलेक्टर ने ग्रामीणो से उनकी समस्याओ से अवगत होने के पश्चता कहा कि भू अर्जन के दौरान शासन द्वारा निर्धारित गाईड लाईन के अनुसार मुआवजा वितरण किया जायेगा। इसके साथ ही कहा कि भू अर्जन से संबंधित शिकायतो के निराकरण हेतु प्रत्येक संप्ताह बैठक आयोजित कर समस्याओ का निराकरण भी किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि बंधा गाव के प्रत्येक पात्र विस्थापित व्यक्ति को निर्धारित नियामनुसार मुआवजा वितरण किया जायेगा। साथ ही ऐसे विस्थापित जो सर्वे के दौरान छूट गये है उनके परसम्पत्तियो को दोबारा से सर्वे कर मुआवजा निर्धारण किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि बंधा ग्राम के सुव्यवस्थित विस्थापन हेतु शिविर आयोजित कर विस्थापन के दौरान आने वाली समस्याओ का निराकरण किया जायेगा। वही गठित ग्राम समिति के माध्यम से समन्वय कर विस्थापन कि प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण किया जायेगा। उन्होने कहा कि ग्राम के बेरोजगार युवाओ को ग्राम पंचायत के माध्यम से चिन्हित कर उनकी योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर भी उपलंब्ध कराये जायेगे। कलेक्टर ने विस्थापितो से कहा कि नशे से दूर रहे उन्होने दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने का आग्रह किया। बैठक के दौरान एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला सरपंच ग्राम पंचायत बंधा सहित ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## प्रशिक्षण में 35 आशा सुपरवाइजर ने लिया हिस्सा

**जागरण बैढ़न।** जिला एनएचएम के सहयोग से सिंगरौली जिले में आशा सुपरवाइजर का एमएनएस मॉड्यूल का प्रशिक्षण 1 से 3 तक कनपुरा कुटुंबकम संस्थान द्वारा आयोजित किया गया प्रशिक्षण में आशा सुपरवाइजर को मेंटल हेल्थ से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में 35 आशा सुपरवाइजर ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ठाकुर एनएचएम के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुधाशु मिश्र जिला स्वास्थ्य अधिकारी जगदीश चंद्र यशवाल संस्था प्रमुख लाल योगेंद्र सिंह एवं जिला प्रशिक्षक वंदना विश्वकर्मा शबा बानो आरती सिंह उपस्थिति रही कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया।

# प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

## एनटीपीसी विंध्याचल में गणेश चतुर्थी पर गीत गायन प्रतियोगिता एवं गणपति बिंगों का आयोजन



**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में गणेशोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पुजा समिति द्वारा बाल वर्ग कक्षा 3 से 9 और ऊपर तक के बच्चों हेतु धार्मिक गीतों पर आधारित गीत.गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में छोटे.बड़े सभी बच्चों ने विभिन्न परिधानों में सज.संवरकर अपनी दृअपनी मधुर भक्ति गीतों को प्रस्तुत किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति ने सभी को तालियाँ बजने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात सभी के लिए गणपति बिंगों का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों के साथ.साथ बच्चों ने भी बढ़.चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण ए जे राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन सत्येंद्र कुमार सिन्हा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल राकेश अरोड़ा अन्य महाप्रबंधकगण सुहासिनी संघ की सदस्याएँ पुजा समिति के सभी सदस्य एवं श्रद्धालुगण उपस्थित रहें। सभी श्रद्धालुओं हेतु प्रसाद की भी व्यवस्था की गई थी। सभी ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए गणेश पुजा समिति का गठन किया गया है जिसमें महाप्रबंधक मेंटेनेंस एवं एडीएम मणिक्यन सुरेश अध्यक्ष सुनील महेश्वरी उपाध्यक्ष हनुमान सोनी विशाल गोयल व पंकज पाण्डेय कोषाध्यक्ष अभिषेक कुमार रस्तोगी सचिव एवं आदित्य देशमुख सयुंक्त सचिव है। जिनके मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में पुजा समिति द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया।

## जिले में यूरिया खाद की लगातार उपलब्धता बरकार है : उपायुक्त सहकारिता

**बैढ़न।** उपायुक्त सहकारिता पीके मिश्रा ने बताया कि जिले में कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के प्रयास से 12000 म. टन यूरिया उर्वरक खरीफवर्ष 25 में प्राप्त हुआ है जिसका भण्डारण मार्कफेड के डबल लाक केंद्र बैढन एवं जियावन जिले के सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति एवं निजी लायसेंसधारी विक्रेताओं के यहाँ उपलब्ध कराया गया। उन्होने बताया कि विगत 10 दिन में मार्कफेड गोदाम कचनी से 10000 से अधिक किसानों को नगद यूरिया खाद का वितरण किया गया है। वही जिले के निजी लायसेंसधारी विक्रेताओं के यहाँ कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाकर उनकी उपस्थिति में यूरिया खाद का वितरण कराया गया है । जिले के सभी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति के प्रबंधको को निर्देशित कर जिन किसानों का परमीट नहीं बना है उनसे वांछित दस्तावेज़ प्राप्त कर उन्हें परमीट जारी कर यूरिया खाद कर्ज पर वितरण करना सुनिश्चित किया गया है।

## नाम सुधार सूचना

मैं धर्मराज कुशवाहा पिता राममिलन कुशवाहा निवासी म.नं. 307 मझिगवां पो. पतेरी जिला–सिंगरौली (म.प्र.) शपथ पुर्वक कथन करता हूॅ। कि मैं भारतीय जीवन बीमा निगम में पालिसी क्रमांक 18917627 का पालिसी धारक हूॅ। मेंरे बीमा पालिसी में मेंरा नाम धर्मराज पिता राममिलन कुशवाहा दर्ज है, जो कि सही नहीं है। जबकि मेंरे आधार कार्ड क्रमांक 767419827996 व पैन कार्ड में मेंरा नाम धर्मराज कुशवाहा पिता राममिलन कुशवाहा दर्ज है। अतः मेंरी बीमा पालिसी क्रमांक 18917627 में मेंरा नाम धर्मराज कुशवाहा पिता राममिलन कुशवाहा दर्ज किया जाय जो कि सही एवं सत्य है।

**शपथकर्ता**
**धर्मराज कुशवाहा पिता राममिलन कुशवाहा**
**मों. 9617283980**

# ऑनलाइन धोखाधड़ी वित्तीय घोटालों, और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के बारे में दी जानकारी

## सीआईएसएफ यूनिट एनसीएल सिंगरौली अमलोरी परियोजना में साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला का आयोजन



**जागरण, सिंगरौली।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ यूनिट एनसीएल अमलोरी की इकाई लाइन कैंप में आज जवानों के लिए साइबर सुरक्षा और वित्तीय साक्षरता पर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीआईएसएफ कर्मियों को आधुनिक डिजिटल खतरों से बचाना और उन्हें अपने वित्तीय जीवन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करना था। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में एसबीआई अमलोरी के शाखा प्रबंधक पराग मिश्रा उपस्थित थे। उन्होंने जवानों को वर्तमान समय में हो रहे ऑनलाइन धोखाधड़ी वित्तीय घोटालों और साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने फिशिंग कॉल एसएमएस फ्रॉड फर्जी वेबसाइटों और सोशल मीडिया पर होने वाली धोखाधड़ी से बचने के लिए आवश्यक सावधानियों पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने यूपीआई भुगतान एटीएम उपयोग और ऑनलाइन बैंकिंग के दौरान बरती जाने वाली सुरक्षा प्रोटोकॉल पर भी प्रकाश डाला। श्री मिश्रा ने वित्तीय प्रबंधन पर भी उपयोगी सुझाव दिए। उन्होंने बचत निवेश और बीमा के महत्व को समझाते हुए एक अनुशासित वित्तीय योजना के लाभों पर चर्चा की जिससे भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। इस उपयोगी सत्र में निरीक्षक सुमन कुमारी निरीक्षक विकास कुमार और उप.निरीक्षक राजेश सिंह सहित इकाई के कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। कार्यशाला के अंत में इकाई प्रभारी खिल्लारे एसपी एकमांडेंट ने श्री मिश्रा को इस तरह के आवश्यक और ज्ञानवर्धक कार्यक्रम के आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। यह कार्यशाला सीआईएसएफपरिवार के लिए अत्यंत सफल और प्रेरणादायक रही जिसने जवानों को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

## दो भाईयों पर किया आधा दर्जन लोगों ने हमला

**रीवा।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी तालाब के पीछे अशोक नगर में आधा दर्जन से अधिक सरहंगों ने दो भाईयों पर हमला बोल दिया। सरहंगों ने दोनों भाईयों के साथ जमकर मारपीट की। मारपीट करने करने वालों ने धारदार हथियार से युवक के पैर की अंगुली काट दी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर घायल युवक को संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया। युवक की हालत नाजुक बनी हुई है। क्षेत्र के रहवासियों का आरोप है किपुलिस की निष्क्रियता केचलते क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं।


## Name Correction Notice

I, Ramshiromani Shahwal, son of Lalman Shahwal, residing at Shiromanipuram, Ghurital Paschim, Ward No. 30, Waidhan, PO: Waidhan, Dist. Singrauli, 486886 (M.P) do hereby declare that my correct name is Ramshiromani Shahwal S/o Lalman Shahwal as per my Aadhaar Card. Previously, my name was recorded as RAM SHIROMANI SHAH S/o LAL MANI SHAH in certain documents.

Henceforth, I shall be known and recognized by my correct name Ramshiromani Shahwal S/o Lalman Shahwal for all purposes.

Date: 02.09.2025
Place: Waidhan

**Ramshiromani Shahwal**



# यूएस ओपन में पहली बार भिड़ेंगे जोकोविच और अल्काराज

## दोनों खिलाड़ियों के बीच होगी फाइनल के लिए जंग, आर्यना सबालेंका लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल में पहुंची

जेएनएन, न्यूयॉर्क

सर्बिया के नोवाक जोकोविच 2008 में चारों ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले सबसे युवा टेनिस खिलाड़ी बने थे। अब 17 साल बाद सभी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी जोकोविच ने यूएस ओपन के अंतिम चार में पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की। 38 साल के जोकोविच को अब दो साल बाद यहां फाइनल में जगह बनाने के लिए दुनिया के दूसरे नंबर के युवा खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज की चुनौती से पार पाना होगा। जोकोविच ने मंगलवार देर रात को अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को तीन घंटे 27 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 7-5, 3-6, 6-4 से पराजित किया। पिछले साल के उपविजेता फ्रिट्ज के खिलाफ जोकोविच की यह लगातार 11वीं जीत है। जोकोविच टूर्नामेंट में आखिरी अमेरिकी खिलाड़ी पर जीत के बाद फ्रिट्ज की हौसलाअफजाई कर रहे प्रशंसकों की ओर चुंबनों की बौछार कर दी। वहीं 22 साल के स्पेन के अल्काराज ने चेक गणराज्य के जिरी लेहेका को 6-4, 6-2, 6-4 से हराया। 2022 के चैंपियन अल्काराज ने अब तक टूर्नामेंट में एक भी सेट नहीं गंवाया है। जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद दोनों खिलाड़ी पहली बार आमने-सामने होंगे। वहीं फ्लशिंग मीडोज में दोनों खिलाड़ी पहली बार आपस में टकराएंगे। दोनों के बीच हुए आठ मुकाबलों में से पांच जोकोविच ने जीते हैं।



- चार बार के यूएस ओपन चैंपियन जोकोविच ने 14वीं बार यहां अंतिम चार में पहुंचकर दिग्गज जिम्मी कोनर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच यहां 2023 में आखिरी बार विजेता बने थे। उसके बाद से उन्होंने कोई ग्रैंड स्लैम नहीं जीता है। उन्हें पिछले दो साल से अपने 25वें ग्रैंड स्लैम का इंतजार है। यह सातवां मौका है, जब वह सभी चारों ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचे। जोकोविच रिकॉर्ड 53वीं बार ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में पहुंचे हैं।
- चौथी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज के हारने के साथ ही 2003 के बाद से किसी ग्रैंडस्लैम पुरुष एकल वर्ग में अमेरिकी खिलाड़ियों के खिताब नहीं जीत पाने का सिलसिला जारी रहा। एंडी रोडिक ने 2003 में अमेरिकी ओपन खिताब जीता था।
- अल्काराज (22 साल 111 दिन) एक से अधिक बार साल के अंतिम तीनों ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इससे पहले वह 2023 में भी फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे थे और विंबलडन में विजेता बने थे। पांच बार के ग्रैंडस्लैम विजेता अल्काराज अगर यूएस ओपन खिताब जीतते हैं, तो एटीपी रैंकिंग में यानिक सिनेर को पछाड़कर शीर्ष पर काबिज हो जाएंगे।



## वोंद्रोसोवा ने दिया वॉकओवर, क्रेसिकोवा को हराकर जेसिका अंतिम चार में पहुंची

दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने क्वार्टर फाइनल में बिना कोर्ट पर उतरे ही लगातार पांचवीं बार सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। गत चैंपियन सबालेंका की प्रतिद्वंद्वी मार्केटा वोंद्रोसोवा ने घुटने में चोट के कारण सबालेंका को वॉकओवर दे दिया। सबालेंका का सामना अब अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला ने बारबोरा क्रेसिकोवा को 6-3, 6-3 से हराकर करियर के दूसरे ग्रैंडस्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह पिछले साल यहां फाइनल में सबालेंका से हार गई थीं। पेगुला बिना कोई सेट गंवाएं सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सेरेना विलियम्स (2011 से 2014) के बाद पहली महिला खिलाड़ी हैं। वहीं दो साल बाद ग्रैंड स्लैम में लौटी अमेरिकी दिग्गज वीनस विलियम्स और लैला फर्नांडिज का सफर क्वार्टर फाइनल में थम गया। 45 वर्षीय वीनस और फर्नांडिस को शीर्ष वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और कैटरीना सिनिकोवा के हाथों 56 मिनट में 1-6, 2-6 से हार झेलनी पड़ी।



## भांबरी पहली बार ग्रैंड स्लैम के अंतिम-आठ में

भारतीय टेनिस स्टार युकी भांबरी करियर में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए, जिन्होंने माइकल वीनस के साथ यूएस ओपन पुरुष युगल के अंतिम आठ में जगह बनाई। भांबरी और न्यूजीलैंड के वीनस की 14वीं वरीयता प्राप्त जोड़ी ने जर्मनी के केविन क्रावीत्ज और टिम पुएत्ज



की जोड़ी को एक घंटे 23 मिनट तक चले मुकाबले में 6-4, 6-4 से हराया। अब उनका सामना क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच और अमेरिका के राजीव राम से होगा। इस बीच प्रतिभाशाली माया राजेश्वरन रेवती जूनियर वर्ग के दूसरे दौर में ब्रिटेन की दूसरी वरीयता प्राप्त हन्नाह क्लगमैन से 6-7, 6-4, 3-6 से हारकर बाहर हो गई। वह युगल वर्ग में भी अपनी जोड़ीदार लाइमा सिनाली के साथ चौथी वरीयता प्राप्त लूना व्लासन और जेलाइन वेंड्रीम के हाथों 2-6, 2-6 से हारकर बाहर हो गई। हितेश चौहान और कृष त्यागी भी लड़कों के युगल वर्ग के दूसरे दौर में हार गए।

## खेल एक नजर

### आईएसएल 2025-26 को समय पर कराए भारतीय फुटबॉल संघ

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय फुटबॉल संघ (एआईएफएफ) को आगामी फुटबॉल सीजन 2025-26 समय पर आयोजित कराने का आदेश दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि एआईएफएफ ऐसे कदम उठाए, जिससे फुटबॉल कैलेंडर समय पर शुरू हो और सुपर कप सहित सभी प्रतियोगिताओं की प्रतिस्पर्धी निरंतरता बनी रहे। यह आदेश न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने दिया। कोर्ट ने कहा कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के लिए व्यावसायिक भागीदार चुनने की प्रक्रिया पारदर्शी और प्रतिस्पर्धी होनी चाहिए। इसके लिए एआईएफएफ को निविदा आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस प्रक्रिया की निगरानी के लिए पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव को नियुक्त किया गया है। वे सुनिश्चित करेंगे कि वैश्विक मानकों के अनुरूप एक सक्षम और प्रतिष्ठित कंपनी को भागीदार बनाया जाए। दरअसल, राष्ट्रीय खेल शासन अधिनियम 2025 लागू होने के बाद एआईएफएफ की कई गतिविधियां अटक गई थीं।

### अफगानिस्तान ने टी-20 में पाक को 18 रन से हराया



**शारजाह, जेएनएन।** अफगानिस्तान ने अपने स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत टी-20 त्रिकोणीय सीरीज में पाकिस्तान को 18 रनों से शिकस्त देकर भावनात्मक जीत दर्ज की। घरेलू मैदान पर आए भूकंप के बाद, जहां मरने वालों की संख्या 1400 पार कर गई है, शारजाह में अफगानिस्तान का शानदार प्रदर्शन पाकिस्तान के लिए बहुत ज्यादा कारगर साबित हुआ। इब्राहिम जदरान और सेदिकुल्लाह अटल ने दूसरे विकेट के लिए 113 रनों की साझेदारी की, जो उनकी पारी की रीढ़ बनी। कप्तान राशिद खान, मोहम्मद नबी और टूर्नामेंट में अपना पहला मैच खेल रहे बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए और पाकिस्तान को नौ विकेट पर 151 रन पर रोक दिया। पाकिस्तान अगर 150 रन तक पहुंच पाया तो इसका श्रेय दसवें नंबर के बल्लेबाज हारिस रऊफ को जाता है, जिन्होंने 16 गेंद पर चार छक्कों की मदद से नाबाद 34 रन बनाए। इससे पहले जादरान (65) और अटल (64) ने लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक जमाए। इन दोनों के बीच 113 रन की साझेदारी की मदद से अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 169 रन बनाए।

### टेस्ट में किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति मिलनी चाहिए

**लंदन, जेएनएन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने सुझाव दिया है कि टेस्ट क्रिकेट में टीमों को 160 ओवर के भीतर किसी भी समय नई गेंद लेने की अनुमति दी जानी चाहिए, जबकि मौजूदा नियम के अनुसार 80 ओवर के बाद ही नई गेंद लेनी होती है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से 2018 में संन्यास लेने वाले कुक ने कहा कि इस बदलाव से खेल के सबसे बड़ा प्रारूप अधिक रोमांचक और रणनीतिक हो जाएगा। उन्होंने स्टिक टू क्रिकेट पॉडकास्ट के दौरान कहा, मैं टेस्ट में एक नया नियम जोड़ना चाहूंगा। आप 160 ओवरों में जब चाहें नई गेंद ले सकते हैं। आपको उन 160 ओवरों के लिए दो नई गेंदें मिली हैं और आप जब चाहें दूसरी गेंद ले सकते हैं। आप चाहें तो 30 ओवर के बाद नई गेंद ले सकते हैं। इंग्लैंड के एक अन्य पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने इसी पॉडकास्ट पर कहा कि क्रिकेट में भी अन्य खेलों की तरह किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर उसकी जगह सब्स्टिट्यूट खिलाड़ी उतारने का प्रावधान होना चाहिए। उन्होंने हाल में समाप्त हुई भारत-इंग्लैंड सीरीज का उदाहरण दिया, जिसमें ऋषभ पंत ने पांव में फ्रैक्चर होने के बावजूद बल्लेबाजी की, जबकि उनकी जगह फील्डिंग करने के लिए उतरे ध्रुव जुरेल ने केवल विकेटकीपिंग की।

# दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल : श्रेयस यशस्वी और रजत पर रहेंगी नजरें

## पश्चिम और मध्यक्षेत्र के बीच इस मुकाबले में कुलदीप यादव और ध्रुव जुरेल नहीं खेलेंगे

**बेंगलुरु, जेएनएन।** श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और शार्दुल ठाकुर गुरुवार से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में पश्चिम क्षेत्र की तरफ से मध्य क्षेत्र के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके भारतीय टीम में वापसी करने के लिए अपना मजबूत दावा पेश करने की कोशिश करेंगे। अय्यर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में नहीं चुना गया, लेकिन वह यहां सत्र की शानदार शुरुआत करके वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज तथा उसके बाद ऑस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के दौरे जैसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंटों से पहले खुद को दावेदारी में बनाए रखना चाहेंगे। श्रेयस ने आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए 17 मैचों में 50.33 की औसत और 175 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 604 रन बनाए, लेकिन इसके बावजूद वह एशिया कप के लिए राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं बना पाए। उनके अच्छे प्रदर्शन का फायदा पश्चिम क्षेत्र को भी मिलेगा। जहां तक यशस्वी का सवाल है, तो बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की कर दी है, लेकिन सीमित ओवरों की क्रिकेट में वह राष्ट्रीय चयन समिति की पहली की पसंद नहीं हैं। वह वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज से पहले लाल गेंद की क्रिकेट में अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखना चाहेंगे। यशस्वी का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवां टेस्ट था और उन्हें अगला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के लिए अक्टूबर में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज तक इंतजार करना पड़ सकता है। दूसरी ओर शार्दुल पश्चिम क्षेत्र की कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और इसलिए चयनकर्ताओं की



नजरों में बने रहने के लिए वह अपने प्रदर्शन को बेहतर करने की कोशिश करेंगे। पश्चिम क्षेत्र की टीम के अन्य प्रमुख सदस्य जैसे रुतुराज गायकवाड़ और तनुश कोटियन अभी अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय चयन समिति का ध्यान खींचना चाहेंगे।

### पाटीदार की कप्तानी में मध्य क्षेत्र मजबूत

मध्य क्षेत्र का सवाल है, तो ध्रुव जुरेल अगर कमर की चोट से उबर जाते हैं, तो वह टीम की कमान संभाल सकते हैं। यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज क्वार्टर फाइनल में नहीं खेल पाया था। जुरेल के बिना भी उनकी बल्लेबाजी दमदार रही, क्योंकि कार्यवाहक कप्तान रजत पाटीदार, दानिश मालेवार और शुभम शर्मा ने बड़े शतक जड़े। उनके पास बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे तथा तेज गेंदबाज खलील अहमद और दीपक चाहर के रूप में मजबूत गेंदबाजी इकाई भी है। वहीं टीम में कुलदीप यादव नहीं हैं। उन्हें एशिया कप के लिए चयनित किया गया है।

**पश्चिम क्षेत्र:** यशस्वी जायसवाल, हार्विक देसाई (विकेटकीपर), रितुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, शिवालिक शर्मा, जयमीत पटेल, शार्दुल ठाकुर (कप्तान), शम्स मुलानी, तनुष कोटियन, तुषार देशपांडे, धर्मेंद्रसिंह जडेजा/अर्षन नागवासवाला

**मध्य क्षेत्र:** आयुष पांडे, दानिश मालेवर, शुभम शर्मा, रजत पाटीदार (कप्तान), उपेंद्र यादव/अक्षय वाडकर (विकेटकीपर), यश राठौड़, दीपक चाहर, हर्ष दुबे, मानव सुथर, आदित्य ठाकरे, खलील अहमद।

**उत्तर क्षेत्र :** अंकित कुमार (कप्तान), शुभम खजूरिया (उप-कप्तान), यश ढुल, आयुष बदोनी, निशांत सिंधु, कन्हैया वाधवान (विकेटकीपर), साहिल लोत्रा, मयंक डागर, आकिब नबी, युद्धवीर सिंह चरक, गुरनूर सिंह बराड़।

**दक्षिण क्षेत्र :** तन्मय अग्रवाल, देवदत्त पडिक्कल, रिकी भुई, नारायण जगदीशन (उप-कप्तान), मोहम्मद अजहरुद्दीन (कप्तान और विकेटकीपर), शेख रशीद/सलमान निज़ार, अंकित शर्मा, तन्मय त्यागराजन, वासुकी कौशिक, गुरजपनीत सिंह, बेसिल एनपी/ एमडी निधीश।

# भारत का विजयी रथ थमा, कोरिया के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रहा मुकाबला

**राजगीर (बिहार), जेएनएन।** मेजबान भारत ने बुधवार को पुरुष एशिया कप के सुपर चार चरण के अपने पहले मैच में गत चैंपियन कोरिया के खिलाफ कड़े मुकाबले में 2-2 से ड्रॉ खेलकर अपना अपराजेय अभियान जारी रखा। हार्दिक सिंह (8वें मिनट) ने भारत को शुरुआती बढ़त दिलाई, जिसके बाद यांग जिहुन (12वें मिनट) और ह्योनहोंग किम (14वें मिनट) ने लगातार गोल करके कोरिया को आगे कर दिया। मैच शुरू होने से पहले ही बारिश ने दस्तक दी थी, जिसके कारण मुकाबला देरी से शुरू हुआ। पहले क्वार्टर में हार्दिक ने भारत के लिए पहला गोल किया। इसके बाद कोरिया ने लगातार दो गोल करके बढ़त बनाई, हालांकि भारत के लिए चौथे क्वार्टर में मनदीप सिंह ने गोल करके मुकाबला बराबर किया। इस मुकाबले से पहले



भारत ने टूर्नामेंट में लगातार तीन मैच जीते थे, लेकिन कोरिया के खिलाफ टीम ने कई बार गोल करने के मौके गंवाए, जिसका खामियाजा उसे ड्रॉ से भुगतना पड़ा है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया ने चीन को 2-0 से हराया।

## डोपिंग: सुम्मी पर दो साल का प्रतिबंध

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत की 2021 विश्व अंडर 20 चैंपियनशिप में चार गुणा 400 मीटर मिश्रित रिले कांस्य विजेता टीम की सदस्य सुम्मी कालीरमन को 2024 में किए गए उनके डोपिंग अपराध के लिए नाडा के डोपिंग रोधी अनुशासन पैनल (एडीडीपी) ने दो साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) ने 22 वर्षीय सुम्मी को पिछले वर्ष तब अस्थायी तौर पर निलंबित किया था जब उनका प्रतिबंधित पदार्थ क्लोमीफीन के लिए परीक्षण पॉजिटिव आया था। नाडा के नवीनतम अपडेट के अनुसार उन पर प्रतिबंध की अवधि पिछले वर्ष 14 अक्टूबर से शुरू हो गई है। नाडा के एडीडीपी द्वारा प्रतिबंधित किए गए ट्रैक एवं फील्ड के अन्य खिलाड़ियों में लंबी दूरी के धावक श्रीराम ए एस और रेशमा दत्ता केवटे हैं, जिन पर क्रमशः पांच और चार वर्ष का प्रतिबंध लगाया गया है। भारोत्तोलक सिमरनजीत कौर (पांच साल), मुक्केबाज रोहित चमोली (दो साल), पहलवान आरजू (चार साल), कबड्डी खिलाड़ी मोहित नांदल (तीन साल) और पहलवान अनिरुद्ध अरविंद (तीन साल) को भी डोपिंग अपराधों के लिए दंडित किया गया है।

# बेंगलुरु भगदड़ पर बोले कोहली-हमारा सबसे खुशी का पल दर्दनाक बन गया

**बेंगलुरु, जेएनएन।** भारत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के सुपरस्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने आईपीएल खिताब जीतने के जश्न में चार जून को हुई भगदड़ के बारे में कहा है कि यह उनकी टीम का सबसे खुशी का दिन हो सकता था, जो 11 लोगों की मौत के बाद दर्दनाक बन गया। आरसीबी के 18 साल में पहली बार आईपीएल खिताब जीतने के बाद एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर जश्न के लिए ढाई लाख प्रशंसकों के जमा होने के बाद भगदड़ मच गई थी। कोहली ने आरसीबी के एक्स हैंडिल पर कहा, आप कभी भी इस तरह दिल तोड़ने वाली घटना का सामना नहीं करना चाहते, जो हमारी टीम के इतिहास का सबसे खुशी का पल होना चाहिए था, वह एक दुखद घटना में बदल गया। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों और चोटिल हुए अपने प्रशंसकों के बारे में सोचता हूं और प्रार्थना करता हूं। आपकी क्षति अब हमारी कहानी का हिस्सा है। हम मिलकर सावधानी, सम्मान और जिम्मेदारी से आगे बढ़ेंगे। घटना की आधिकारिक जांच में बताया गया कि इस अराजकता का कारण उचित मंजूरी का अभाव और अत्यधिक भीड़ थी, जो फ्रेंचाइजी द्वारा सोशल मीडिया पर भेजे गए निमंत्रणों के कारण उमड़ी थी। पुलिस ने स्वीकार किया कि दर्शकों को नियंत्रित करने के लिए उनके पास संख्या बल बहुत कम था और जांच में आरसीबी को प्रशंसकों को बड़ी संख्या में आने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जिम्मेदार ठहराया गया।



# अध्यक्ष और आईपीएल चेयरमैन के पद की दावेदारी में कोई ठोस विकल्प नहीं

### बीसीसीआई चुनाव: सितंबर के अंत में होगी एजीएम

जेएनएन, नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की सितंबर के अंत में होने वाली वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में कुछ शीर्ष पद दांव पर लगे होंगे, जिसमें बोर्ड अध्यक्ष और आईपीएल चेयरमैन का पद शामिल है। आईपीएल के मौजूदा अध्यक्ष अरुण धूमल के छह साल पूरे होने के बाद तीन साल के अनिवार्य (कूलिंग ऑफ) ब्रेक पर जाने की पूरी संभावना है। उनके संभावित उत्तराधिकारी के रूप में कई नामों पर चर्चा हो रही है। फिलहाल देवजीत सैकिया अपने पद पर बने रहेंगे, जिन्होंने संयुक्त सचिव (दो साल और तीन महीने) और सचिव (नौ महीने) के तौर पर कुल मिलाकर तीन साल पूरे कर लिए हैं। संयुक्त सचिव रोहन गौंस देसाई और प्रभतेज भाटिया भी अपने पद पर बने रहेंगे, जिनका पदाधिकारी के रूप में यह पहला साल है। आईपीएल अध्यक्ष पद के लिए मुंबई क्रिकेट संघ के पूर्व सचिव संजय नाइक और वर्तमान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला के नाम चर्चा में हैं, हालांकि अभी तक कोई अंतिम फैसला नहीं हुआ है। अगर कांग्रेस नेता शुक्ला एक बार फिर आईपीएल अध्यक्ष बनते हैं, तो बिहार क्रिकेट संघ के अध्यक्ष और राज्य के भाजपा नेता राकेश तिवारी बीसीसीआई उपाध्यक्ष पद के दावेदार बन सकते हैं। एजीएम सितंबर के आखिरी हफ्ते में होने की उम्मीद है। सिर्फ कुछ पद ही दांव पर होंगे और इस साल के चुनाव बीसीसीआई के अपने नियमों के अनुसार होंगे। राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम लागू होने में अभी कुछ समय लग सकता है, जिससे बीसीसीआई इतना लंबा इंतजार नहीं करेगा। जुलाई में अपना 70वां जन्मदिन पूरा कर चुके रोजर बिन्नी वर्तमान संविधान के अनुसार दोबारा नहीं चुने जा सकते।

# दो वनडे मैच खेलने वाली 17 साल की मेसो दक्षिण अफ्रीकी विश्व कप टीम में

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** दक्षिण अफ्रीका ने इस महीने के अंत में भारत और श्रीलंका में होने वाले महिला वनडे विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम में 17 साल की विकेटकीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो को शामिल किया है। इस साल मार्च में श्रीलंका के खिलाफ टी-20 मैच में सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने वाली मेसो ने अब तक दो वनडे और पांच टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। मेसो 2023 और 2025 में दो अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप में भाग लेने के बाद अपने पहले सीनियर विश्व कप में हिस्सा लेंगी। टीम में पूर्व कप्तान डेन वैन नीकर्क शामिल नहीं हैं, जिन्होंने संन्यास के अपने फैसले को पलटकर वापसी का फैसला किया था। ऐसी संभावना थी कि टूर्नामेंट पूर्व शिविर में शामिल होने के बावजूद नीकर्क को टीम में जगह नहीं मिलेगी। टीम की कप्तानी लॉरा वोलवार्ट करेंगी।



**टीम :** लॉरा वोलवार्ट (कप्तान), अयाबोंगा खाका, क्लो ट्रायोन, नेदिन डि क्लार्क, मारिजेन कैप, ताजमिन ब्रिट्स, सिनालो जाफ्ता, नॉनकुलुलेको म्लाबा, एनेरी डर्कसेन, एनेके बॉश, मसाबाता क्लास, सुने लुस, कराबो मेसो, तुमी सेखुखुने, नोंदुमिसो शांगासे। ट्रैवलिंग रिजर्व: मिआने स्मिट।

# फुटबॉल: डीपीएस की तीनों टीम जीती



**भोपाल, खेप्र।** दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बेंगलुरु, बड़ोदरा और कानपुर के अलावा कमला देवी पब्लिक व एमिनेंट पब्लिक स्कूल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर सीबीएसई नेशनल फुटबॉल बॉयज टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। प्रतियोगिता में 70 फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रहीं हैं। अंडर-14 आयु वर्ग में डीपीएस बेंगलुरु ने सैनिक स्कूल कपूरथला को हराया। डीपीएस बड़ोदरा ने ओडियन ग्लोबल स्कूल को 2-0 से, कमला देवी पब्लिक स्कूल ने मदीन पब्लिक स्कूल को 5-0 से परास्त किया। वहीं मेजबान पीपुल्स पब्लिक स्कूल एवं टॉक पब्लिक स्कूल के बीच मुकाबला एक-एक गोल पर समाप्त हुआ। अंडर-19 में एमिनेंट पब्लिक स्कूल ने ओमेगा स्कूल को 4-0 से और डीपीएस कानपुर ने संबीम स्कूल प्रयागराज को 2-0 से हराया। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ स्पोर्ट्स प्रमोटर ग्रुप के अध्यक्ष अरणेश्वर शरण सिंह देव और सीबीएसई डिप्टी सेक्रेटरी सुभाष गर्ग ने किया।

# कराते : रिद्धि अग्रवाल ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल।** शहर की रिद्धि अग्रवाल ने द्वितीय भोपाल ओपन कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। टीटी नगर स्टेडियम में प्रशिक्षणरत रिद्धि ने एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में आयोजित प्रतियोगिता में महिला सीनियर ओपन कुमिते वर्ग में यह सोने का तमगा हासिल किया। रिद्धि ने इससे पहले जुलाई में श्रीलंका में आयोजित साउथ एशियन कराटे चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था।



दैनिक जागरण
12
रीवा, 04 सितम्बर, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com

## घरों के ऊपर से 33 केव्ही की लाइन हटाने दिया ज्ञापन

**सतना।** बिजली से आए दिन हो रही घटनाओं से बचने रामपुर बघेलान हनुमानगंज से सगौनी रोड की ओर जाने वाली सड़क के किनारे किनारे पूरी एक कॉलोनी की बसाहट हो गई है जबकि रोड के किनारे किनारे घरों के ऊपर से 33 केवी लाइन गुजरी हुई है यह वहां रहने वाले रहवासियों के लिए बहुत खतरनाक हो सकती है कई बार 33 केवी लाइन टूटने के कारण दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं।

## रजरवार हल्का पटवारी नीरज गौतम की हुई पिटाई

**कोटर।** कोटर तहसील में पदस्थ रजरवार हल्का पटवारी नीरज गौतम को सतना विराट नगर में दौडा दौडा कर पिटा गया सुत्रो से मिलीं जानकारी के अनुसार यह पटवारी नीरज गौतम शराब के नशें में धुत था और लोगों से गाली गलौज करता था जिससे लोगों ने धुनाई की व पुलिस को सूचना दी थी।

# महिला को बेहोश कर किया दुष्कर्म फिर गला दबाकर कर दी हत्या

### मृतिका का भतीजा ही निकला कातिल, शव को छिपाया था लोहे के बक्से में मैहर एसपी ने किया खुलासा

**जागरण, सतना**

महिला को बेहोश कर पहले उसके साथ दुष्कर्म किया फिर चोरी की व उसके पश्चात गला दबाकर महिला की हत्या कर दी। इस घटना को किसी और ने नही बल्कि मृतिका के भतीजे ने ही अंजाम दिया है। मैहर पुलिस ने आरोपी को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। इस पूरे घटना क्रम का खुलासा एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने किया है। इस दौरान एएसपी डॉ चंचल नागर सीएसपी महेंद्र सिंह चौहान व मैहर टीआई अनिमेष द्वेवेदी मौजूद रहे।

**ये थी घटना :** बताया जाता है कि 31 अगस्त को फरियादी सुरेश चौधरी निवासी महराजनगर द्वारा देवी जी चौकी में अपनी मंझली बहन अनीता चौधरी की गुमशुदगी के संबंध में सूचना दी जिस पर गुम इंसान कायम किया गया । अनीता चौधरी के घर का ताला तोडकर कमरे के अंदर देखने पर कमरे में रखे लोहे के बक्से के पास फर्श पर खून फैला था एवं बक्से में से हल्की बदबू आना पाये जाने पर अपराध के घटित होने की आशंका पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुए एफएसएल टीम को बुलाकर बक्से का ताला तुडवाकर देखा तो उसमें से अनीता चौधरी का शव बरामद हुआ ।सिर पर चोट थी एवं खून निकला हुआ था। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा अनीता चौधरी की हत्या कर उसका शव उसके ही घर में रखे लोहे के बक्से में छिपा दिये जाने पर थाना कोतवाली में अज्ञात व्यक्ति के विरूध्द अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में टीम गठित करते हुए अज्ञात आरोपी को चिन्हित कर उसकी शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। पुलिस के द्वारा मृतिका के घर के आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर मृतिका के घर आने जाने वाले लोगों एवं करीबी रिस्तेदारों की जानकारी एकत्र की गई तो किशन चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी तिघरा थाना सभापुर का मृतिका की बहिन का पुत्र होने से घटना दिनांक को मृतिका के घर आना पाया गया। संदेही किशन चौधरी को अभिरक्षा में लेकर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर गहन पूंछताछ की गई तो उसने बताया कि मृतिका उसकी मौसी लगती है।




### सिर पर रॉड से हमला कर किया बेहोश

28 अगस्त की रात वह अपनी मौसी अनीता चौधरी के घर अपराध करने की नियत गया था तथा रात मे मौसी को सोता देख घर में पड़ी लोहे की रॉड से मृतिका के सिर पर वार कर उसे बेहोश कर उसके साथ गलत काम किया तथा मृतिका के कमरे रखे बक्से से सोने चांदी के जेवरात व एक हजार नगद चोरी करना इसके पश्चात मृतिका का गला दबाकर उसकी हत्या करना व को कमरे मे रखे बक्से के अंदर डालकर ऊपर से कपड़े से ढककर पेटी का ताला बंद करना बताया। इसके बाद घर का बाहर से ताला लगाकर अपने घर तिघरा सभापुर चले जाना जहां घर के पीछे चोरी किये हुए जेवरात छिपाकर रखना एवं मोबाईल फॉर्मेट करना बताया।

### चोरी किये गए घने बरामद

आरोपी के मेमोरेंडम के आधार पर सोने चांदी के जेवरात जिनकी कीमत 55 हजार रुपये के जप्त किये गए। हत्याकांड के आरोपी किशन चौधरी पिता दिनेश चौधरी उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम तिघरा बिरसिंह्पुर थाना सभापुर जिला सतना को पुलिस ने गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता पाई है।

# 63 लीटर अवैध शराब के साथ ऑटो जब्त



### अवैध शराब के विरुद्ध थाना अमरपाटन पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**जागरण, सतना।** ऑटो से शराब का अवैध परिवहन करते अमरपाटन पुलिस ने ऑटो सहित 63 लीटर अवैध शराब जब्त करने में सफलता पाई है ।यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश एसडीओपी ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में अमरपाटन टीआई विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा की गई है।

3 सितम्बर को अमरपाटन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति हरे पीले रंग की आटो मे अवैध शराब परिवहन कर सुआ मोड तरफ लेकर जा रहा है। पुलिस द्वारा सुआ मोड पहुचकर घेराबंदी कर ऑटो चालक अंकित खटिक उम्र 30 साल निवासी बजरहा टोला जिला सतना को अभिरक्षा में लेकर आटो की तलासी ली गयी। ऑटो में कुल 07 पेटी अवैध शराब पायी गयी। आरोपी से उक्त शराब बिक्री करने के संबंध मे कागजात मांगे जाने पर कागजात नही होना बताया। 7 पेटी शराब में 2 पेटी सफेद प्लेन शराब 4 पेटी देशी मसाला शराब एवं 1 पेटी गोवा व्हीस्की कुल 63 लीटर अवैध शराब कीमती 35 हजार रूपये की एवं घटना में प्रयुक्त आटो क्रमांक एमपी 19 जेड एल 6055 कीमती 3 लाख रूपये का जप्त किया जाकर आरोपी अंकित खटिक पिता छेदी लाल खटिक उम्र 30 साल निवासी बजरहा टोला थाना सिटी कोतवाली जिला सतना के विरुद्ध धारा 34 – 2 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# आगामी त्योहारों को लेकर कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक




**जागरण, सतना।** जिले की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप गणेशोत्सव, मिलाद-उन-नबी नवरात्रि दशहरा दीपावली और आने वाले त्योहारों को शांतिपूर्ण भाईचारे की भावना और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलजुल कर मनाया जाएगा। इस आशय की अपील बुधवार को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी मैहर रानी बाटड की अध्यक्षता में संपन्न शांति समिति की बैठक में की गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल सीएसपी महेन्द्र सिंह सीएमओ नगर पालिका मैहर सुषमा मिश्रा थाना प्रभारी अनिमेष द्विवेदी सहित अन्य सदस्य और अधिकारी गण उपस्थित रहे। शांति समिति की बैठक में 5 सितंबर को ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस और 6 सितंबर को गणेश विसर्जन की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। बैठक में सभी त्यौहार आपसी समन्वय, भाईचारे की भावना और शांति, सौहार्द के वातावरण में मनाए जाने के संबंध में सहमति जताई गई। जिले के नागरिकों से इन निर्दिष्ट स्थलों पर ही प्रतिमा विसर्जन करने की अपील की गई है। अन्य स्थलों पर विसर्जन नहीं किया जाये। समिति ने आग्रह किया है कि यथा समय मूर्तियों का विसर्जन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक पूर्ण कर लिया जाये ।कलेक्टर ने कहा कि विर्सजन स्थलों पर भी सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात किया जाए। मूर्ति विसर्जन मैहर के लिए 4 स्थल सुनिश्चित किए गए हैं। इनमें बिहारी बाग टमस नदी सोनवारी देवीजी बंधा तथा घुसडू नदी। सभी चारों घाटों पर कुण्ड बनाया जाये व विसर्जन से पूर्व मूर्तियों के आभूषण आदि निकाल लें। इसके अलावा अन्य स्थान जैसे गरबधा तालाब बाबा तालाब कटिया तालाब एवं अन्य तालाबों में विसर्जन प्रतिबंधित रहेगा। इसके लिए वहां व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये और विसर्जन हेतु आने वाले आयोजक समिति के पदाधिकारियों से आग्रह करने हेतु निर्देश दिए गए। विसर्जन स्थलों पर गोताखोरों की तैनाती सुनिश्चित करने सभी विसर्जन स्थल में एक-एक एम्बुलेन्स चिकित्सक एवं स्टाफ सहित उपस्थित रहेंगे। जुलूस मार्गों एवं विसर्जन स्थलों में साफ-सफाई की सम्पूर्ण व्यवस्था की जायेगी। सभी एसडीएम एसडीओपी अपने अपने अनुभाग अंतर्गत शांति समिति की बैठक आयोजित कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। चल समारोह में किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र व धारदार हथियार लेकर चलना एवं आतिशबाजी पर पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

# 15 साल से फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल



**जागरण, सतना।** घटना को अंजाम देकर 15 साल से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को अमदरा टीआई रेनू मिश्रा ने गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाल दिया । आरोपी को न्यायालय ने जेल का रास्ता दिखवाया है। यह कार्यवाही एसपी सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर अमदरा टीआई रेनू मिश्रा द्वारा की गई है।

**ये है मामला :** आरोपी रामाधार कोल पिता फूलचन्द कोल निवासी तिघरा खुर्द थाना अमदरा जिला मैहर के विरुद्ध कई प्रकरण दर्ज थे जो 15 वर्ष पुराने प्रकरण का आरोपी था जिसका न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। उक्त वारंटी कई वर्षों से पुलिस से छिपकर बाहर रह रहा था हाल ही में आरोपी के बीच बीच में अपने गांव में आने जाने की जानकारी लगने पर पुलिस के द्वारा मुखबिरों के माध्यम से लगातार निगरानी बनाए रखते हुए आरोपी की पता तलाश की जा रही थी। आरोपी के गांव में होने की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमदरा निरीक्षक रेनू मिश्रा के नेतृत्व में उनकी टीम द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए स्थाई वारंटी को 03 सितम्बर को उसके गृह ग्राम तिघरा खुर्द से गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया। न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी करने से वारंटी को उप जेल मैहर में निरुद्ध किया गया है।

# कट्टा दिखाकर हाईवे में लूट डकैती करने वाले गिरोह के पांच आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, सतना।** कट्टा दिखाकर नेशनल हाइवे में लूट और डकैती की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाजी एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सिविल लाइन टीआई योगेंद्र सिंह परिहार द्वारा की गई है।

**ये है विवरण :** फरियादी शिवकुमार गुप्ता पिता महादेव प्रसाद गुप्ता उम्र 55 साल निवासी चंदला थाना चंदला जिला छतरपुर ने 2 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह चोकर पशु आहार लेने पिक क्रमांक यूपी 95 एटी 2431से सतना आया हुआ था सामान लेकर वापस अपने घर जा रहा था तभी रात में लोटस सिटी के पास मेरी पिक अप गाड़ी खराब हो गई थी तो गाड़ी में ही रोड के किनारे सो गया था रात्रि करीब पौने चार बजे दो मोटरसाइकिल में 6 लोग आए और मेरे साथ कट्टा दिखाकर मोबाइल व एक हजार रुपये लूट लिया। मेरे फोन पे अकाउंट से 5620 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए हैं जिस पर थाना सिविल लाइन में अपराध कायम कर विशेष टीम गठित कर सीसीटीवी फुटेज व फरियादी द्वारा बताए गए होलिए से आरोपियों की पहचान की जाकर घटना में शामिल पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# गोरेलाल व सिद्धार्थ आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव बनाए गए



**जागरण, सतना।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए गोरेलाल प्रजापति सतना को मध्यप्रदेश प्रदेश सचिव वहीं सिद्धार्थ नालंदा को प्रदेश सचिव बनाया गया है। संघर्षशील और जुझारू नेता गोरेलाल प्रजापति को सतना जिला एवं सिद्धार्थ नालंदा को मैहर जिला प्रभारी बनाया गया है। मध्यप्रदेश में आज़ाद समाज पार्टी कांशीराम पार्टी संगठन के पदाधिकारीगण सदस्य वरिष्ठ गणमान्य जनों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की है।

























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com